www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार, 30 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –181 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.





नशीली दवा से युवाओं को अंधा बना रही केंद्र सरकार : कांग्रेस — पृष्ठ 3
■ प्रयोग के लिए प्रयोग राजनीति में नुकसानदायक
■ संघ ने मध्यप्रदेश में संभाली अनेक निर्वाचन क्षेत्रों की कमान — पृष्ठ 4
■ संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने गाजा में हो रही तबाही पर चेताया
■ ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने को कहा — पृष्ठ 9
रोहित की 87 रन की पारी — पृष्ठ 10

## राजनांदगांव व कवर्धा में राहुल गांधी की चुनावी सभा

# कांग्रेस गरीबों के साथ और मोदी सरकार अमीरों के साथ

**राजनांदगांव**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा के चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे कांग्रेस के दिग्गज नेता और सांसद राहुल गांधी ने स्टेट स्कूल की सभा में छत्तीसगढ़ में हो रहे विधानसभा के चुनाव पर कांग्रेस पार्टी के चुनावी सभा को संबोधित करने राजनांदगांव पहुंचे थे भाषण के दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने 6 चुनावी वादे किए हैं। पार्टी का कहना है कि राज्य में दोबारा सरकार बनते ही सरकारी स्कूलों में केजी से लेकर पीजी तक की पढ़ाई मुफ्त कर दी जाएगी। इससे सभी वर्ग के छात्रों को फायदा मिलेगा।

कांग्रेस ने कहा कि सरकार बनते ही जातिगत जनगणना शुरू कर दी जाएगी। साथ ही तेंदूपत्ता का सालाना बोनस 4 हजार रुपए कर दिया जाएगा। दरअसल, दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को छत्तीसगढ़ पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इसके पहले बस्तर में दो बड़ी रैलियां कीं। स्टेट स्कूल मे हजारों की भीड़ को संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर बरसे उन्होंने पुरानी घोषणा पर कहा- जो हमने वादा किया, उससे आगे निकले

5 साल पहले हमने 2500 रुपए क्विंटल में धान खरीदने का वादा किया था। हमने वादा किया था कि ऐसी सरकार आएगी जो किसानों और मजदूरों की बात सुनेगी। आज हम 2500 नहीं 2640 में धान खरीद रहे हैं। जो स्टेज से बोला था उससे हम आगे निकल चुके हैं। आप बोलो भी ना हम दिल की बात सुन लेते हैं। इसे आने वाले समय में 3 हजार रुपए तक ले जाएंगे।

**केंद्र के कानून से किसानों को नुकसान, उद्योगपतियों को फायदा**

राहुल गांधी ने सभा में केंद्र की बीजेपी



सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि मनरेगा को हम लेकर आए तो बीजेपी ने इसे बेकार बताया। हमने मजदूरों का सम्मान किया, क्योंकि हम जानते हैं, जब तक गरीबों की मदद नहीं करेंगे, देश मजबूती से खड़ा नहीं हो सकता। केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों के खिलाफ कानून बनाकर उन्हें नुकसान पहुंचाया और अडाणी को लाभ पहुंचाया। मोदी सरकार के नोटबंदी, जीएसटी के फैसले से सिर्फ अडाणी को फायदा हुआ। आम आदमी को सिर्फ परेशानी और तकलीफ के सिवा कुछ नहीं मिला।

## राहुल गांधी ने किसानों के साथ काटी फसल



**रायपुर**। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी छत्तीसगढ़ दौरे के दूसरे दिन रविवार सुबह नवा रायपुर के पास कठिया गांव पहुंचे। यहां किसान पीलू राम साहू के खेत मे किसानों के साथ धान काटा और उनसे चर्चा की। धान काटने वाले किसानों ने मजदूरी बढ़ाने मांग की। वो किसानों के साथ हाथ में हंसिया लिए और सिर पर गमछा बांधे नजर आए। राहुल ने खेत में धान की कटाई भी की। जिस पर राहुल गांधी ने तुरंत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को घोषणा पत्र में मजदूरी बढ़ाने के लिए कहा। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश समेत विधान सभा अध्यक्ष चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव व गृह मंत्री त ताम्रधवज साहू मौजूद थे।

## कवर्धा में लगाई घोषणाओं की झड़ी

## भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को मिलेगा सालाना 10 हजार



**कवर्धा**। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कवर्धा व पंडरिया के कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा में जन कल्याणकारी घोषणाओं की भरमार लगा दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने पर भूमिहीन खेतीहर मजदूरों को मिलने वाली 07 हजार रूपए की राशि को बढ़ाकर 10 हजार करने, तेंदूपत्ता संग्राहकों को 04 हजार हजार रूपए सालाना बोनस, सरकारी स्कूलों, कॉलेजों में केजी से लेकर पीजी तक की शिक्षा निःशुल्क करने, जातिगत जनगणना कराने और गांवों में फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाने की घोषणा की। उन्होंने अपने पूरे भाषण में भाजपा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उद्योगपतियों मित्रों का 14 लाख करोड़ रूपए का कर्जा माफ किया है। कांग्रेस गरीबों, किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों का इतना ही कर्जा माफ करेगी। राहुल गांधी की सभा में भीड़ का यह आलम था कि सरदार पटेल मैदान में जितनी भीड़ थी उतनी ही भीड़ मैदान की बाहर मौजुद थी। राहुल गांधी की सभा से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में माहौल बन गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरूआत में

- **तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा सालाना 4000 रू बोनस**
- **गांव में लगेंगे फूड प्रोसेसिंग प्लांट, केजी से लेकर पीजी तक निःशुल्क शिक्षा**

कहा कि कांग्रेस जो कहती है वो करती है। उन्होंने विधानसभा की पिछले चुनाव में किसानों का कर्जा माफ करने, धान 2500 रूपए चिंटल में खरीदने की घोषणा की थी। कांग्रेस की सरकार ने 26 लाख किसानों का 23 हजार करोड़ रूपए का कर्जा माफ किया है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार अभी 2640 रूपए में धान की खरीदी कर रही है। आने वाले समय में धान 3000 रूपए क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। राहुल गांधी ने तेंदूपता संग्राहकों को प्रतिमानक बोरा का भुगतान 2500 की दर से बढ़ाकर 4 हजार रूपए करने का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की अगली सरकार संग्राहकों को प्रतिवर्ष 4 हजार रूपए बोनस अलग से प्रदान करेगी। कांग्रेस के राष्टीय नेता राहुल गांधी ने प्रदेश के 400 अंग्रेजी माध्यम के सरकारी स्कूल खुलने का उल्लेख करते हुए कहा कि आज किसानों, मजदूरों के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से निःशुल्क शिक्षा मिल रही है। चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो केजी कक्षा से लेकर पीजी याने स्नातकोत्तर तक की शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। अपनी घोषणाओं के क्रम में राहुल गांधी ने फुड प्रोसेसिंग प्लांट खुलने की घोषणा की। उनका कहना था कि अनाज, सब्जी, फलों एवं अन्य फसलों को सीधे प्लांट तक पहुंचाने से किसानों को उनकी फसल का उचित दाम भी मिलेगा। राहुल गांधी यही तक नहीं रूके बल्कि उन्होंने केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ में दो, तीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट स्थापित करने की घोषणा कर दी। गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उगने ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### दूधाधारी मठ के महन्त और रायपुर दक्षिण प्रत्याशी रामसुंदर दास को पितृ शोक



**रायपुर**। दूधाधारी मठ के महन्त और रायपुर दक्षिण के कांग्रेस प्रत्याशी रामसुंदर दास के पिता माधव प्रसाद त्रिवेदी का देहावसान आज 29 अक्टूबर को हो गया है, वे 86 वर्ष के थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनके निधन पर दुख जताया है। उनका अंतिम संस्कार कल 3 अक्टूबर को सुबह 9 बजे जिला सक्ति, विकासखंड मालखरौदा अंतर्गत स्थित ग्राम पिहरीद में होगा।

### मराठा आरक्षण : 11 दिन में 13 लोग कर चुके हैं खुदकुशी

**मुंबई**। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर रविवार को एक अन्य युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बीड जिले के परली तालुका के रहने वाले गंगाभीषण रामराव के रूप में हुई है। यह जिले में पिछले दो दिनो में आत्महत्या की दूसरी घटना है। वहीं, राज्य में 11 दिनों में 13 लोग आत्महत्या कर चुके हैं। इससे पहले, शनिवार को एक पंचायत सदस्य ने खुदकुशी की थी।

### खड़गे ने प्याज की बढ़ती कीमतों पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने रविवार को प्याज की बढ़ती कीमतों को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर तंज किया। खड़गे ने अपने एक्स अकाउंट पर एक कार्टून शेयर करते हुए हिंदी में लिखा, 'पिछले 9.5 सालों से बीजेपी बढ़ती महंगाई और ऊंची कीमतों के खिलाफ जनता के आक्रोश का मजाक उड़ा रही है, हर बार महंगाई के मुद्दे पर मोदी सरकार ने लोगों का मजाक उड़ाया है।' महंगाई दिखाई नहीं देती, मैं प्याज नहीं खाता, हम दूसरे देशों से बेहतर हैं।'

### मणिपुर से असम लाई गई 5 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**गुवाहाटी**। असम पुलिस ने कार्बी आंगलोंग जिले में एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए 5 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। वहीं, ड्रग तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी की गई है।

## श्रीनगर में आतंकी हमला पुलिस अफसर शहीद



**आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली हमले की जिम्मेदारी**


**श्रीनगर**, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को ईदगाह इलाके में आतंकी हमले में एक पुलिस इंस्पेक्टर शहीद हो गया। उनकी पहचान मसरूर अली वानी के रूप में हुई है। मसरूर येचिपोरा ईदगाह इलाके के रहने वाले थे। हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है। हमला उस समय हुआ, जब मसरूर वानी स्थानीय लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे। आतंकियों ने उन्हें गोली मार दी। मसरूर को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। हमले के बाद से ईदगाह इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। उधर, कुपवाड़ा जिले में सेना ने आतंकियों के घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। इस दौरान एक आतंकी को मार गिराया। फिलहाल अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है। जम्मू-कश्मीर में 13 सितंबर को आतंकियों के साथ दो मुठभेड़ों में 3 अफसर और दो जवान शहीद हो गए थे। शहीद अफसरों में सेना के एक कर्नल, एक मेजर और पुलिस के एक डीएसपी शामिल थे। आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे।

## केरल के प्रार्थना सभा में 3 धमाके, एक की मौत

### 5 मिनट में हुए धमाके, 52 घायल, त्रिशूर में एक शख्स ने सरेंडर किया

**एर्नाकुलम**, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। केरल के एर्नाकुलम में रविवार को एक कन्वेंशन सेंटर में तीन धमाके हुए। इसमें एक की मौत और 52 लोग घायल हो गए। कलामासेरी स्थित कन्वेंशन सेंटर में सुबह साढ़े 9 बजे के करीब 2 हजार लोग प्रार्थना कर रहे थे, उसी दौरान 5 मिनट के अंदर लगातार तीन धमाके हुए। राज्य के एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) अजित कुमार ने बताया कि एक शख्स ने कोडकारा पुलिस स्टेशन में सरेंडर किया है।

उसका दावा है कि उसने ही कन्वेंशन सेंटर में बम रखा था। आरोपी का नाम डोमिनिक मार्टिन है। हालांकि मार्टिन ने अभी तक यह नहीं बताया कि किस वजह से उसने ये धमाके किए। इस पूरे मामले में पुलिस की जांच जारी है। इससे पहले कन्नूर पुलिस ने भी एक व्यक्ति को उसके बैग में संदिग्ध सामान मिलने के बाद हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि वह झारखंड का रहने वाला है। वह मंगलुरु से एरिकोड जा रहा था।



**घायलों में 6 की हालत गंभीर**

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि 52 लोगों को शहर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें 18 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। एक 6 साल के बच्चे समेत 6 लोगों की हालत गंभीर है। शुरुआती जांच के मुताबिक, आईईडी टिफिन बॉक्स में लगा कर कन्वेंशन सेंटर के अंदर रखी गई थी। जांच के लिए 8 स्पेशल टीम बनाई गई है।

## भाजपा ने घोषित किए विदिशा व गुना से प्रत्याशी

**भोपाल**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन सोमवार के पहले आज, भारतीय जनता पार्टी ने विदिशा और गुना विधानसभा सीट के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी। भाजपा ने विदिशा से मुकेश टंडन और गुना (अजा) से पन्नालाल शाक्य को उम्मीदवार बनाया गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी पार्टी ने श्री टंडन को ही मैदान में उतारा था, लेकिन वे कांग्रेस के शशांक भार्गव से चुनाव हार गए थे। श्री टंडन का इस बार भी मुकाबला श्री भार्गव से ही होगा। कांग्रेस उनके नाम की पहले ही घोषणा कर चुकी है। वहीं गुना सीट से पार्टी ने पूर्व विधायक पन्नालाल शाक्य पर दांव खेला है। गुना से वर्तमान में भाजपा के गोपीलाल जाटव विधायक हैं। उनके स्थान पर इस बार श्री शाक्य पर भरोसा जताया गया है। श्री शाक्य का मुकाबला कांग्रेस के पंकज कनेरिया से होगा।

## भारत की विश्व कप में लगातार छठी जीत

### 20 साल बाद इंग्लैंड को हराया, किया 129 पर ऑलआउट, 100 रन से मिली जीत

**लखनऊ**, 29 अक्टूबर (एजेंसी)। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भारत ने लगातार छठी जीत हासिल की है। टीम ने इंग्लैंड को 100 रन से हराया। टीम इंडिया ने 20 साल बाद वर्ल्ड कप में इंग्लैंड को हराया है। टीम ने डरबन के मैदान पर आखिरी बार 2003 में 82 रनों से जीत हासिल की थी। लखनऊ के एकाना स्टेडियम में टॉस हारकर टीम इंडिया ने बल्लेबाजी की और 50 ओवर में 9 विकेट पर 229 रन बनाए। 230 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 34.5 ओवर में 129 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।



भारतीय गेंदबाजी के सामने इंग्लिश बल्लेबाज लड़खड़ाते नजर आए. मोहम्मद शमी ने 4 और जसप्रित बुमरा ने 3 विकेट लिए. जबकि कुलदीप यादव और रवींद्र जड़ेजा की स्पिन जोड़ी ने 3 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। इंग्लैंड का स्कोर 4 ओवर में 26/0 से 10 ओवर में 40 रन पर 4 विकेट हो गया. शमी और बुमराह दोनों ने 2-2 विकेट लिए. बेयरस्टो ने 14 रन और मलान ने 16 रन बनाए, जबकि रूट और स्टोक्स खाता भी नहीं खोल सके।

**रोहित शर्मा ने पूरे किये 18 हजार रन-**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 हजार रन पूरे कर लिए हैं। रोहित ने यह उपलब्धि 457वीं पारी में हासिल की है। वह भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 क्लब में शामिल हो गए हैं। इस क्लब में सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली के नाम हैं।

### इजराइल-हमास संघर्ष

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुलाई आपातकालीन बैठक

**गजा**, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने परिषद में अरब प्रतिनिधि संयुक्त अरब अमीरात के अनुरोध पर सोमवार दोपहर को एक आपातकालीन बैठक बुलाई है. एपी के अनुसार यह बैठक सोमवार दोपहर को गाजा पर इजरायल के जमीनी हमले को लेकर है।

**अस्पताल के आसपास की बमबारी**

इजरायल ने गाजा पर हवाई हमले और टैंक गोले तेज कर दिए. अलजजीरा के मुताबिक वहां के अस्पताल के आसपास तेज बमबारी हो रही थी। अस्पताल पर सीधा हमला नहीं हुआ, लेकिन उसके आसपास के इलाकों को निशाना बनाया गया।

**वेस्ट बैंक से 23 संदिग्ध गिरफ्तार**

इजरायली सेना ने कहा कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक से रात भर में कम से कम 23 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें चार हमास लड़ाके भी शामिल हैं। अलजजीरा के मुताबिक युद्ध शुरू होने के बाद से कब्जे वाले वेस्ट बैंक में 700 हमास लड़ाकों सहित 1,030 से अधिक फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया गया था।

**गजा में मरने वालों की संख्या 7,950 हुई**-इजरायली हमले में गाजा पट्टी में मरने वालों की संख्या बढ़कर 7,960 हो गई है। रामल्ला में फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को हमास-नियंत्रित क्षेत्र के स्रोतों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर यह जानकारी दी।

### जल संकट — यूनेस्को की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

## भारत में जमीन के अंदर कम हो रहा पानी

- खतरनाक संकट की ओर बढ़ रहे हैं हालात
- 225 तक बहुत ज्यादा बढ़ सकती है समस्या

**नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत गंगा, जमुना जैसी पवित्र नदियों का देश कहा जाता है। यहां पानी की समृद्धता इसे और सुंदर बनाती है। लेकिन इसी सुंदर और समृद्ध देश को गांवों और शहरों में पानी की बर्बादी किसी ओर दिशा में खींच रही है।**

*संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को की एक रिपोर्ट की मानें तो साल 2025 तक भारत में पानी की समस्या बहुत ज्यादा बढ़ सकती है। ऐसे में इस बढ़ती समस्या को लेकर आशंका जताई गई है कि जल संरक्षण की कमी, प्रदूषण, अतिक्रमण, शहरीकरण और ग्लेशियर पिघलने के कारण आने वाले समय में गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी हिमालयी नदियों का प्रवाह कम हो जाएगा। यूनेस्को की द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार साल 2016 में धरती पर 9.33 करोड़ लोग पानी की कमी से परेशान थे, जिसके बाद कई देशों में जल संकट की भारी कमी देखी गई।*

***एशिया का 80 फीसदी क्षेत्र में पानी की कमी***

*रिपोर्ट में ये भी दावा है कि एशिया का 80 प्रतिशत क्षेत्र पानी की कमी से जूझ रहा है। जिसमें पूर्वोत्तर चीन, भारत और पाकिस्तान पर ये संकट काफी ज्यादा है। समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (सीडब्ल्यूएमआई) की रिपोर्ट के अनुसार, इस समय भारत के प्रमुख 21 शहरों में लगभग 10 करोड़ लोग पानी की भीषण परेशानी का सामना कर रहे हैं।*

*देश में साल 1994 में पानी की उपलब्धता प्रति व्यक्ति 6 हजार घन मीटर थी जो साल 2025 तक घटकर 1600 घन मीटर रह जाने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा देश की बढ़ती आबादी भी जल संकट का एक बड़ा कारण माना जा रहा है।*

***जल संरक्षण है सबसे बड़ी चुनौती***

*फिलहाल सबसे बड़ी चुनौती जल संरक्षण है। यदि जल को संरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले सालों में लोगों को पीने का पानी तक उपलब्ध करवाना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। ऐसे में फिलहाल ये जरूरी है कि सरकार के पास वो सभी डेटा हो जो जल सरंक्षण के लिए जरूरी है, जो फिलहाल एक बड़ी समस्या है।*

# पेंच रिपेयरिंग नहीं रीटायरिंग की जरूरत है गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले को संभाग मुख्यालय बिलासपुर से जोड़ने वाली खस्ता हाल सड़क को

- देशबंधु के 1 अक्टूबर को खबर प्रकाशित करने के बाद जारी है पेंच रिपेयरिंग
- घटौली,कारीआम,बंजारी घाट, केंदा,सोढ़ा तक की खस्ताहाल सड़क के गर्दो - गुबार से है लोग परेशान


जिले को संभाग से जोड़ने वाली सड़क का खस्ताहाल

- घटौली, कारीआम, केंदा, सोंढा तक गड्ढे ही गड्ढे
- लोक निर्माण संभाग पेंड्रा अंतर्गत की सड़क है जर्जर

गौरेला पेंड्रा मरवाही 9 अक्टूबर (देशबन्धु)। आखिरकार छत्तीसगढ़ में चुनाव का बिगुल बज चुका है और अगले 7 और 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। इधर गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले को संभाग मुख्यालय बिलासपुर से जोड़ने वाली सड़क बिल्कुल जर्जर हो चुकी है। हम तो मुसाफिर हैं कोई सफल हो हम तो गुजर ही जाएंगे मगर नेताजी आप लोग बिलासपुर से जर्जर सड़क पर होते हुए गौरेला पेंड्रा मरवाही कैसे आओगे!! दरअसल बीते गर्मी के समय से ही गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले को संभाग मुख्यालय से जोड़ने वाली पेंड्रा बसंतपुर घाटोली कारीआम केंदा होकर रतनपुर बिलासपुर जाने वाला सड़क मार्ग बुरी तरह जर्जर हो चुका है जिससे गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के लोगों को संभाग मुख्यालय बिलासपुर जाने में भयंकर तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। आदिवासी अंचल गौरेला पेंड्रा मरवाही सहित मनेंद्रगढ़, कोरिया, पसान कालरी क्षेत्र के जन सामान्य के लिए महत्वपूर्ण इस सड़क के जर्जर खस्ताहाल होने के कारण आवागमन की दिक्कतें काफी बढ़ गई है। हाई कोर्ट बिलासपुर, सिम्स, अपोलो, एसईसीएल मुख्यालय ,होने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापार का बड़ा केंद्र होने कारण हजारों की संख्या में लोग रोजाना सड़क मार्ग से बिलासपुर आना-जाना करते हैं परंतु सड़क मार्ग में इतनी तकलीफें हैं कि लोग लोक निर्माण विभाग संभाग पेंड्रा को रास्ते भर कोसते हुए जाते हैं।कोसे भी तो क्यों ना? दरअसल ज्यादातर सड़क मार्ग लोक निर्माण विभाग संभाग पेंड्रा अंतर्गत की जर्जर है जबकि बिलासपुर लोक निर्माण संभाग की सड़क अभी कुछ ठीक हालत में है जबकि लोक निर्माण संभाग पेंड्रा अंतर्गत घटौली, कारी आम, केंदा, सोढ़ा ,तक की सड़क पूरी तरह गड्ढों में बदल गई है। बरसात भर इन गड्ढों में पानी भरने के कारण आने जाने वाले वाहनों में बैठे यात्रियों को भयंकर तकलीफों का सामना करना पड़ता है। खास बात यह है कि यही वह सड़क है जो कारीआम के पास से बेलपत्र जोगीसार केंवची होकर तीर्थस्थली अमरकंटक को जोड़ती है। इस वर्ष दो श्रावण मास होने के कारण अमरकंटक तीर्थ पर रायपुर बिलासपुर से आने वाले यात्रियों का ...

**पेंड्रा से रतनपुर तक किसी भी पुलिया में रेलिंग नहीं**

पेंड्रा से घटौली,कारी आम केंदा होकर रतनपुर जाने वाले सड़क मार्ग में दर्जन भर से ज्यादा पुल पड़ते हैं परंतु जावस नदी में बने पुल को छोड़कर किसी भी पल पर रेलिंग नहीं है जिससे वाहनों की क्रॉसिंग के समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है तथा कई बार दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं। इसे आप लोक निर्माण विभाग की लापरवाही नहीं कहेंगे तो और क्या की चौड़ी सड़क को जोड़ने के लिए सकरें पुल से काम चलाया जा रहा है। दो अलग-अलग दिशा से आने वाले वहां चौड़ी सड़क पर से जब अचानक सकते पुल पर क्रॉसिंग करते हैं तब वाहन चालकों की क्या स्थिति होती है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। लोक निर्माण विभाग संभाग को इन पुलियों पर तत्काल रेलिंग लगाना चाहिए।

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। संभाग मुख्यालय बिलासपुर को जोड़ने वाले गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले से जोड़ने वाले बसंतपुर कारी आम केंदा ,सोढ़ा तक की जर्जर सड़क को रिपेयरिंग नहीं रीटायरिंग की जरूरत है। अगले महीने होने वाले चुनाव को देखते हुए लोक निर्माण संभाग पेंड्रा जर्जर खस्ता सड़क की रिपेयरिंग करने में जुटा हुआ है परंतु सड़क इतनी खस्ता हाल है कि रिपेयरिंग काम नहीं आ रही है। खस्ता हाल जर्जर सड़क से उड़ने वाले गर्दोगुबार से लोग परेशान हैं।

गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले सहित सरगुजा अंचल को हाई कोर्ट एवं एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर सहित संभाग मुख्यालय से जोड़ने वाली पेंड्रा बसंतपुर घाटोली कारीआम केंदा सोंढ़ा होकर रतनपुर बिलासपुर जाने वाला सड़क मार्ग के बुरी तरह जर्जर होने संबंधी खबर को देशबंधु ने 10 अक्टूबर को प्रकाशित कर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया था। इसके बाद जर्जर सड़क को विधानसभा चुनाव को देखते हुए लोक निर्माण संभाग पेंड्रा द्वारा पेंच रिपेयरिंग कराई जा रही है। गर्मी के समय से ही खराब हो चुकी यह सड़क बरसात में पूरी तरह खस्ता हाल हो चुकी है जिससे गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के लोगों को संभाग मुख्यालय बिलासपुर जाने में भयंकर तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। आदिवासी अंचल गौरेला पेंड्रा मरवाही सहित मनेंद्रगढ़, कोरिया, पसान कालरी क्षेत्र के जन सामान्य के लिए महत्वपूर्ण इस सड़क के जर्जर खस्ताहाल होने के कारण आवागमन की दिक्कतें काफी बढ़ गई है। हाई कोर्ट बिलासपुर, सिम्स, अपोलो, एसईसीएल मुख्यालय ,होने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापार का बड़ा केंद्र होने कारण हजारों की संख्या में लोग रोजाना सड़क मार्ग से बिलासपुर आना-जाना करते हैं परंतु सड़क इतनी खराब है कि लोग शासन प्रशासन पर उंगलियां उठाते हैं। सड़के किसी भी क्षेत्र के विकास का आईना होती है खासकर यह सड़क मरवाही विधानसभा एवं कोटा विधानसभा क्षेत्र की एप्रोच सड़क है ?। चुनाव प्रचार अभियान शुरू होने के कारण रायपुर एवं जशपुर तक के लोग इस समय गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में चुनाव प्रचार एवं प्रशासनिक कामकाज से आ रहे हैं परंतु खराब सड़के विकास की पोल खोल रही है। पेंड्रा से बिलासपुर को जोड़ने वाली इस सड़क का ज्यादातर जर्जर हिस्सा लोक निर्माण विभाग संभाग पेंड्रा में आता है जो काफी खराब है और उसे पर रिटायरिंग करने की जरूरत है परंतु विभाग फिलहाल उसे पर पेंच रिपेयरिंग करके चुनाव निकालना चाहता है परंतु इस पेच रिपेयरिंग से आवागमन की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही है। लोक निर्माण संभाग पेंड्रा अंतर्गत घटौली, कारी आम, बंजारी घाट, केंदा, सोढ़ा ,तक की सड़क में बड़े-बड़े पेंच रिपेयरिंग किए जाने के बावजूद सड़क जर्जर ही बनी हुई है। देशबंधु द्वारा 10 अक्टूबर को खबर प्रकाशित किए जाने के बाद रास्ते भर जितने भी पुल है उनके गधों को भर गया है वही सतनाला जैसे नदी पर बन सकरे पुल पर ना तो कोई रेलिंग है और ना ही पुल के सकरे होने का संकेतक लगाया गया है । इस मार्ग पर बड़े-बड़े ट्रेलर एवं हाईवे एवं ट्रक चलाते हैं जिस पुल पर दो वाहनों की क्रॉसिंग पर ऐसा लगता है कि दुर्घटना हो जाएगी तथा दुर्घटनाएं हो भी रही है।

पेंड्रा से घटौली,कारी आम केंदा होकर रतनपुर जाने वाले सड़क मार्ग में दर्जन भर से ज्यादा पुल पड़ते हैं परंतु कारी आम के पहले के कुछ छोटे फूलों सहित जावस नदी में बने पुल को छोड़कर किसी भी पल पर रेलिंग नहीं है जिससे वाहनों की क्रॉसिंग के समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है तथा कई बार दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं। जिन फूलों पर रेलिंग नहीं है वे लोक निर्माण विभाग संभाग बिलासपुर अंतर्गत के हैं। इसे आप लोक निर्माण विभाग की लापरवाही नहीं कहेंगे तो और क्या की चौड़ी सड़क को जोड़ने के लिए सकरें पुल से काम चलाया जा रहा है जबकि यह सड़क कोटा इस विधानसभा एवं कोटा ब्लॉक तथा मरवाही विधानसभा सहित गौरेला पेंड्रा मरवाही को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है जिस पर 24 घंटे आवागमन चलता रहता है तथा यातायात का भयंकर दबाव रहता है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर में किया पथ संचलन



**तखतपुर** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी पर्व के अवसर में नगर में पथ संचलन कर कदमताल किया। नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए भारत माता की जय घोष के साथ जगह-जगह पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया तखतपुर के मानस मंच परिसर से पथ संचलन दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुआ जो बजरंग नगर पुराना थाना संगम नगर होते हुए मुख्य मार्ग से महाराणा प्रताप चौक होते हुए सांस्कृतिक भवन पहुंचा।

मानस मंच प्रांगण में संघ के ध्वजारोहण पश्चात संघ के प्रमुख सामाजिक समरसता प्रांत प्रमुख गणपति रॉयल ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया उन्होंने बताया की दशहरे के विजय उत्सव से लेकर नवरात्री के शक्तिपूजन के माध्यम से मन बल को मजबूत करते है। विजयदशमी पर्व के दिन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का गठन हुआ। हमें भारत देश की रक्षा एवं सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए।

पथ संचलन के दौरान स्वयं सेवकों एवं अनेक धार्मिक संगठनों एवं सामाजिक संगठनों ने स्वयंसेवकों का जगह जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत एवं अभिनंदन किया इसी क्रम में पुराना बस स्टैंड में महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा ने स्वागत किया वहीं संगम नगर में मुकेश ताम्रकार के नेतृत्व में स्वागत किया गया महाराणा प्रताप चौक में कोमल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में स्वयंसेवकों का पथ संचलन का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का संयोजन तखतपुर खंड संघ चालक गलीराम प्रजापति ने किया तथा आभार प्रदर्शन नगर कार्यवाह विवेक पांडे ने किया।

# छाल क्षेत्र में सक्रिय चार बदमाश गुंडा सूची में

## एसएसपी सदानंद कुमार ने किया जारी आदेश



**रायगढ़** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के मतदान में एक माह से भी कम वक्त बाकी है। ऐसे में एसएसपी सदानंद कुमार ने निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध रकमध्वस्तुओं के परिवहन की सघन जांच एवं अवैध मादक पदार्थों की ब्रिकी, जुआ-सट्टा पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही क्षेत्र के गुंडा बदमाशों की गतिविधियों पर निगाह रखकर बदमाशों को प्रतिबंधित करने थाना प्रभारियों द्वारा एसएसपी को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

इसी क्रम में थाना प्रभारी छाल निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा थाना क्षेत्र के 4 सक्रिय बदमाशों की फाईल एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल से अग्रेषित कराकर बदमाशों को गुण्डा सूची में लाने फाईल एसपी कार्यालय भेजा गया था जिनकी समीक्षा कर एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा 4 बदमाशों को गुण्डा सूची में लाये जाने का आदेश आज जारी किया गया है। ये बदमाश थाना छाल के ग्राम चन्द्रशेखरपुर ऐडू, बरभौना और सारसमाल के हैं। बदमाशों पर छाल पुलिस द्वारा समय समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। बावजूद इसके बदमाशों के क्रिया कलापों में कोई खास सुधार नहीं देखा गया, ऐसे में बदमाशों की नियमित जांच चेकिंग की आवश्यकता पर एसएसपी रायगढ़ ने बदमाशों के नाम गुण्डा सूची में लाया गया है। थाना प्रभारी छाल को निर्देशित किया गया है कि यदि आगे भी बदमाश अपराधिक गतिविधियों में शामिल हो तो उनके खिलाफ नियमानुसार जिला बदर की कार्रवाई प्रक्रिया में लायी जावे।

# करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं रखेंगी व्रत


**तखतपुर** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। करवा चौथ का पर्व एक नवम्बर को सुहागिन महिलाएं मनाऐंगी और इसके लिए बाजार में समान उपलब्ध है। महिलाएं उसके लिए बाजार पहुंचकर समान खरीद रहे है अखण्ड सुहाग की कामना को लेकर महिलाएं करवा चौथ का व्रत रखेंगी और अखण्ड सुहाग की कामना करेंगे। यह व्रत महिलाएं एक नवम्बर को रखेंगी और दिनभर निर्जला रहकर रात को पति की पूजा कर व्रत खोलेंगी व्रत और पूजा के लिए बाजार में कलश करवा सहित अन्य समान लेकर कुम्हार बाजार में है और आज दिनभर महिलाएं करवा चौथ की पूजा का समान खरीदती रही। इस दिन करवा में अपनी सुविधा अनुसार अन्न, अन्य समाग्री रखकर विधि विधान सहित पूजा करेंगे और रात्रि में चंद्रमा को अर्घ देकर पति के हाथों जल और प्रसाद लेकर व्रत खोलेंगी।



# अबकी बार प्याज 100 के पार!

## क्या आने वाले विधानसभा चुनाव में बढ़ते हुए प्याज की कीमत बनेगा मुद्दा

## शहर व जिले में प्याज की कीमतें बनी चर्चा का विषय



**रायगढ़** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्याज की कीमतों में भारी उछाल आया है। दिवाली से पहले प्याज के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। प्याज की बढ़ी हुई कीमतों के कारण अब शहर व जिले में इस बात की चर्चा होनें लगी है कि क्या जनता को रूलाने वाला प्याज इस बार के विधानसभा के चुनाव में मुद्दा बन सकता है। पिछले हफ्ते 35 से 40 रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत पर बिक रहा प्याज अब 60 से 80 रुपये तक पहुंच गया है। नवरात्रि से ही प्याज के दाम बढ़ रहे हैं। त्योहारी सीजन से पहले टमाटर के राहत देने के बाद अब प्याज की कीमतें भी लगातार बढ़ रही हैं। पिछले 20 दिनों में प्याज के रेट में लगातार इजाफा हुआ है। यह आम आदमी की जेब पर भारी पड़ रहा है। प्याज के बढ़ते दामों को देखते हुए अब इस बार के विधानसभा चुनाव में भी इसका प्रभाव पड़ने की जन चर्चा होनें लगी है। प्याज की बढ़ती हुई कीमतों पर स्थानीय संजय मार्केट के सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि बढ़ती कीमतों के पीछे कारण है कि बाजार में प्याज की कमी है। अगले महीने नवंबर-दिसंबर तक बाजार में नया माल आ जाएगा। इस बीच प्याज की कीमतें 100 रुपये प्रति किलो तक पहुंचने के आसार जताए जा रहे हैं। सरकार की कोशिशों के बाद भी प्याज के भाव कम नहीं हो रहे हैं।

जिसके चलते एकतरफ जहां आम जनता की जेबें ढीली हो रही है वहीं आसन्न विघानसभा चुनाव को देखते हुए बढ़ी हुई प्याज की कीमतें विधानसभा चुनाव में जन चर्चा का विषय बनने लगी है। गौरतलब रहे कि प्याज की बढ़ती कीमतों ने एक समय में देशवासियों को इस कदर रूलाया था कि इसी प्याज के चलते केन्द्र की सरकार बदल चुकी है।

# सार-संक्षेप

## गरीमा देवपुजारी को मिली पीएचडी



तखतपुर 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। डॉ.सी.वी रमन विश्वविद्यालय कोटा बिलासपुर द्वारा गरिमा देव पुजारी को राजनीति विज्ञान विषय में उनके शोध प्रबंध भारतीय राजनीति में नरेंद्र मोदी की भूमिका एक विश्लेषणात्मक अध्ययन पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। गरिमा ने अपना शोध कार्य डॉक्टर संध्या जायसवाल प्रोफेसर राजनीति विज्ञान विभाग के निर्देशन में पूर्ण किया।गरिमा वर्तमान में अतिथि व्याख्याता राजनीति विज्ञान विभाग में शासकीय महाविद्यालय कोटा में पदस्थ है । मंगेश देव पुजारी की पत्नी, डॉक्टर एस के यादव प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय अमोरा एवं डॉ माया यादव सहायक प्राध्यापक शासकीय जेपी वर्मा पीजी महाविद्यालय बिलासपुर की सुपुत्री है।

## जुआ खेलते दो पकड़ाए

**तखतपुर** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। जुआ खेलने वाले जुआरीयों के पास से पुलिस ने ताश की पत्ती एवं नगदी रकम जप्त कर जुआ एक्ट 3, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि राधा कृष्ण मंदिर पाठकपारा तखतपुर के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे है सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर करन ध्रुर्वे पिता तीज राम, अर्जून सोनी उर्फ रवि सोनी पिता हरि सोनी के पास से ताश की पत्ती और 2020 रूपए नगद जप्त करते हुए इनके खिलाफ जुआ एक्ट 3, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## दो पक्षों में जमकर मारपीट

तखतपुर 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। मिट्टी डालने की बात लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने एक दूसरे की रिपोर्ट पर धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भीमपुरी निवासी अवध राम साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 28 अक्टूबर की सुबह 9 बजे वह अपनी खेत देखने के लिए गया हुआ था। जहां पर वह अपने खेत को मिट्टी से बांध रहा था तभी आरोपी शिव कुमार आया और मेरे खेत में मिट्टी क्यों डाल रहे हो कहकर मारपीट करने लगा। वहीं प्रार्थी शिव कुमार गोंड ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि आरोपी अवध राम साहू उसके खेत में मिट्टी डाल रहा था और जब मना किया तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। पुलिस ने दोनों की रिपोर्ट पर धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## निधन

### रूखमणी कौशिक



ढनढन निवासी रूखमणी कौशिक 50 वर्ष रविवार 29 अक्टूबर को निधन हो गया। वे श्याम मूरत कौशिक की पत्नि एवं राममूरत कौशिक की भाई बहू थी। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम ढनढन में किया गया।

# स्मार्ट सिटी के तहत निर्माणाधीन स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

- मल्टीपरपज मिनी स्टेडियम और पिंक स्टेडियम के कार्यों को देखा
- स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर होगी मजबूत,नवंबर तक प्रोजेक्ट पूरा करें



**बिलासपुर**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत तैयार किए जा रहे स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया।

बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा मल्टीपरपज स्कूल मैदान में मिनी स्टेडियम और स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाया जा रहा है, इसी तरह बिलासा गर्ल्स कॉलेज परिसर में महिलाओं के लिए विशेष तौर पर पिंक स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। निर्माणाधीन इन दोनों प्रोजेक्ट का कलेक्टर ने निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने 30 नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए, मल्टीपरपज मिनी स्टेडियम और स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आर्ट एक्टिविटी के लिए भी स्थान सुरक्षित रखने को कहा और पिंक स्टेडियम में एक अतिरिक्त टेनिस कोर्ट बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा स्मार्ट सिटी द्वारा तैयार किए जा रहे सभी स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट काफी अहम है। इससे स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को काफी मजबूती मिलेगी।

30 नवंबर तक सभी कार्य तीव्र गति से करते हुए प्रोजेक्ट को पूरा करें। आज निरीक्षण में बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एमडी कुणाल दुदावत और स्मार्ट सिटी के अधिकारी उपस्थित रहें।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को ...**

वाली सब्जियां, फल व अनाज को अमेरिका, जपान व दुबई जैसे देशों में भेजा जा सकेगा। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टीएस सिहदेव, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत के साथ किसानों के खेत में गए तथा खेती का कार्य किया। इस दौरान भूमिहीन खेतिहर मजदूरों से बात हुई तो उन लोगों ने उन्हें मिलने वाली सालाना राशि 7 हजार से बढ़ाने की मांग की। उनकी इस मांग पर हमने 5 मिनट के अंदर यह फैसला ले लिया कि इससे बढ़ाकर 10 हजार किया जाए।

**बड़े उद्योगपतियों के मित्र हैं पीएम मोदी**

किसी भी सरकार कार्य को बताते हुए राहुल गांधी का कहना था कि कांग्रेस सरकार किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों के हित के लिए कार्य करती है। ये लोग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते है। किसानों का कर्जा माफ किया जाए, मजदूरों को आर्थिक सहायता दी जाए तो उनका पैसा समानो की खरीदी के माध्यम से छोटे व्यापारियों तक पहुंता है। जहां कांग्रेस सरकार इस तरह की अच्छी सोंच के साथ कार्य करती है, तो दूसरी ओर भाजपा है जो अरबों की संपत्ति वाले उद्योगपतियों के हितों के लिए कार्य करती है। नरेन्द्र मोदी ने नोटबंदी, जीएसटी लगाकर गरीबों, किसानों, मजदूरों व छोटे व्यापारियों से टैक्स वसूला और इस टैक्स की राशि से ही अडानी और दूसरे उद्योगपतियों के लाख करोड़ के कर्जा को माफ कर दिया। नरेन्द्र मोदी ने किसान विरोधी अध्यादेश अपॅने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचाने लाया था। नरेन्द्र मोदी ने विदेशों में जमा काला धन लाकर प्रत्येक व्यक्ति के खाते में 15-15 लाख रूपए जमा करने का झूठा वादा किया था।

**जातिगत जनगणना का विरोध करते है पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी अन्य पिछड़ा वर्ग के हितों के लिए काम करने का दावा करते है। वहीं दूसरी ओर वे जातिगत जनगणना का विरोध करते है। देश में ओबीसी की आबादी 50 प्रतिशत है। लेकिन केन्द्र सरकार में कुल 90 सचिवों में से मात्र 03 सचिव ही ओबीसी वर्ग से आते है। केन्द्रीय सचिव ही देश का बजट में यह तय करते है कि किस योजनाओं व विभागों के लिए कितना बजट रहेगा। मोदी सरकार देश के अनुसुचित जाति व आदिवासी वर्ग की भी कोई फिक्र नहीं करती है।


**भाजपा जीती तो छत्तीसगढ़ की संपत्ति बिकेगी**

राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर नफरत की राजनीति के जरिए अशांति फैलाकर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि हमने नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली है। उन्होंने चुनाव में कांग्रेस को जीताने की अपील की। उनका कहना था कि चुनाव में कमल का बटन दबेगा तो छत्तीसगढ़ की खदाने, प्लांट, एयरपोर्ट व अन्य संपत्ति अड़ानी के पास चली जाएगी। किसानों को उनकी फसल का दाम नहीं मिलेगा। कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीबों, किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों के हित में कार्य शुरू होगा।

# जिले में केवल हरित पटाखों का विक्रय व उपयोग सुनिश्चित करने कलेक्टर ने जारी किया परिपत्र

## दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व तथा नया वर्ष-क्रिसमस के अवसर पर पटाखे फोड़ने 2 घंटे की अवधि निर्धारित

**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व तथा नया वर्ष-क्रिसमस के अवसर पर केवल हरित पटाखों का विकय एवं उपयोग सुनिश्चित करने कलेक्टर ने परिपत्र जारी किया है। इन पर्वों में अलग-अलग समय में पटाखों को फोड़ने की अवधि 2 घंटे निर्धारित किया गया है। कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया ने छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सभी तहसीलदारों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को परिपत्र जारी कर माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। परिपत्र में कहा गया है कि जिले में केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित किया जाए। फटाखे फोड़ने के लिए दीपावली में रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा में प्रातः 6 बजे से प्रातः 8 बजे तक, गुरु पर्व में रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक और नया वर्ष-क्रिसमस में रात्रि 11.55 बजे से रात्रि 12.30 बजे तक समय निर्धारित किया गया है।




परिपत्र में कहा गया है कि कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाईसेंस्ड ट्रेडर्स द्वारा की जा सकेगी। केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिये बाजार में बेचा जा सकेगा, जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है।पटाखों के ऐसे निर्माताओं का लाईसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिये गये है, जिनके द्वारा पटाखों में लिथीयम, आर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है। ऑनलाईन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाईटों जैसे फिलपकार्ट, अमेजॉन आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगा।

**न्यायालय तहसीलदार बलौदा**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला-जांजगीर-चांपा तहसील-बलौदा प.ह.नं.00011 नवापारा 89 ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- MD-202324540908900002

**ईश्तहार**

तहसील बलौदा के प.ह.नं.00011 के अंतर्गत ग्राम नवापारा 89 के वर्तमान भूमिस्वामी गुलाबचंद, रुपचंद, मानिकचंद, सुभाषचंद पिता- घासीराम पता- सा देह, मालती, सेवती पिता/पति- घासीराम पता-सा देह, सोनकुवर पिता/पति बेवा घासीराम पता- सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 77 (0.1290), 86/6 (0.0240), 490/1 (0.0320), 109/1/ग (0.2140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रूपचंद, मानिकचंद, सुभाषचंद, मालती, सेवती पिता/ पति- घासीराम पता- बलौदा, प्रवीण कुमार, कल्पना, कविता, कामिनी, शांतिलता पिता- गुलाबचंद पता- बलौदा के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/11/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बलौदा पर की जावेगा। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/10/2023 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार KARUNA AHER
तहसील बलौदा

# देश

**उवाच**

प्याज के बढ़ते दाम जनता को खून के आंसू रूला रहा है। पहले 200 पार टमाटर और अब 80 से 90 किलो प्याज से आम जनता बेहाल है। भाजपा जनता के जख्मों में नमक लगाने का काम करती है।

-डॉ.रागिनी नायक, कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33° | 22° |
| मुंबई | 32° | 27° |
| कोलकाता | 28° | 22° |
| चेन्नई | 3° | 28° |

# नशीली दवा से युवाओं को अंधा बना रही केंद्र सरकार : कांग्रेस

**मुंबई,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश के युवाओं को अंधा बनाने के लिए नशीली दवाओं का इस्तेमाल एक उपकरण के रूप में कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के कई बंदरगाहों पर ड्रग्स पकड़े जा रहे हैं, लेकिन युवाओं और देश के लिए गंभीर सवाल उन बड़ी खेपों के बारे में है, जिनकी सप्लाई धड़ल्ले से हो रही है और इनकी पहचान भी नहीं हो रही है। मुंबई कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कन्हैया कुमार ने आरोप लगाया कि युवाओं को अंधा करने के कई साधन हैं। उनमें से एक है नशा। युवाओं

- ड्रग्स मामले में केंद्र सरकार पर बोला हमला
- धारावी पुनर्विकास पर भी सवाल खड़े किए

को नशे की लत में फंसाया जा रहा है। उन्हें पागलपन की स्थिति में धकेला जा रहा है, ताकि उन्हें पता न चले कि उनके और उनके समुदाय के साथ-साथ अतीत, भविष्य और पूरे देश क्या किया जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने कन्हैया को पार्टी की छात्र शाखा-नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) का प्रभारी नियुक्त किया है। पदभार संभालने के बाद पहली बार मुंबई पहुंचे



**युवाओं को नशे की लत में फंसाया जा रहा है : कन्हैया कुमार**

कन्हैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास नारे की भी आलोचना की। उन्होंने सवाल किया कि हजारों लोगों की अनदेखी क्यों की जा रही है? कन्हैया ने पूछा कि धारावी के पुनर्विकास की प्रक्रिया में लोगों को उनके अधिकारों से दूर रखा जा रहा है ।

**नौ साल के कार्यकाल में 18 करोड़ नौकरियां क्यों नहीं**

कन्हैया ने कहा कि प्रधानमंत्री ऐसे समय में छात्रों के लिए एक विशेष ऐप लॉन्च कर रहे हैं जब बेरोजगारी का मुद्दा गंभीर है। उन्होंने कहा, ऐसी घोषणाएं करने के बजाय, उन्हें हर साल दो करोड़ नौकरियों के अपने पुराने वादे को पूरा करने की जरूरत है। उनके 9 साल के कार्यकाल में, 18 करोड़ नौकरियां कहां हैं। भारत के कुल बजट का 10 प्रतिशत भी शिक्षा पर खर्च नहीं किया जाता है। कन्हैया ने दावा किया यह स्पष्ट है कि सरकार शिक्षा का निजीकरण करना चाहती है। महंगी होती जा रही पढ़ाई का जिक्र करते हुए कन्हैया ने कहा कि आम लोग पढ़ाई का खर्च वहन नहीं कर सकते। लोग अपना पूरा जीवन बच्चों की स्कूल फीस, यूनिफॉर्म, पाठ्यपुस्तकों और अन्य चीजों के लिए कमाने में बिता देते हैं। बेरोजगारी के कारण छात्र बहुत तनाव में हैं। उन्होंने दावा किया कि आज देश में औसतन हर घंटे आत्महत्या होती है। महाराष्ट्र की राजनीति पर कन्हैया कुमार ने दावा किया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार नागरिकों को हल्के में ले रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग सब कुछ समझते हैं। जनता सत्तारूढ़ भाजपा-एनसीपी और शिवसेना की सरकार को उसकी असली जगह जरूर दिखाएगी।

### मन की नहीं, जन की बात करने पर ध्यान दें प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला करते हुए पूर्व छात्र नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि अगर पीएम ने जो वादे किए थे उनमें से पांच प्रतिशत भी पूरे कर दिए जाते तो भी देश की जनता काफी बेहतर स्थिति में होती, लेकिन हालात ऐसे हैं कि अच्छे दिन दूरबीन के साथ भी देखने को नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्हें अब मन की बात के बजाय जन की बात (लोगों की मांगें और इच्छाएं) करनी चाहिए।



# श्रीलंका ने 37 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**रामनाथपुरम/तमिलनाडु,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। श्रीलंकाई नौसेना ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) का उल्लंघन करने और गैरकानूनी तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 37 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया तथा पांच मछली पकड़ने वाले नावों को जब्त कर लिया। श्रीलंकाई नौसेना ने शनिवार और रविवार को दो अलग-अलग घटनाओं में इन भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है।

तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने रविवार सुबह यहां कहा कि गिरफ्तार मछुआरे रामनाथपुरम जिले के थंगाचिमादम और रामेश्वरम के रहने वाले हैं। इस बीच, श्रीलंकाई नौसेना ने दावा किया कि उसने शनिवार की शाम और रविवार की सुबह श्रीलंकाई जलक्षेत्र से भारतीय शिकार करने वाले ट्रॉलरों को खदेड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया था। पकड़े गए मछुआरों और अवैध शिकार करने वाले ट्रॉलरों को तलाईमन्नार पियर और कंकासंथुरई हार्बर ले जाया गया और उन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मत्स्य अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा।

गौरतलब है कि इससे पहले 14 अक्टूबर को लंकाई नौसेना ने इसी तरह के आरोप में थंगाचीमादम से 27 मछुआरों को गिरफ्तार किया था और पांच नौकाओं को जब्त कर लिया था। सूत्रों के अनुसार श्रीलंकाई नौसेना ने इस साल अब तक 174 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और 27 भारतीय शिकार करने वाले नावों को जब्त किए हैं। गिरफ्तार मछुआरों की तत्काल रिहाई की मांग करते हुए, रामेश्वरम के मछुआरे हड़ताल पर चले गए।

# गुजरात में करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले दो दिन गुजरात की यात्रा पर रहेंगे जहां वह अंबाजी के मंदिर के दर्शन करने के बाद करीब 5800 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी 30 अक्टूबर को सुबह करीब साढ़े दस बजे वह अंबाजी मंदिर में पूजा और दर्शन करेंगे। वह इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे वह मेहसाणा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मंगलवार 31 अक्टूबर को सुबह करीब आठ बजे वह केवडिया जाएंगे जहां वह स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे जिसके बाद राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह होगा। वह कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। इसके बाद करीब सवा 11 बजे वह आरंभ 5.0 में 98वें कॉमन फाउंडेशन

- अंबाजी मंदिर में करेंगे पूजा और दर्शन



कोर्स के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री लगभग 5800 करोड़ रुपए की रेल, सड़क, पेयजल और सिंचाई जैसे कई क्षेत्रों में परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पित और शिलान्यास करेंगे। पश्चिमी समर्पित मालवहन गलियारे (डब्ल्यूडीएफसी) का न्यू भांडू-न्यू साणंद (एन) खंड का लोकार्पण शामिल है। विरमगाम-सामाखियाली रेल लाइन का दोहरीकरण, कटोसन रोड-बेचराजी-मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल साइडिंग) रेल परियोजना भी शामिल हैं।

### राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा

मोदी 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देंगे। वह राष्ट्रीय एकता दिवस परेड देखेंगे जिसमें बीएसएफ और विभिन्न राज्य पुलिस की मार्चिंग टुकड़ियां शामिल होंगी। विशेष आकर्षणों में सभी महिला सीआरपीएफ बाइकर्स द्वारा डेयरडेविल शो, बीएसएफ का महिला पाइप बैंड, गुजरात महिला पुलिस द्वारा कोरियोग्राफ किया गया कार्यक्रम, विशेष एनसीसी शो, स्कूल बैंड प्रदर्शन, भारतीय वायु सेना द्वारा फ्लाई पास्ट, जीवंत गांवों की आर्थिक व्यवहार्यता का प्रदर्शन शामिल हैं।

## सार संक्षेप

### डेंगू की चपेट में आए उपमुख्यमंत्री अजीत पवार



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को डेंगू हो गया है और चिकित्सकों ने उन्हें अगले कुछ दिनों तक आराम करने की सलाह दी है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने रविवार को यह जानकारी दी। पिछले कुछ दिनों से कुछ राजनीतिक और आधिकारिक कार्यक्रमों में पवार के नजर नहीं आने के बाद तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉम 'एक्स' पर बताया कि पवार को डेंगू हो गया है।

### सुपौल में दुर्गा मंदिर से लाखों की संपत्ति की चोरी

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के सदर थाना क्षेत्र में दुर्गा मंदिर से अपराधियों ने पांच लाख रूपए मूल्य की संपत्ति चुरा ली। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि शनिवार की देर रात चोर सुखपुर गांव स्थित दुर्गामंदिर के द्वार का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद चोरो ने मंदिर से सोने चांदी के आभूषण एवं नगदी सहित करीब पांच लाख रुपए मूल्य की सम्पत्ति चुरा ली। सूत्रों ने बताया कि इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने सुपौल- नवहट्टा सड़क मार्ग को जाम कर दिया। इस मामले जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर कर जाम को समाप्त करवाया। मामले की छानबीन की जा रही है।

### मणिपुर से असम लाई गई पांच करोड़ की ड्रग्स जब्त

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने कार्बी आंगलोंग जिले में एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए 5 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। वहीं ड्रग तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस के मुताबिक ड्रग्स की खेप मणिपुर से आ रही थी। सुरक्षाकर्मियों ने एक सूचना मिलने के बाद शनिवार रात जिले के लाहौरिजन चौकी क्षेत्र के पास एक कार को रोका। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सैकिया ने कहा कि वाहन की गहन तलाशी के बाद हमने भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद किया और एक तस्कर को गिरफ्तार किया, जो मणिपुर का है।

### उप्र के बलिया में सड़क दुर्घटना में चार की मौत

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के गढ़वार थाना क्षेत्र में रविवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से टेंपो सवार चार लोगों की मौत हो गई तो वहीं आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक शंकरन आनंद बताया कि जिले के जिले के गढ़वार थाना क्षेत्र के चिलकहर चट्टी पर रविवार की भोर बलिया से मऊ की तरफ जा रहे टेंपो की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई, जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## मप्र में अधिकारियों को धमकी देने पर बरसे कमलनाथ

# निष्पक्ष चुनाव के लिए बड़ी बाधा बन रहा भाजपा का शीर्ष नेतृत्व

**भोपाल,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए बहुत बड़ी बाधा बनता जा रहा है और अधिकारियों को धमकी देना न केवल आचार संहिता का उल्लंघन है, बल्कि आपराधिक कृत्य भी है। कमलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व मध्य प्रदेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए बहुत बड़ी बाधा बनता जा रहा है। अधिकारियों को धमकी देना कि अगर उन्होंने भाजपा के चुनाव चिन्ह 'कमल' का ध्यान नहीं रखा तो उसे छोड़ना मत, न सिर्फ आचार संहिता का खुला उल्लंघन है, बल्कि आपराधिक कृत्य है। चुनाव प्रक्रिया के बीच में अधिकारियों को डराना और धमकाना लोकतंत्र की हत्या करने के बराबर है। उन्होंने राज्य के अधिकारी-कर्मचारियों का



**अधिकारियों को धमकी देना न केवल आचार संहिता का उल्लंघन बल्कि आपराधिक कृत्य : कमलनाथ**

आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है, उन्हें सिर्फ वही कार्य करना चाहिए जो संवैधानिक दृष्टि से उचित है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी और अधिकारी शासन के हैं, ना कि किसी दल विशेष के। अधिकारी कर्मचारी भी पहचानेंगे कि कौन सा राजनीतिक दल लोकतंत्र को मजबूत कर रहा है और कौन सा राजनीतिक दल लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों को कमजोर कर रहा है। कमलनाथ ने कतिपय मीडिया में प्रकाशित एक खबर के संदर्भ में ये पोस्ट की। खबर के अनुसार कल देर रात भारतीय जनता पार्टी की भोपाल और नर्मदापुरम संभाग की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अधिकारियों के संदर्भ में कथित तौर पर चेतावनी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया। इस खबर को लेकर आज कांग्रेस के नेता भाजपा पर हमलावर हो रहे हैं।

### चुनाव आयोग को शिकायत करेंगी कांग्रेस

पूर्व सीएम ने कहा कि यह बहुत बड़ा प्रकरण है कि इस देश का गृहमंत्री नियमों और कानूनों का उल्लंघन कर रहे हैं। आचार संहिता के समय वह सरकारी अधिकारी और कर्मचारी को धमका रहा है। यदि थोड़ी बहुत भी निष्पक्षता चुनाव आयोग में बची है तो तत्काल उनको नोटिस देकर दंडित करना चाहिए। और उनको प्रचार करने से रोकना चाहिए। कांग्रेस पार्टी इस बात को गंभीरता से लेते हुए चुनाव आयोग को शिकायत करेगी।

**लोकतंत्र बचाना है तो मप्र सरकार हटानी ही होगी**

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला बोलते हुए आज कहा कि लोकतंत्र को अगर बचाना है, तो इस सरकार को हटाना ही होगा। सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कतिपय मीडिया में आज छपीं गृह मंत्री अमित शाह से जुड़ी एक खबर को पोस्ट किया।

इस पोस्ट के साथ उन्होंने शाह के संदर्भ में कहा, असल में यह सत्ता का अहंकार है कि शाह अफसरों को धमका रहे हैं और शिवराज सरकारी पैसों को बांटकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। जनता के वोट से चुनी गई सरकार (यहां तो खरीदी गई) को चुनाव में जाने से पहले इस तेवर के लिए माफ नहीं करना चाहिए। लोकतंत्र बचाना है तो उन्हें हटाना ही पड़ेगा। कांग्रेस लाओ देश बचाओ। सिंह ने जिस खबर का संदर्भ दिया, उसके अनुसार कल देर रात भारतीय जनता पार्टी की भोपाल और नर्मदापुरम संभाग की बैठक में शाह ने अधिकारियों के संदर्भ में कथित तौर पर चेतावनी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया।

इस खबर को लेकर आज कांग्रेस के नेता भाजपा पर हमलावर हो रहे हैं। वहीं अपनी एक और एक्स पोस्ट में श्री सिंह ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि भाजपा की गुटबाजी इन दिनों चरम पर है जिसे ढांकने के लिए वे प्रायोजित रूप से कांग्रेस नेताओं में खासकर उनके और श्री कमलनाथ के बीच की अनबन की झूठी खबरें फैलाते हैं।

# थरूर ने की केरल में विस्फोट की निंदा

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं केरल के तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य शशि करूर ने केरल में एक धार्मिक स्थल पर रविवार को हुए बम विस्फोट की कड़ी निंदा की। थरूर ने घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि केरल में एक नियमित धार्मिक सभा में बम से हमले की खबर से स्तब्ध और क्षुब्ध हूं। मैं इस घटना की घोर निंदा करता हूं और त्वरित पुलिस कार्रवाई की मांग करता हूं। अपने राज्य को हत्या और विनाश की मानसिकता का शिकार होते देखना दुखद है। उन्होंने कहा कि मैं सभी धर्मों के नेताओं से इस तरह की बर्बरता की निंदा करने और अनुयायियों को ऐसी घटनाओं के विरुद्ध एकजुट होने की सीख देने का उनसे आग्रह करता हूं। हिंसा से और ज्यादा हिंसा भड़कने के अलावा कुछ और हासिल नहीं होता है। गौरतलब है केरल के एर्नाकुलम में आज कई धमाके हुए जिनमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और 40 लोग घायल हुए हैं। धमाका ईसाई कन्वेंशन सेंटर में हुआ है। पूरे देश में अलर्ट



# तेलंगाना के हितों की रक्षा के लिए हुआ बीआरएस का जन्म : केसीआर



- कोडाड में आयोजित आशीर्वाद सभा को किया संबोधित

**कोडाड,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने रविवार को कोडाड में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना में बीआरएस सरकार के शासन काल में पिछले दस साल से एक बार भी कर्फ्यू नहीं लगा। कोई सूखा नहीं पड़ा, शानदार फसलें उग रही हैं। 24 घंटे बिजली आ रही है। क्या अन्य राज्यों में बिजली 24 घंटे आती है या सिर्फ तीन घंटे बिजली आती है। यह आप सभी को सोचना होगा। कर्ण के लिए जो कवच कुंडल हैं, वही तेलंगाना के लिए बीआरएस पार्टी है। बीआरएएस का जन्म तेलंगाना राज्य की उपलब्धि और हितों की रक्षा के लिए हुआ है। हम तेलंगाना के लोगों के अधिकारों की हर कदम पर रक्षा करेंगे। आपके आशीर्वाद से ही बीआरएस जीतेगा। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य कर्नाटक में हम किसानों को पांच घंटे बिजली दे रहे हैं।

### केसीआर ने पार्टी के समर्थन में मांगे वोट

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि माल्या यादव बीसी नेता हैं, कई वर्षों से कोडाड में बीसी को मौका नहीं मिला है। शिक्षित होने के कारण उन्हें दूसरा मौका दिया गया। अब 30 नवंबर को आप अपना असर दिखाएं और माल्या यादव को भारी बहुमत से जिताएं। कुछ ताकतवर लोग माल्या यादव को हराने की साजिश कर रहे हैं क्या साजिशों से जीत होगी। क्या माल्या यादव जीतेंगे, आपको ये सोचना चाहिए और यह जागरूकता 30 नवंबर तक जारी रहनी चाहिए। प्रत्येक मतदाता की गणना करें और माल्या यादव को जिताएं। चूंकि यह शहर मछलीपट्टनम के पास है, हम कोडाड क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ में एक सूखा बंदरगाह स्थापित करेंगे।

# ओडिशा मेट्रो रेल परियोजना चार साल में होगी पूरी

**भुवनेश्वर,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओडिशा में भुवनेश्वर और कटक को जोड़ने वाली मेट्रो रेल परियोजना की नींव आगामी एक जनवरी को रखी जाएगी और यह चार साल में पूरी हो जाएगी। 5टी के अध्यक्ष वीके पांडियन ने अधिकारियों से परियोजना को चार साल की निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने निर्देश किया है। उन्होंने कहा कि त्रिसुलिया भुवनेश्वर और कटक की सेवा के लिए एक प्रमुख परिवहन केंद्र के रूप में उभरेगा। मेट्रो रेल परियोजना का पहला चरण भुवनेश्वर हवाई अड्डे को कटक में त्रिसुलिया स्क्वायर से जोड़ेगा। मेट्रो रेल परियोजना की घोषणा मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने एक अप्रैल, 2023 को उत्कल दिवस पर की थी और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को पहले ही ओडिशा सरकार द्वारा मंजूरी दे दी गई है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के माध्यम से भुवनेश्वर, खोरधा, पुरी और कटक शहरों के अन्य क्षेत्रों में मेट्रो रेल सेवा का विस्तार करने वाला एक मास्टर प्लान विकसित किया जा रहा है।

# हम जाति आधारित जनगणना रिपोर्ट हासिल करेंगे : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने रविवार को कहा कि कांग्रेस सरकार जाति आधारित जनगणना रिपोर्ट हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पूरे देश में जाति आधारित जनगणना कराने वाली पहली सरकार थी। मैंने प्रत्येक जाति की सामाजिक और आर्थिक स्थिति जानने के उद्देश्य से जाति आधारित जनगणना कराई थी। सीएम ने कहा कि सरकारों ने जनगणना आधारित रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जयप्रकाश हेगड़े जाति आधारित जनगणना पर रिपोर्ट पेश करेंगे। हम इसे प्राप्त करेंगे। इससे पहले, कालिदास स्वास्थ्य और शिक्षा ट्रस्ट तथा अहिल्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सिद्दारमैया ने कहा कि प्रतिभा जाति और धर्म तक ही सीमित नहीं है। सीएम ने कहा कि यदि सभी को शिक्षा का अवसर और लाभ



**मुख्यमंत्री ने की सभी को शिक्षित होने की अपील**

दिया जाए तो प्रतिभा निश्चित रूप से सामने आएगी। इसलिए, आत्म-सम्मान के साथ एक अच्छे नागरिक के रूप में जीने के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने यह भी अपील की कि सभी को शिक्षित होना चाहिए।

हमें उस समाज के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी जिसने हमारी मदद की है। कड़ी मेहनत और लक्ष्य के बिना कोई भी कुछ हासिल नहीं कर सकता। सिद्दारमैया ने कहा कि अंग्रेजों के आने से पहले शूद्र समुदायों के लिए शिक्षा वर्जित थी। उच्च जाति की लड़कियों को पहले शिक्षा नहीं दी जाती थी।

अंबेडकर ने शूद्र समुदाय और लड़कियों को शिक्षा का अधिकार दिया।

**निर्णय** *कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के नेतृत्व ने लिया फैसला*

# इंडिया गठबंधन के हित में मतभेद खत्म करने पर हुए सहमत

**लखनऊ, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेतृत्व ने आखिरकार फैसला किया है कि राज्य स्तर पर गलतफहमी का असर उन दोनों पार्टियों के राष्ट्रीय एजेंडे पर नहीं पड़ना चाहिए जो इंडिया गठबंधन के बैनर तले एकजुट हैं। सूत्रों के मुताबिक, दोनों पार्टियों ने जारी मतभेदों को खत्म करने के फैसले का आह्वान किया है।**

साथ ही अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से एक-दूसरे के खिलाफ बयान जारी नहीं करने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव इस संबंध में कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के संपर्क में हैं। चूंकि मध्य प्रदेश में नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है, इसलिए यह बहुत कम संभावना है कि सपा नेतृत्व अब कोई बदलाव के संकेत दिखाते हुए कोई कदम उठाएगा। सपा और कांग्रेस के बीच मतभेद तब सामने आए जब सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने उनकी पार्टी के नेताओं को धोखा दिया, जबकि उन्होंने यह वादा किया था कि वे सपा उम्मीदवारों के लिए छह सीटें छोड़ेंगे। इस आरोप के बाद कमलनाथ और अजय राय सहित सपा नेताओं और राज्य नेताओं के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया। जैसे-जैसे कड़वाहट बढ़ती गई, सपा प्रमुख ने यह कहते हुए मतभेदों को कम करना शुरू कर दिया कि उन्हें कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से एक संदेश मिला है। सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश और कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व दोनों का मानना है कि राज्य नेतृत्व के साथ मतभेदों को केंद्रीय स्तर पर आगे नहीं बढ़ाया जाना चाहिए।

- एक-दूसरे के खिलाफ बयान जारी नहीं करने के दिए निर्देश
- टिकट बंटवारे के समय सामने आए थे मतभेद

दोनों पक्षों में आपसी मतभेद भुलाकर आगे बढ़ने पर सहमति बनी है। इस संबंध में अगला कदम कुछ समय बाद उठाया जाएगा क्योंकि सपा और कांग्रेस दोनों ही यह नहीं देखना चाहते कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन बनाने की कोशिश में सेंध लगाई है। पर्यवेक्षकों का मानना है कि चूंकि इंडिया गठबंधन अभी भी शुरुआती चरण में है, इसलिए कोई भी पार्टी इसके गठन में बाधा के रूप में नहीं दिखना चाहेगी क्योंकि हर विपक्षी दल 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को हराने के एक साझा लक्ष्य में एकजुट है। वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के मेरठ पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में सपा और महान दल के गठबंधन पर कहा मैं अभी मध्य प्रदेश से ही आ रहा हूं। सपा का कोई वहां कोई जनाधार नहीं है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा की लड़ाई है। उन्होंने दावा किया कि मध्य प्रदेश ही नहीं पांच राज्यों के चुनाव भी कांग्रेस जीतेगी।

देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार 30 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## 70 घंटे काम की निष्ठुर सलाह

प्रसिद्ध आईटी कम्पनी इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति भारत के सफलतम व्यवसायियों में से एक है जिन्हें ऐसा स्वप्नदृष्टा और महत्वाकांक्षी कारोबारी कहा जाता है जिन्होंने देश का नाम ऊंचा किया है। उनकी और इन्फोसिस की कामयाबी की कथाएं आधुनिक प्रबन्धन के पाठों के रूप में दर्ज हैं। वैसे तो उन्हें एक उदार मालिक के रूप में समझा जाता था लेकिन उन्होंने यह कहकर अपना और समस्त भारतीय उद्योग जगत का क्रूर व शोषक चेहरा सामने ला दिया है, जिसमें वे कहते हैं कि चीन से मुकाबला करने के लिये हर युवा को सप्ताह में 70 घंटे काम अवश्य करना चाहिये। यह परामर्श उन्होंने इंफोसिस के ही एक पूर्व सीएफओ मोहनदास पई से एक यूट्यूब शो पर बातचीत के दौरान दिया। कई कारोबारियों ने इसका समर्थन किया है। बड़ी संख्या में ऐसे भी उद्यमी व प्रबन्धन सलाहकार हैं जिन्होंने इसे अमानवीय करार देते हुए इसका विरोध किया है।

नारायण मूर्ति की यह सलाह इसलिये हैरान कर देने वाली है क्योंकि वह आधुनिक कार्य संस्कृति के विरूद्ध है। उनकी सलाह ऐसे समय में आई है जबकि विश्व भर में कर्मचारियों पर से काम का बोझ घटाने तथा उन्हें अपने व परिवारजनों के साथ समय बिताने के लिये अधिक प्रेरित किया जा रहा है। अधिकतम काम लेना मध्ययुगीन सोच है। पहले जब श्रम कानून नहीं बने थे और कामगारों के अधिकारों की सोच विकसित नहीं हुई थी, अधिकतम उत्पादन लेने के लिये उनसे कसकर काम लिया जाता था। वे लगभग गुलामी के हालात थे। जैसे-जैसे प्रबन्धन अधिक वैज्ञानिक एवं मानवीय होता गया और नई शोधें सामने आईं, यह पाया गया कि संतुष्ट कर्मचारी अधिक उत्पादन करता है। तभी से लोगों के काम के घंटे घटाये जाने लगे, उन्हें कार्य स्थल से बाहर सुविधाएं दी जाने लगीं। आज आदर्श कार्य पद्धति (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रेक्टिसेस- एसओपी) कर्मचारियों को निचोड़ने में नहीं वरन उन्हें बेहतर वातावरण प्रदान करने में भरोसा करती है। तीसरी दुनिया के ज्यादातर और तानाशाही शासन प्रणाली वाले देशों को छोड़ दिया जाये तो लोगों से दुनिया में कहीं भी इतना काम लेने की परम्परा नहीं है और न ही नियम हैं। डेनमार्क, आस्ट्रिया, नार्वे, फिनलैंड जैसे देशों में अधिकतम 31 घंटे काम लिया जाता है और वे सबसे अधिक उत्पादकता वाले देश हैं। वहां सप्ताह में 5 दिन ही काम करने का रिवाज है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा तथा यूरोपीय देशों में भी अधिकतम 41 घंटों का चलन है। इन देशों में भी उत्पादकता की दर बहुत ऊंची है।

इसके विपरीत भारत समेत तृतीय विश्व कहलाने वाले एशियाई, अफ्रीकी, लातिन अमेरिकी के ज्यादातर देशों के औद्योगिक एवं कारोबारी प्रतिष्ठान कर्मचारियों से निष्ठुरतापूर्वक काम लेते हैं। उनके वेतनमान विकसित देशों की तुलना में बहुत कम हैं। अन्य सुविधाएं भी न्यूनतम हैं। संगठित क्षेत्र में तो फिर भी उन्हें ठीक-ठाक तनख्वाह एवं अन्य सुविधाएं मिलती हैं लेकिन असंगठित क्षेत्र में कार्यरत मानव संसाधन का एक तरह से कोई माई-बाप ही नहीं है। फिर, ठेका कम्पनियों में और भी बुरा हाल होता है। गिनती के उद्योग-धंधों में श्रमिकों के कल्याण पर ध्यान दिया जाता है। उन्हें बहुत कम वेतन में और कानूनी रूप से तयशुदा काम के घंटों से अधिक समयावधि तक काम करना होता है।

नारायण मूर्ति की सलाह एक ऐसे व्यक्ति के विचार हैं जो खुद के तथा अपने वर्ग के लोगों के लिये लाभ के नये तरीके ढूंढ़ रहा है। वह भी कम खर्च में। उनकी सलाह अगर मान ली जाये तो साप्ताहिक अवकाश को छोड़कर छह दिन हर कर्मचारी-मजदूर को करीब 12 (11.66) घंटे काम करना होगा। भारत के निजी क्षेत्र में अमूमन 6 दिन का ही कार्य-सप्ताह होता है। कहीं-कहीं ही 5 दिन का है। सम्भवतः नारायण मूर्ति को यह गलतफहमी है कि भारत के हर व्यक्ति के पास उनकी तरह नौकर-चाकरों की फौज है। ज्यादातर बड़े शहरों में, खासकर जहां बड़े आईटी हब हैं, काम की जगह तक आने-जाने के लिये औसतन तीन-चार घंटे लग जाते हैं। ये केन्द्र बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, गुड़गांव आदि शहरों में हैं जहां अधिकतर कर्मचारी 25-50 किलोमीटर की यात्रा कर काम के स्थान पर पहुंचता है और उन्हें घरों को लौटने में उतना ही समय लगता है। कोई भी सहज ही यह हिसाब लगा सकता है कि 11-12 घंटे काम करने के लिये कर्मचारियों को कितने बजे सुबह घर से निकलना होगा और वे कितने बजे काम खत्म कर अपने घरों को पहुंचेंगे। क्या इसके बाद उनके पास अपने परिवारजनों के लिये कोई समय बच पायेगा? इंसान के पास उसके सैकड़ों तरह के निजी काम होते हैं। अगर उनके घरों में निजी कामों को निपटाने के लिये और कोई नहीं है तो वे ये काम कैसे कर सकेंगे? मां-बाप की देखरेख से लेकर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई सम्बन्धी काम भी उनकी जिम्मेदारियों के हिस्से हैं।

फिर, नारायण मूर्ति ने इस सलाह को राष्ट्रवाद से जोड़ने की कोशिश की है। उन्होंने 70 घंटे काम करना चीन से मुकाबला करने के लिये ज़रूरी बताया है। लोगों को उकसाकर उनसे अधिक काम लेने का प्रयास उद्योगों एवं व्यवसायों के लिये कम पैसों में अधिक काम के घंटे निर्मित करना है। भला देश की आम जनता को चीन से स्पर्धा किसलिये करनी है? इससे उसे क्या लाभ होगा, यह समझ से परे है। दरअसल नारायण मूर्ति भारत के क्रूर नियोक्ताओं के प्रतिनिधि की भाषा बोल रहे हैं जिनका जनकल्याण से कोई वास्ता नहीं है। अमेरिका में व्यवसाय जगत अपने लाभ का करीब 9 फीसदी लोककल्याण (सीएसआर) के लिये खर्च करता है, जबकि भारत में यह केवल 4 प्रतिशत है। नारायण मूर्ति उन्हीं के नुमाईंदे हैं।

# प्रयोग के लिए प्रयोग राजनीति में नुकसानदायक

हिन्दी बेल्ट जहां की जीत हार ही 2004 के लोकसभा चुनाव का माहौल बनाएगी वहां सबसे पहले छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर को मतदान होगा। पहले चरण का। वहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मतदान के ठीक पहले एक बड़ा जायज सवाल उठाया है। नोटा को खत्म करने का।

बहुत सही मांग है। हालांकि ठीक मतदान से पहले इसे उठाने से इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकती। यह सरकार में रहते हुए, केन्द्र सरकार में खत्म करने का काम है। मगर विडंबना यह है कि इसे लाया ही यूपीए सरकार के द्वारा था। और यह भी मजेदार है कि सबसे पहले इसे लागू भी छत्तीसगढ़ में किया गया था। 2009 में।

दरअसल भारत के अधिकांश चुनाव सुधार अति आदर्शात्मक और अव्यवहारिक सोच के शिकार रहे। सबसे पहले शेषन ने बिना यह सोचे कि भारत में लोकतंत्र गरीबों का है वाल राइटिंग (दीवारों पर लिखने) झंडे बैनर, नारों, जुलूसों पर प्रतिबंध लगाने, नियंत्रित करने का काम किया। जाहिर है कि वह उस समय की सरकार, जो नरसिम्हा राव की थी, के बिना अनुमोदन के नहीं हुए। उनके अच्छे पक्ष भी हैं। मगर गरीबों के चुनाव लड़ने के जो मुख्य साधन होते थे दीवारों पर खुद रात-रात भर लिखना। छोटे-छोटे झंडे बैनर लगा देना वह सब बंद हो गया।

चुनावों का वह सबसे खूबसूरत पहलू था। आज भाजपा के पास बहुत पैसा साधन हैं। मगर पहले उसके उम्मीदवार भी प्रचार के परंपरागत साधनों दीवारों पर लिखने झंडा बैनर लगाने पर निर्भर थे। ऐसे ही लेफ्ट पार्टियां। उनके पास और कम साधन हुआ करते थे। मगर शहर गांव की दीवारें रंगते हुए वे लड़ते और जीतते भी थे। आज भी पुराने मोहल्लों में दूरदराज के गांवों के खंडहरों की दीवारों पर पुराने नारे, चुनाव चिन्ह और प्रत्याशियों के नाम लिखे दिख जाएंगे।

आज तो चुनाव मीडिया लड़ाता है। और वह केवल एक पार्टी के साथ है। बाकी दलों और प्रत्याशियों के पास क्या है? कैसे प्रचार करें वे अपना?

चुनाव सुधार के नाम पर दूसरा बड़ा काम ईवीएम लाना हुआ। यह 2004 से पूरी तरह शुरु हुआ। इसका भी अब कांग्रेस खुल कर विरोध कर रही है। मगर लाने वाली वही थी। दुनिया के विकसित देशों में इस पर प्रतिबंध लगा हुआ है। अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी जैसे प्रमुख देशों में। भारत के अलावा मशीन पर मतदान केवल 2 -4 छोटे देशों में ही हो रहा है।

बिना सोचे समझे इस तरह के प्रयोग भाजपा नहीं करती है। वह इलेक्टोरल बांड लाती है। जिसका फायदा उसे ही होता है। जबकि कांग्रेस के लाए नोटा, ईवीएम, आरटीआई, अपने अग्रिम संगठनों यूथ कांग्रेस एनएसयूआई में आन्तरिक चुनाव, अभी विधानसभा चुनावों के टिकट सर्वे के आधार पर देना विवादों में आ जाते हैं। और खुद उसके लिए लाभदायक नहीं होते।

पहले समाज को नए विचारों के लिए ढालने की प्रक्रिया शुरू करना पड़ती है। जनता के थोड़ा तैयार होने और अनुकूल व्यवस्था बनने के बाद लाया कोई



शकील अख्तर

> बात हो रही थी प्रयोग के लिए प्रयोग की। किताबी उसूलों की। अति आदर्शवाद से निकले तरीकों की। कांग्रेस ने इन विधानसभा चुनावों में सर्वे की प्रक्रिया शुरू की थी। हर विधानसभा क्षेत्र में तीन सर्वे करवाए गए। जाहिर है प्राइवेट कंपनियों से। तो इसमें भी वही हुआ कि जो प्रभावशाली थे वे हर बार अपना नाम ऊपर रखवाने में सफल हुए। सर्वे गोपनीय था।

जनहितकारी कानून ही उपयोगी हो पाता है। केवल किताबी सिद्धांत से लाया कानून नहीं। आरटीआई यूपीए लाई और यूपीए के खिलाफ ही इसका खूब उपयोग हुआ। कई आरटीआई एक्टिविस्ट बन गए। देश में और बाहर खूब प्रचार ले लिया। पुरस्कार और अन्य लाभ भी। मगर 2014 के बाद आरटीआई और आरटीआई एक्टिविस्ट कहां हैं? सरकार के खिलाफ तो कोई पूछ नहीं सकता। और पूछता है तो जवाब आता नहीं है। पीछे से कोई धमकी या चेतावनी जरूर आ जाती है। बड़े आन्दोलनजीवी, क्रान्तिकारी बन रहे हैं!

इसी तरह एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस का संगठन चुनाव के जरिए करवाने का राहुल गांधी का फैसला है। वे जब 2007 में कांग्रेस महासचिव बने और इन अग्रिम संगठनों का प्रभार मिला तब से उन्होंने इन दोनों संगठनों के आन्तरिक चुनाव करवाना शुरू किए। इसमें भी समस्या यह है कि जो ताकतवर पृष्ठभूमि से आए हुए लड़के या लड़कियां हैं उन्हें इसका और ज्यादा फायदा मिला। गरीब का कमजोर पृष्ठभूमि से आया लड़का या लड़की आन्तरिक चुनाव कैसे लड़ेगा? लड़ ही नहीं पाता है।

कालेज यूनिवर्सिटी में जाते ही खासतौर से एडमिशन के समय जुलाई-अगस्त में लड़के -लड़कियों की भीड़ में नेतृत्व क्षमता रखने वाले अलग ही नजर आ जाते हैं। ऐसे ही किसी भी पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में आने वाले युवाओं में से युवा नेतृत्व अलग ही दिखने लगता है। राजीव गांधी ने युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किए थे। इन्दिरा गांधी एक नजर में प्रतिभाशाली लोगों को पहचान जाती थीं। भाजपा में आडवानी बहुत पारखी थे। सबसे ज्यादा नेता उन्होंने बनाए हैं। यह अलग बात है कि आज के उनके शिष्य ने उनका ही अंगूठा मांग लिया! गुरु आडवानी को उनके प्रतिद्वन्दी वाजपेयी इतना नुकसान नहीं पहुंचा पाए जितना शिष्य ने पहुंचा दिया। 2014 में वाजपेयी स्वस्थ और प्रभावी होते तो आडवनी को राष्ट्रपति तो जरूर बनवाते। मगर मोदीजी ने उन्हें उपराष्ट्रपति भी नहीं बनाया। 2017 में आडवानी को उम्मीद थी कि उन्हें गुरु दक्षिणा के रूप में राष्ट्रपति नहीं तो उपराष्ट्रपति तो जरूर बना दिया जाएगा। मगर 2019 में उनको लोकसभा का टिकट भी नहीं दिया गया। खैर यह अलग मुद्दा है। मगर नेता बनाने में जिन लोगों का नाम सबसे ऊपर आएगा उनमें इन्दिरा गांधी और लालकृष्ण आडवानी हैं। दोनों प्रतिभाओं को पहचानने वाले, तराशने वाले और मौका देने वाले नेता निर्माता रहे। आज कोई किसी को नहीं बनाता है।

तो बात हो रही थी प्रयोग के लिए प्रयोग की। किताबी उसूलों की। अति आदर्शवाद से निकले तरीकों की। कांग्रेस ने इन विधानसभा चुनावों में सर्वे की प्रक्रिया शुरू की थी। हर विधानसभा क्षेत्र में तीन सर्वे करवाए गए। जाहिर है प्राइवेट कंपनियों से। तो इसमें भी वही हुआ कि जो प्रभावशाली थे वे हर बार अपना नाम ऊपर रखवाने में सफल हुए। सर्वे गोपनीय था। और सही में बहुत मेहनत करने वाले जनता के काम करवाने वाले कमजोर, आर्थिक स्थिति के उम्मीदवार के लिए वह गोपनीय ही रहा। सर्वे टीम कब आई चली गई उसे पता ही नहीं चला। मगर हर बार टिकट लेने में सफल होने वालों ने उन्हें सेटल भी कर लिया।

समस्या यह है कि आज नेता कार्यकर्ताओं से ही नहीं मिलते हैं तो जनता के बीच तो संपर्क होने का तो सवाल ही नहीं है। पहले पत्रकारों के भी जनता से सीधा संपर्क होता था। नेता उनसे भी फीडबैक ले लेते थे। मगर आज पत्रकार जो बताया जाता है लिख देते हैं। जनता के बीच जाते ही नहीं हैं। पहले नेता हर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, जनता के तमाम लोगों और वहां के काम करने वाले नेताओं को अच्छी तरह जानता था। मगर अब संपर्क संबंध की राजनीति खत्म हो रही है। और जाहिर है इसका सबसे बड़ा नुकसान कांग्रेस को हो रहा है। क्योंकि भाजपा में तो आरएसएस के माध्यम से एक पुल है। जो नेता कार्यकर्ता और जनता को जोड़ता है। मगर कांग्रेस में बहुत गैप पैदा हो गया है।

राहुल प्रियंका ने कार्यकर्ताओं से मिलने का सिस्टम नहीं बनाया। फिर जनता से तो सवाल ही नहीं। यह जनसभाओं में जाना या यात्रा से वह भावनात्मक जुड़ाव और विश्वास नहीं आता जो कार्यकर्ता या जनता के नेता से उसके आफिस या घर पर मिलने से आता है। खरगे जी को भी एक साल हो गया। मगर मुलाकातों का सिलसिला उन्होंने भी शुरू नहीं किया।

कांग्रेस ने एक काम और किया कि अपने मुख्यालय से अलग एक वार रूम बना लिया। सब गतिविधियां वहीं होने लगीं। मगर वहां कार्यकर्ता, जनता, पत्रकार का प्रवेश वर्जित है। इससे 24 अकबर रोड के मुख्यालय का महत्व खत्म हो गया। यह ऐतिहासिक जगह है जहां इन्दिरा गांधी को 1977 में हारने के बाद कांग्रेस का आफिस लेकर आना पड़ा था। और फिर यहीं से उन्होंने ग्रेट वापसी की थी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)

# संघ ने मध्यप्रदेश में संभाली अनेक निर्वाचन क्षेत्रों की कमान

जैसे-जैसे चुनाव प्रचार जोर पकड़ रहा है, राजनीतिक दल एक-दूसरे के खिलाफ अधिक से अधिक अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा कांग्रेस नेताओं को रावण कहती है, कांग्रेस भी उसी तरह भुगतान करती है। स्थानीय स्तर पर स्थिति सबसे खराब है।

इस बीच भाजपा के प्रचार को कुछ कमजोर पाते हुए आरएसएस ने भाजपा के लिए दो दर्जन विधानसभा क्षेत्रों की कमान अपने हाथ में ले ली है और अपने सारे संसाधन वहां झोंक दिये हैं। आरएसएस के सदस्य घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं और छोटी-छोटी बैठकें कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। क्योंकि इन निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है, आरएसएस जमीनी स्तर पर पार्टी के लिए काम करेगा।

इन सीटों पर आरएसएस से जुड़े कुछ उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे हैं। यही कारण है कि आरएसएस के सदस्य सक्रिय हो गये हैं। आरएसएस भोपाल दक्षिण-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र में भगवानदास सबनानी, भोपाल मध्य में ध्रुवनारायण सिंह, बेरेसिया में विष्णु खत्री और भोपाल उत्तर में आलोक शर्मा के लिए काम कर रहे हैं।



एल एस हरदेनिया

> संघ परिवार ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्रों में हिंदू या सनातनी मतदाताओं को भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में एकजुट करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता आरएसएस कार्यकर्ताओं की मदद कर रहे हैं। इस परियोजना को क्रार्यान्वित करने के लिए एमपी-सीजी आरएसएस प्रमुख अशोक सोहनी 'लोक जागरण 2023' नामक अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं।

इनके अलावा मधु वर्मा (राऊ), उषा ठाकुर (महू), हेमंत खंडेलवाल (बैतूल), प्रेमशंकर वर्मा (सिवनी मालवा), चिंतामणि मालवीय (आलोट), मोहन शर्मा (नरसिंहगढ़), अरविंद पटेरिया (राजनगर), राकेश सिंह (जबलपुर पश्चिम), गणेश सिंह (सतना), श्याम व्रदे (पानसेमल), शैलेन्द्र जैन (सागर), योगेश पंडाग्रे (आमला), मोहन यादव (उज्जैन दक्षिण), लाल सिंह आर्य (गोहद), विजय आनंदरावी ( बिछिया), राजकुमार करये (लांजी), प्रकाश उइके (पांडुर्णा) और देवेन्द्र जैन (शिवपुरी) के लिए भी वे काम कर रहे हैं।

हालांकि आरएसएस और उसके संगठन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के लिए काम करते हैं, लेकिन वे हर चुनाव में सीधे कुछ सीटों की कमान अपने हाथ में ले लेते हैं। पिछले चुनाव में भी आरएसएस ने सीधे तौर पर महू और अन्य सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों के लिए काम किया था। इसलिए, संगठन ने वही कवायद शुरू कर दी है, लेकिन वह आगामी चुनाव पर पहले की तुलना में अधिक ध्यान दे रहा है।

संघ परिवार ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्रों में हिंदू या सनातनी मतदाताओं को भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में एकजुट करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता आरएसएस कार्यकर्ताओं की मदद कर रहे हैं।

इस परियोजना को क्रार्यान्वित करने के लिए एमपी-सीजी आरएसएस प्रमुख अशोक सोहनी 'लोक जागरण 2023' नामक अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने इस संबंध में उज्जैन के एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान में आरएसएस और उसके फ्रंटल संगठनों के 150 से अधिक पदाधिकारियों की एक मैराथन बैठक बुलाई थी।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में किसी भी भाजपा नेता को आमंत्रित नहीं किया गया था और जब एक कैबिनेट मंत्री और उज्जैन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, तो उन्हें विनम्रतापूर्वक वापस जाने के लिए कहा गया।

बैठक में, सोहनी ने कथित तौर पर उपस्थित लोगों से कहा कि उन्हें उन उम्मीदवारों के लिए काम करना चाहिए जो राष्ट्रवाद और हिंदू धर्म के समर्थक हैं और हिंदुओं के अधिकारों की रक्षा करते हैं। उन्होंने आगाह किया कि चयनित भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ बोलने के बजाय उन्हें ऐसे तरीके सुझाने चाहिए जिनसे वे भाजपा उम्मीदवारों के लिए सकारात्मक लहर पैदा कर सकें।

हालांकि बाद में, जब संघ परिवार के पदाधिकारी छोटे समूहों में मिले, तो उनमें से कई ने भाजपा द्वारा उज्जैन विभाग के तहत मैदान में उतारे गये एक कैबिनेट मंत्री, एक मौजूदा विधायक और एक पूर्व विधायक के खिलाफ शिकायत की, जिसमें उज्जैन और आगर-मालवा जिलों की विधानसभा सीटें शामिल हैं।

हाल में कुछ ऐसे घटनाक्रम हुए हैं जिन्होंने पार्टी नेतृत्व को चौंका दिया है। ऐसा ही एक घटनाक्रम उमा भारती का चुनाव प्रचार से दूर रहने का निर्णय है। उमा ने गुरुवार को ट्वीट किया कि वह अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो रही हैं, जहां से वह ओरछा जाकर राम राजा सरकार के दर्शन करेंगी और फिर हिमालय के लिए रवाना होंगी।

उन्होंने आगे ट्वीट किया कि वह राज्य में भाजपा की सरकार बनने के लिए भगवान से प्रार्थना करेंगी। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर राज्य और केंद्र सरकार की भी आलोचना की। उमा के मुताबिक, धार के भोजशाला स्थित उनके निवास स्थान पर देवी सरस्वती की मूर्ति नहीं खरीदी जा सकी, जबकि राज्य में भाजपा की सरकार है।

उन्होंने कहा कि पार्टी के एक राष्ट्रीय पदाधिकारी के आश्वासन के बावजूद रायसेन में सोमेश्वर मंदिर और विदिशा में विजय मंदिर के दरवाजे नहीं खोले गये। उमा ने कहा कि वह इस बात पर विचार करेंगी कि भाजपा सरकार ने लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए क्या किया है। उन्होंने गौ संरक्षण के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों पर नाखुशी जाहिर की।

एक और आश्चर्य पेश किया भजापा के दिग्गज नेता गौरीशंकर बिसेन ने। उन्होंने अपने पारंपरिक निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया, हालांकि पार्टी ने उनकी बेटी को टिकट दिया। उन्होंने मीडिया को बताया कि चूंकि उनकी बेटी मौसम की तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए उन्होंने कवर के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा ने बालाघाट से उम्मीदवार बदला है, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ. हितेश बाजपेयी ने कहा, 'नहीं, ऐसा कुछ नहीं है। उन्होंने डमी उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया है और इससे ज्यादा कुछ नहीं।'

## आज प्रकाश पर्व

# ऐह मानस जनम दुर्लभ है नाम बिना बिरथा सब जाए

चौथे नानक गुरु रामदास जी आपका इस धरा पर आगमन 26 असोज संवत 1591 को चूना मंडी लाहौर में हुआ था। माता दया कौर और पिता श्री हरदास मल सोढ़ी के घर इनका जनम हुआ। आपके बचपन का नाम जेठा भाई था। बचपन में ही माता-पिता के देहांत के बाद आपका पालन पोषण बासर गांव में आपकी नानी के घर में हुआ। नानी आपको चने उबाल कर देतीं फेरी लगा कर बेचते इस तरह दोनों का उदर पोषण होता रहा। आप गुरु अमरदास के दरबार में कथा, कीर्तन श्रवण करते रहते। जब तीसरे नानक गुरु अमरदास गोइंदवाल साहिब में चले गए और वहां पर प्रचार के साथ साथ बावली साहिब का भी निर्माण कराने लगे। तब भाई जेठाजी भी गोइंदवाल साहिब निर्माण में सेवा करते। उनकी सेवा, नम्रता और हर प्रकार से योग्य समझकर गुरु अमरदासजी ने अपनी छोटी बेटी बीबी भाणी के साथ उनका विवाह कर दिया। एक दिन गुरु अमरदासजी स्नान कर रहे थे तब उनकी बेटी ने देखा कि जिस चौकी में उनके पिता बैठ कर स्नान कर रहे हैं उसका एक पाया हिल रहा था। अपने पिता के वृद्ध शरीर को तकलीफ न हो यह सोचकर अपना हाथ उस पाये के नीचे रख दिया। स्नान के बाद उनके पिता ने देखा बेटी भाणी के हाथ से खून निकल रहा है। चौकी को देखकर सारा माजरा समझ में आ गया। उन्होंने बेटी से वरदान मांगने कहा। तब बीबी भाणी जी ने कहा आप प्रसन्न हैं तो गुरु गद्दी घर में ही रहे। गुरुदेव ने कहा-ठीक है तब उन्होंने जेठा जी की कई प्रकार से परीक्षा लेकर अंत में उन्हें योग्य समझ कर इस संसार से विदा लेने से पहले चौथे नानक रामदासजी बना दिया। अमरदास जी चक का जो अब अमृतसर है अपने सिख धर्म का काफी प्रचार किया। गुरवाणी की रचना की जो गुरुग्रंथ साहिब में दर्ज है। गुरुदेव ने अहंकार को त्याग करने का ईश्वर की सेवा करने नेक कमाई कर दीनदुखियों की सेवा करने इत्यादि की शिक्षा दी। इस संसार से विदा ली।

गुरु रामदासजी अपने छोटे बेटे अर्जुन देव को गद्दी सौंपकर इस संसार से 46 वर्ष की आयु में विदा ली। आपकी रचित सारी वाणी में आज्ञा पालन समस्त मानवों की तरफ से प्रभु परमात्मा से बिना सेवा भाव प्रभु सिमरन बंदगी इच्छापूर्वक सरब सुख दाता-हरि जाके बस है कामधेनु सो ऐसा।

हरि धिआइये मेरे जीओ।. तां सरब सुख पाबे।
जिनि ऐसा हरि नाम न सेवियो से काहे जग आए राम राजे।
ऐह मानस जनम दुर्लभ है नाम बिना बिरथा सब जाए।।
जिनके हिरदे नाम न बसिया तिन मात कीजै हरि बांझा।

लंगर प्रसादि के लिए दान देने हेतु प्रयास करने पर आपने बादशाह अकबर से कहा कि- लंगर एक व्यक्ति के दान से नहीं वरना समस्त साध संगत के तिल फुल मेहां से चलना चाहिए। भट कीरतजी ने आप के बारे में कुछ इस तरह लिखा है जो गुरुग्रंथ साहिब में दर्ज है।

हम अवगुण ऐक गुण नाहिं अमृत छांड़ि बिरवे बिख खांही।
माया मोह भरम बह भूले सुत दारा सिओं प्रीति लगाई।
इक अरदास भाट कीरत की गुरु रामदास राखहो सरणाई।

आपके द्वारा 678 शब्दों की रचना की गई है जो गुरु ग्रंथ साहिब में 30 रागों में दर्ज है। आज गुरुदेव के प्रकाश पर्व दिवस पर हम यह प्रण करें कि उनके बताए मार्ग पर चलकर जीवनयापन करेंगे तभी हमारा यह प्रकाश पर्व मनाना सार्थक समझा जाएगा।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# राजनैतिक चौपड़ पर बिछी गोटियां

राजस्थान में एक बार फिर प्रदेश में इसी महीने होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस हर हाल में सीटों पर अपना कब्जा जमाने के लिए कांग्रेस ने अपवाद को छोड़कर पुराने चेहरों को ही तवज्जो दी है। कांग्रेस में जिनको टिकट नहीं मिला है उस विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता और मंडल अध्यक्ष चिंतातुर हैं। भाजपा दूसरे टर्म की जीत की आशा रखकर जीतने वाले घोड़े पर ही दांव लगाया है। राजस्थान में कांग्रेस हाईकमान ने तीन सूची जारी कर टिकट आवंटित किए है। अभी चौथी बार की सूची जारी नहीं हुई है। इस सूची में अनेक नामों के खुलने की आशा रखे हुए है। भाजपा ने सूची जारी कर दी है लेकिन इसके पलट राजस्थान में हर मोर्चे पर शिकस्त देने की गरज से उनके उम्मीदवारो की टक्कर में अपने प्रत्याशी इस तरह से तय किये है कि यदि सीट न निकले तो न सही पर विपक्ष को न मिले। राजस्थान में दोनों ही पार्टी की परंपरागत सीटे है। जहां से भाजपा की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और कांग्रेस के वर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पहले कई बार से जीतते आ रहे हैं। सीटों को कब्जे में बरकरार रखने के लिए भाजपा और कांग्रेस के दिग्गजों को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा आसानी से इन सीटों को कांग्रेस की झोली में जाते हुए नहीं देखना चाहती। लिहाजा, पहले से घोषित उम्मीदवारों को ऐन वक्त पर बदलकर क्षेत्रीय गणित के हिसाब से नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है। राजस्थान में गोगुन्दा विधानसभा सीट पर पूर्व मंत्री मांगीलाल गरासिया को टिकट आवंटन में लेटलतीफी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए सिरदर्द बना हुआ है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आलाकमान से अपील की है कि डॉ मांगीलाल गरासिया को टिकट दिया जाए। अगर उनको टिकट नहीं मिलता है तो मांगीलाल को निर्दलीय उम्मीदवार खड़ा कर जीत दिलाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता और गोगुन्दा मंडल अध्यक्ष की सहमति आलाकमान के लिए सोचनीय विषय बन गया है। इस पर मंथन चल रहा है। इससे सीधा फायदा भाजपा को मिल रहा है। कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई में बाज नजर रखे हुए भाजपा नेताओं को फायदा होता दिख रहा है। राजस्थान में दलित आदिवासी को एक मंच पर लाकर राजनैतिक जमीन तलाश रहे हैं। कांग्रेस का मानना है कि दलित आदिवासी एक ताकत के रूप में जुड़ेंगे तभी उनका राज होगा। राजस्थान में गोगुन्दा विधानसभा सीट पर गरासिया समाज और भील समाज को साधने के लिए कांग्रेस और भाजपा ने मिशन की शुरुआत कर दी है। दो टर्म से विधायक रहे प्रताप गमेती को इस बार उनको फिर से तीसरी टर्म के लिए टिकट दिया गया है। उनके कार्यकाल में विकास के कार्यो को सराहा गया। उदयपुर के आदिवासी बहुल क्षेत्र गोगुन्दा भाजपा का अब तक गढ़ बना हुआ है।

विधायक प्रताप गमेती को अपना हितैषी जताने की पुरजोर कोशिश की और लोगों के उत्थान की दिशा में किए गए अपने कार्यों की फेहरिस्त पेश की और सर्वे में प्रताप गमेती सबसे अग्रणी रहे। राजस्थान में राजनैतिक लाभ तलाशे जा रहे हैं। राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा जीत का दावा कर रही है। राजस्थान में भाजपा वोटरों के दिमाग में यह बैठाने का प्रयास किया जा रहा है कि उनका आधार केवल राजस्थान तक ही नही है। देश में मजबूत सरकार के रूप में प्रतिष्ठित हुई है। देश में भाईचारे की मिसाल दी जा रही है। जनता के हित में किए गए और लिए गए निर्णयों को गिनाया जा रहा है। कांग्रेस अपनी प्रारम्परिक जनकल्याणकारी योजनाओं को चुनाव के रूप में देख रही है। प्रदेश में स्वतंत्र हैसियत बनाने के लिए दोनों दल सेंधमारी करता नजर आ रहा है। 25 नवम्बर को राजस्थान में चुनाव है। भाजपा और कांग्रेस चुनाव में कैसे प्रदर्शन कर पायेगी ? यह समय की बलिहारी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# देशबन्धु संस्कारधानी

5 बिलासपुर

सोमवार 30 अक्टूबर 2023


उल्टा पुल्टा

भिखारी- कुछ खाने को दे दो

लड़की- टमाटर खाओ

भिखारी- रोटी दे दो


लड़की- टमाटर खाओ

भिखारी- अच्छा लाओ टमाटर ही दे दो

लड़की की मां- अरे तुम जाओ बाबा ज्ये तोतली है।

कह रही है - कमाकर खाओ!!!

## ठंड के बीच मौसम खुशनुमा, न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के आसपास



**बिलासपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। ठंड के बीच बिलासपुर का मौसम खुशनुमा बना हुआ है। शहरवासियों को सर्दी के इस मौसम का बेसब्री से इंतजार था। लजीज व्यंजन-पकवानों के बीच रंग-बिरंगी ड्रेस पहनने और पर्यटन स्थलों में घूमने-फिरने का एक अलग ही आनंद है। रात में 16 डिग्री तापमान के बीच सुबह घूमने का एक अलग ही मजा है।अक्टूबर विदाई की बेला पर है और हवा में ठंडक सुबह और रात में रोंगटे खड़े कर देने वाली है। वैसे तो सर्दियों का मौसम सभी को पसंद है, लेकिन बाहर घूमने फिरने वालों को सबसे ज्यादा पसंद आता है। यह मौसम सभी उम्र के लोगों को लुभाता है। न्यायधानी में एक सप्ताह से सर्दी का असर तेज है। न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम है। घरों में पंखा, एसी और कूलर बंद करना पड़ रहा है। सूर्योदय के साथ धूप अच्छी लगने लगी है। कंपकंपी महसूस हो रही है। आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड अधिक है। धरती पर ओस की बूंदें मोती की तरह चमक रही हैं। पहाड़ी क्षेत्र गौरेला-पेंड्रा-मरवाही क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास है।

### आज से बदलेगी हवा की दिशा

मौसम वेधशाला के विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक प्रदेश में 29 अक्टूबर से हवा की दिशा में परिवर्तन होने के कारण मौसम शुष्क रहने की संभावना है और न्यूनतम तापमान में वृद्धि का क्रम बनने की संभावना है। 31 अक्टूबर को पश्चिमी विक्षोभ के कारण न्यूनतम तापमान में प्रदेश के सभी जिलों में सार्थक वृद्धि होने की संभावना है।

**एक सप्ताह में शहर का तापमान**

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 28 अक्टूबर | 30.6 | 16.8 |
| 27 अक्टूबर | 31.1 | 16.6 |
| 26 अक्टूबर | 30.6 | 18.6 |
| 25 अक्टूबर | 30.4 | 18.4 |
| 24 अक्टूबर | 30.0 | 18.6 |
| 23 अक्टूबर | 30.6 | 18.4 |
| 22 अक्टूबर | 31.5 | 19.3 |

**प्रमुख शहरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| बिलासपुर | 30.6 | 16.8 |
| पेंड्रारोड | 31.2 | 15.0 |
| अंबिकापुर | 26.5 | 14.5 |
| माना | 30.7 | 16.0 |
| जगदलपुर | 31.8 | 17.0 |

## हाईकोर्ट में आज से नए रोस्टर से होगी सुनवाई

**बिलासपुर,**29 अक्टूबर (देशबन्धु)। हाई कोर्ट में सोमवार से नए रोस्टर के अनुसार मामलों की सुनवाई होगी। रजिस्ट्रार जनरल ने अधिसूचना जारी करते हुए तीन डिवीजन व 15 सिंगल बेंच का गठन किया है। छह विशेष बेंच में भी सुनवाई होगी।चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस एनके चंद्रवंशी के डिवीजन बेंच में रिट याचिका,जनहित याचिका,रिट अपील ,बंदी प्रत्यक्षीकरण, क्रिमिनल अपील केअलावा रिट याचिका क्रिमिनल व न्यायालयीन अवमानना क्रिमिनल के मामलों की सुनवाई होगी। जस्टिस गौतम भादुड़ी व जस्टिस दीपक तिवारी के डिवीजन बेंच में टैक्स मामले से संबंधित रिट अपील,कमर्शियल मामले,कंपनी अपील व क्रिमिनल अपील से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई होगी। जस्टिस संजय के अग्रवाल व जस्टिस संजय अग्रवाल के डिवीजन बेंच में सभी क्रिमिनल मैटर,रिट अपील से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई होगी। जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल के सिंगल बेंच में रिट याचिका सर्विस मैटर की सुनवाई होगी। जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच में अवमानना याचिका सिविल, रिट याचिका सिविल के प्रकरणों की सुनवाई होगी।जस्टिस रजनी दुबे के सिंगल बेंच में वर्ष 2021 से लंबित सिविल रिविजन के प्रकरणों की सुनवाई होगी। जस्टिस एनके व्यास के सिंगल बेंच में द्वितीय अपील,प्रथम अपील,ट्रांसफर पिटिशन सिविल, रिट याचिका की सुनवाई होगी। जस्टिस दीपक तिवारी के



सिंगल बेंच में वर्ष 2012 से लंबित क्रिमिनल रिविजन व मिसलेनियस अपील से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई होगी। जस्टिस सचिन सिंह राजपूत वर्ष 2017 से 2019 से लंबित मिसलेनियस अपील की सुनवाई करेंगे। जस्टिस राकेश मोहन पांडेय सीआरपीसीस की धारा 482 के तहत प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल मिसलेनियस अपील,वर्ष 2011 से लंबित क्रिमिनल अपील से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। जस्टिस संजय कुमार जायसवाल वर्ष 2016 से लंबित क्रिमिनल रिविजन से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल वर्ष 2003 से 2005 के बीच लंबित प्रकरणों की सुनवाई करेंगे।

## संपादकीय

### केजी से पीजी मुफ्त शिक्षा

*छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के लिये कांग्रेस द्वारा किया गया यह ऐलान महत्वपूर्ण है जिसमें पार्टी ने ऐलान किया है कि अगर वह फिर सरकार बनाती है तो केजी से पीजी यानी स्नातकोत्तर कक्षाओं तक की शिक्षा सभी को मुफ्त में देगी। यह इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि इससे प्रदेश की साक्षरता दर में व्यापक सुधार होगा और लोगों का जीवन स्तर भी बेहतर होगा क्योंकि शिक्षा प्राप्ति से सब के लिये जीवन निर्वाह के अवसर मिल सकेंगे।*

*211 की जनगणना के मुताबिक राज्य में साक्षरता दर 7 प्रतिशत से कुछ ज्यादा है जिसमें 8 फीसदी पुरुष एवं 6 प्रश महिलाएं हैं। पिछले 5 वर्षों में यानी कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शिक्षा पर बहुत ध्यान दिया गया है। इसमें महिला शिक्षा और अंग्रेजी स्कूलों पर विशेष फोकस किया गया है। इस दौरान भूपेश बघेल के नेतृत्व में चल रही सरकार ने 19 करोड़ रुपये इस क्षेत्र में खर्च किये हैं। यह राशि अनेक राज्यों के मुकाबले कुल बजट के प्रतिशत के लिहाज से काफी अधिक है जो एक अच्छा संकेत है।*

*निशुल्क शिक्षा का छत्तीसगढ़ के लिहाज से बहुत महत्व है क्योंकि यह मूल रूप से एक परम्परावादी समाज है जहां बच्चों को, विशेषकर लड़कियों को सीमित कक्षाओं तक पढ़ाकर स्कूल से निकाल लिया जाता है। ऐसे पालकों एवं अभिभावकों का मानना है कि चूंकि लड़कियों को उम्र होते ही ब्याह देना है, इसलिये उन्हें अधिक पढ़ाना व्यर्थ है। शिक्षा अधूरी छोड़ने वालों में लड़कियों का औसत ज्यादा होता है जो चिंताजनक है। वैसे पढ़ाई के खर्च के चलते लड़के हों या लड़कियां, बड़ी संख्या में दोनों को ही शालाएं छोड़नी पड़ती हैं। अगर दो बच्चों में एक को ही पढ़ाने की क्षमता पालकों-अभिभावकों की होती है तो वरीयता लड़के को मिलती है। चाहे वह पढ़ाई में अच्छा हो या न हो। लड़कियां पढ़ाई में कितनी भी अच्छी हों, उनकी ही पढ़ाई छुड़वाई जाती है। ऐसा नहीं कि अधिक बच्चों के अभिभावकों को ही खर्च उठाने की समस्या होती है। कम हों या इकलौती संतान होने पर भी शिक्षा पर बड़ा खर्च होता है। इसलिये यह घोषणा जनहित में है। अगर कांग्रेस जीतती है और उसे यह योजना लागू करने का मौका मिलता है तो कह सकते हैं कि इससे प्रदेश की साक्षरता की दर बढ़ेगी। जिस तरह से वर्तमान सरकार ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना को सफलतापूर्वक लागू कर दिखाया है, उससे आशा की जा सकती है कि कांग्रेस सरकार को अवसर मिला तो राज्य में हर किसी के लिये निशुल्क शिक्षा की राह प्रशस्त होगी। उम्मीद है कि इससे बच्चों में अधिकतम शिक्षा हासिल करने की इच्छा जाग्रत होगी। साथ ही, पालकों एवं अभिभावकों का बच्चों पर अध्ययन का खर्च घटेगा जो एक बड़ी राहत होगी।*

## सार-संक्षेप

### पुरानी रंजिश पर दो पक्षों के बीच मारपीट

**बिलासपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम एरमसाही में पुरानी रंजिश पर दो पक्ष के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।एरमसाही में रहने वाले अंकित कुर्रे ने बताया कि गुरुवार की शाम वह गांव के सप्ताहिक बाजार में सब्जी के लिए गया था। इसी दौरान गांव के संतराम पटेल, राजू, अरविंद, दयाशंकर, ननका, हर्ष और कांति पटेल वहां पर आए। उन्होंने दशहरा के दिन हुए विवाद को लेकर मारपीट शुरू कर दी।मारपीट होते देख अंकित का भाई रविश और दोस्त सौरभ, आदर्श, मिथलेश वहां आए। युवकों ने उनकी भी पिटाई कर दी। इससे अंकित और उसके साथियों को चोटे आई। इधर अरविंद पटेल ने बताया कि गुरुवार की शाम बाजार में खरीदारी के दौरान अंकित और उसके साथियों ने जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। दोनों पक्ष ने मारपीट की शिकायत मस्तूरी थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### रेलवे स्टेशन में चलित सीढ़ी बंद, परेशान हो रहे यात्री



**बिलासपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेलवे स्टेशन में बुजुर्ग, बीमार व दिव्यांग यात्रियों को प्लेटफार्म एक से दो- तीन व चार- पांच नंबर प्लेटफार्म जाने में तकलीफ हो रही है। गेट नंबर चार के पास उपलब्ध चलित सीढ़ी दो दिन बंद है। यात्रियों के पूछने पर उन्हें रेल कर्मचारी तकनीकी खराबी होने की जानकारी दे रहे हैं। लेकिन, यह नहीं बता रहे हैं कि सुधार कब तक होगा। जबकि, अभी त्योहारी सीजन है। परेशानी का एक कारण प्लेटफार्म दो- तीन व चार - पांच में अधिक ट्रेनों का आना है।जोनल स्टेशन में यात्रियों की सुविधा पर रेल प्रशासन ने ध्यान तो दिया है। लेकिन, किसी कारण इन सुविधाओं में तकनीकी दिक्कत आ जाए, तो उसे सुधार करने में रेल प्रशासन गंभीरता से नहीं लेता है। जिसके चलते ही यात्रियों को परेशानियां होती है। चलित सीढ़ी की सुविधा इसीलिए दी गई है, ताकि बीमार या बुजुर्ग यात्रियों को एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने में दिक्कत न हो।वह लगेज साथ लेकर भी इन सीढ़ियों के सहारे बड़ी आसानी से जा सकते हैं।

यात्रियों के लिए जरूरी यह सुविधा दो दिन से बंद हो तो इसका अंदाजा लगाया जा सकता है कि यात्रियों को इसके चलते कितनी परेशानी हो रही होगी। रविवार को यात्रियों की परेशानी स्पष्ट नजर आ रही थी। सीढ़ी बंद होने के कारण यात्री भारी भरकम लगेज लेकर सामान्य सीढ़ी का उपयोग करते नजर आए।

बीमार व बुजुर्ग यात्री तो एक दो सीढ़ी चढ़ने के बाद हांप जा रहे थे। लेकिन, रेल प्रशासन को यात्रियों की इस परेशानी नजर आई। हालांकि स्टेशन में लिफ्ट की सुविधा भी है। लेकिन, यह इतनी छोटी है कि लगेज के साथ कोई यात्री इसके अंदर जाए तो बामुश्किल दो या तीन यात्री ही इसका उपयोग कर सकते हैं। कई यात्री ऐसे भी है, जो आज भी लिफ्ट से जाने में घबराते हैं। ऐसी स्थिति में यात्रियों के लिए सबसे उपयोगी सुविधा चलित सीढ़ी ही है, जिसे दो दिन से रेलवे ने तकनीकी खराबी बताकर बंद रखा है।

#### अधिकांश ट्रेन दो- तीन व चार-पांच नंबर प्लेटफाम पर

यह भी बता दें कि रेलवे की व्यवस्था के तहत ज्यादातर ट्रेनें प्लेटफार्म दो- तीन या चार - पांच पर ही आती है। प्लेटफार्म एक पर ट्रेनों की संख्या बेहद कम हो गई है। जिसके चलते इस प्लेटफार्म पर सन्नाटा पसरा रहता है। रविववार को भी स्थिति कुछ इसी तरह थी।

## 10 किलो गांजा के साथ एक पकड़ाया

**बिलासपुर,**29 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भा.पु. से.) के द्वारा जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने एवं जिला को नशामुक्त करने हेतु निजात अभियान के तहत् कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर राजेन्द्र जायसवाल एवं सी.एस.पी. (कोतवाली) श्रीमति पूजा कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध गांजा बिक्री करने वालों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया गया । इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि आरपीएफ कॉलोनी पानी टंकी के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री हेतू ग्राहक की तलाश कर रहा




है कि सूचना पर सूचनास्थल पहुंचकर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम विजय मुकुंद वाहने पिता मुकुंद राव वाहने उम्र 39 साल पता संजय गांधी नगर रानी दुर्गावती चौक नागपुर थाना यशोधारा नगर कामटी रोड जिला नागपुर महाराष्ट्र बताया जिसके कब्जे से 10.250 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया है आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही कर गिरफतार किया गया है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर,उप निरीक्षक कमल नारायण शर्मा आर. लक्ष्मी कश्यप अशोक चंद्राकर गुना लाल ध्रुव का सराहनीय योगदान रहा।

## श्रमिकों को मतदान करने 17 नवम्बर को सवैतनिक अवकाश

**बिलासपुर** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)।उद्योग एवं कारखानों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों का मतदान सुनिश्चित करने के लिए 17 नवम्बर को वोटिंग के दिन अवकाश दिया जायेगा। इस दिन का वेतन भी उन्हें प्रबंधन द्वारा दिया जायेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं सामान्य प्रशासन विभाग, रायपुर द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम एवं कारखाना अधिनियम के प्रावधानों के तहत् इस आशय के आदेश जारी किये गए हैं।

## एक्टिवा में शराब ले जाते युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)।पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भा.पु. से.) के द्वारा जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने एवं जिला को नशामुक्त करने हेतु निजात अभियान के तहत् कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।



जिसके परिपालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल एवं सी.एस.पी. (कोतवाली) श्रीमति पूजा कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब बिक्री करने वालों की धरपकड़ अभियान चलाया गया । इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति तोरवा पुल के नीचे अवैध शराब लेकर बिक्री करने के लिए स्कूटी एक्टिवा क्रमांक सीजी 25 एम 0940 में काले रंग के बिट्ठू बेग में लेकर टाउन की ओर ले जा रहा है कि सूचना पर सूचनास्थल पहुंचकर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया। जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम गोविंदा विश्वकर्मा पिता प्रमोद विश्वकर्मा उम्र 20 साल पता लाल खदान उधोनगर थाना सिरगिट्टी बिलासपुर बताया जिसके कब्जे से अवैध देशी शराब कुल 17.280 लीटर तथा घटना में प्रयुक्त वाहन स्कूटी एक्टिवा क्रमांक सीजी 25 एम 0940जप्त किया गया है आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही कर गिरफतार किया गया है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर, प्रधान आरक्षक किशन लाल नवरंग प्रधान आरक्षक साहेब अली, आर. अशोक चंद्राकर लक्ष्मी कश्यप , मुपेंद्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## एप से मतदाता मोबाइल पर ही देख सकते हैं अपना मतदान केन्द्र और निर्वाचन संबंधी जानकारियां

### वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप डाउनलोड कर मतदाता जान सकते हैं अपने उम्मीदवारों के बारे में

**बिलासपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)।जिले में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए मतदान की तिथि नजदीक आ रही है। 17 नवम्बर को हो रहे मतदान के लिए मतदाताओं में काफी उत्साह है। ऐसे में मतदाता यह जानने के लिए उत्सुक होते हैं कि मतदान के लिए उनका कौन सा केन्द्र है, उनका नाम किस भाग संख्या अथवा क्रमांक पर है। ऐसी प्राथमिक जानकारी सहित कई अन्य जानकारियाँ अब मोबाइल फोन पर ही देखी जा सकती हैं। सुगम मतदान की दिशा में भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन एप्प एक उपयोगी एप्लीकेशन है जो आम मतदाताओं को उपयोगी जानकारी त्वरित गति से उपलब्ध कराने में कारगर साबित हो रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस दिशा में सतत प्रयास किया जाता है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करने से कोई भी मतदाता वंचित न रहे। आयोग द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप की शुरूआत इसी उद्देश्य से की गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने बताया कि यह एक बहुउपयोगी एप है। यह एंड्रॉयड एवं आईओएस दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। इसमें मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डालकर बहुत ही आसानी से अपनी विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को विधानसभावार परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप के माध्यम से निर्वाचन सम्बन्धी किसी भी प्रकार की शिकायत भी की जा सकती है। मतदाताओं की जागरूकता के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के संचालन संबंधी वीडियो भी देखे जा सकते हैं।

## स्वीप व मीडिया इलेवन के बीच सदभावना क्रिकेट मैच

### मीडिया इलेवन को 5 विकेट से शिकस्त देकर स्वीप इलेवन ने जीती चुनई क्रिकेट ट्राफी

#### शत प्रतिशत वोटिंग करने एवं कराने लोगों ने लिया संकल्प

**बिलासपुर** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वीप इलेवन एवं मीडिया इलेवन के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। स्थानीय रघुराज सिंह स्टेडियम में आयोजित 15-15 ओवरों की सीमित क्रिकेट प्रतियोगिता में स्वीप की टीम ने मीडिया इलेवन को 5 विकेट से हराया। स्वीप टीम की कप्तानी कलेक्टर अवनीश शरण एवं मीडिया टीम की कप्तानी प्रेस क्लब अध्यक्ष इरशाद अली ने की। प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव ने की।

कलेक्टर अवनीश शरण ने इसके पूर्व उपस्थित खिलाड़ियों, युवाओं एवं दर्शकों को शतप्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। सबने आगामी 17 नवम्बर को आयोजित चुनाव में स्वयं मतदान करने एवं मोहल्ले में शतप्रतिशत मतदान के लिए माहौल बनाने का संकल्प लिया। मीडिया की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। उन्होंने 91 रन का स्कोर बनाकर स्वीप टीम को जीत के लिए 92 रन का लक्ष्य रखा। स्वीप की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 2 ओवर शेष रहते हुए लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं कप्तान इरशाद अली ने विजेता स्वीप टीम के कप्तान कलेक्टर अवनीश शरण को चुनई क्रिकेट ट्रॉफी प्रदान किया। वहीं कलेक्टर ने मीडिया टीम को रनर अप का कप प्रदान किया। प्रतियोगिता के मेन ऑफ द मैच एवं बेस्ट बॉलर का खिताब कप्तान अवनीश शरण, बेस्ट बेट्समेन एवं बेस्ट कैच का खिताब मीडिया टीम के खिलाड़ी रोशन वैद्य एवं बेस्ट विकेट कीपर का खिताब स्वीप टीम के खिलाड़ी अजय अग्रवाल को चुना गया। कलेक्टर अवनीश शरण ने सद्भावना मैच के सफल आयोजन के लिए स्थानीय मीडिया टीम एवं नगर निगम बिलासपुर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैच आयोजन से शतप्रतिशत मतदान के लिए जिले में अच्छा माहौल बना है। यही गति हमे चुनाव तिथि 17 नवम्बर तक बनाये रखनी है। मीडिया टीम के कप्तान इरशाद अली ने भी आयोजन को सफल बताया। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने लोगों में जागरूकता लाने का संपूर्ण प्रयास कर रही है।




आगे भी किया जाता रहेगा। एसपी संतोष सिंह ने भी जिले में संचालित स्वीप अभियान की सराहना की। अभियान के गोल्डन बुक में रिकार्ड दर्ज होने पर खुशी प्रकट करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आभार प्रदर्शन नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत ने किया।

## सेवा एक नई पहल ने वृद्धाश्रम में बांटे अनाज और फल

**बिलासपुर,**29 अक्टूबर (देशबन्धु)। सामाजिक सेवा क्षेत्र में नित नए नए आयाम देने वालीं सामाजिक संस्था सेवा एक नई पहल ने जोरापारा स्थित एक वृद्धाश्रम में उपेक्षित अपनो से दूर रहकर बिसूर रहे बुजुर्गो के साथ शरद पूर्णिमा मनाई ।इस अवसर पर संस्था की संयोजिका रेखा आहुजा ने नगर वासियों से आव्हान किया कि ये परित्यक्त लाचार बेबस बुजुर्ग आपसे किसी वस्तु की अपेक्षा नहीं करते इन्हे चाहिए सिर्फ अपनत्व और अपने पन के दो मीठे बोलके अलावा आपका कीमती वक्त इस पावन दिवस की पूर्व संध्या पर सभी बुजुर्गो को शरद पूर्णिमा की शुभ कामनाएं देते हुए संस्था के सदस्यों कैलाश श्यामनानी , पत्रकार हरिकिशन गंगवानी , पूज्य सिंधी पंचायत कश्यप कालोनी के अध्यक्ष जगदीश जज्ञासी नमकीन व मिष्ठान के अलावा केक आदि का वितरण किया।

## सार-संक्षेप

### जनता कांग्रेस से सपुरन कटघोरा के प्रत्याशी घोषित किए गए



कोरबा, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के द्वारा अपने प्रत्याशियों की दसवीं सूची जारी की गई है। रविवार को जारी इस सूची में कोरबा जिले की कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से सपुरन कुलदीप को प्रत्याशी चयन किया गया है। श्री कुलदीप ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष भी हैं। उनको प्रत्याशी घोषित किए जाने से भूविस्थापितों और उनके समर्थकों सहित क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।

बता दें कि सपुरन दास कुलदीप ने जनहित के आंदोलनों में न सिर्फ सक्रिय भूमिका निभाई है बल्कि कई आंदोलन के अगुवा भी रहे। रेल सुविधा ,गेवरा स्टेशन -इंटरसिटी एक्सप्रेस, नगर निगम टेक्स, सड़क, पानी, बिजली, किसानो की समस्या वनाधिकार पट्टा, राजस्व मामले , महिला सशक्तिकरण, युवाओ के लिए यूथ कोरबा इत्यादि पर व्यापक सँघर्ष कर कामयाबी भी हासिल किए। भूविस्थापित आंदोलन में वे काफी मुखर काम कर रहे हैं। वर्ष 2014 में भूविस्थापित आंदोलन की स्थापना- कोरबा जिले की सबसे बड़ी आंदोलन बन चुकी है ।2020 से (ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति) के वे अध्यक्ष हैं। प्रदेश स्तर का आंदोलन खड़ा करने के लिए प्रयासरत हैं।

### पीछे हो रहे ट्रक से लगी ठोकर, स्कूटी सवार युवक की मौत, 2 घायल



कोरबा, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम मार्ग में स्कूटी सवार तीन युवक सड़क हादसे का शिकार हो गए। उन्हें पीछे करते समय ट्रक के चालक ने ठोकर मार दिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई,जबकि दो अन्य घायल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार घटना रविवार को दोपहर करीब 3 बजे घटित हुई। सीएसईबी पुलिस चौकी अंतर्गत ढोढ़ीपारा निवासीं सुकृत लाल सहिस का मंझला पुत्र संतोष सहिस रोजी मजदूरी कर पत्नी और दो बच्चों का पालन पोषण करता था। वह मोहल्ले में ही रहने वाले दोस्त विशाल यादव व दुर्गाचरण के साथ स्कूटी में सवार होकर कहीं गया था। वे तीनों स्टेडियम मार्ग से सीएसईबी चौक होते हुए घर लौट रहे थे कि इसी दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 12 एस 5707 के चालक ने वाहन को पीछे करते समय स्कूटी को ठोकर मार दिया। ट्रक की ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार विशाल यादव और दुर्गाचरण छिटककर दूर जा गिरे, जबकि संतोष ट्रक के पहिया के नीचे आ गया और कुचल जाने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उसे मेडिकल कालेज अस्पताल के डाक्टरों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। दोनों घायलों का इलाज जारी है। हादसे की सूचना पुलिस के जरिए मिलने उपरांत मृतक और घायलों के परिजन दौड़े-भागे अस्पताल पहुंचे। बहरहाल पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मकान से एक लाख का पटाखा जप्त



**कोरबा-हरदीबाजार,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। हरदीबाजार पुलिस ने एक मकान में छुपा कर रखे गए करीब 1 लाख रुपए कीमती 8 कार्टूनों में रखे पटाखों को बरामद किया है। हरदीबाजार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बोईदा में एक व्यक्ति ने घर में पटाखा छिपाकर रखा है। सूचना पर लीलाधर पटेल के घर दबिश देकर पटाखे जप्त किए गए। पटाखों के संबंध में पुलिस के सामने लीलाधर वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने मौके से 8 कार्टून में रखे विभिन्न कंपनी के पटाखे जब्त किया है जिनकी बाजार कीमत लगभग 1 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी लीलाधर पटेल के खिलाफ विरुद्ध धारा 9 (ख) विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### ईव्हीएम मशीन की कमीशनिंग का कलेक्टर ने किया निरीक्षण




**कोरबा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज प्रात: कलेक्टोरेट परिसर में स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस में कलेक्टर सौरभ कुमार ने ईव्हीएम मशीन, व्ही.व्ही.पैट, सेन्टर यूनिट, बैलिट यूनिट के कमीशनिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने ईव्हीएम मशीनों को सुरक्षित रखने हेतु एहतियात बरतने, आईटी कालेज के स्ट्रांग रूम में सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे को दिये।

### कमाकर रखे पैसे और बैग चोर ले गया

कोरबा-बांगो, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश में रेस्टोरेंट में काम करने वाले कर्मचारी को अज्ञात चोर ने चपत लगाया है। उसकी मेहनत की कमाई चोरी कर ले गया। जानकारी के अनुसार बांगो थाना अंतर्गत कदम चौक पोड़ी उपरोड़ा निवासी सौरभ मध्य प्रदेश में रेस्टोरेंट में बिलिंग का काम करता है। वह कुछ दिन पहले अपने घर आया हुआ है। 27 अक्टूबर को रात करीब 10 बजे सभी लोग सोये हुए थे। सौरभ ने अपने साथ लाये हुए बैग में जरूरी सामान तथा काम करते हुए बचाकर रखे गए 52 हजार रुपए नगद को रखा था। इस बैग को घर के सामने वाले कमरे में रख दिया गया था। सुबह करीब 6:30 बजे सौरभ की मां कविता पाल सोकर उठी तो वह बैग गायब मिला। पुलिस ने सौरभ की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 380, 457 का जुर्म दर्ज कर लिया है।

# पुलिस ने सड़कों पर बढ़ाई धमक, चुनाव शांतिपूर्ण कराने मुस्तैद

## एडीएम व एसपी की अगुवाई में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने किया पैदल मार्च



**कोरबा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। 17 नवंबर को कोरबा जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्धारित मतदान केन्द्रों में मतदान कराया जाएगा। मतदान की प्रक्रिया पूर्ण रूप से निष्पक्ष, निर्भय और शांतिपूर्वक हो, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में समस्त प्रशासनिक अमला काम कर रहा है। दूसरी ओर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की है, जिसके लिए जिला पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा लगातार निर्देश दिए जाकर इसका पालन कराया जा रहा है।

जिला पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले के तमाम थाना व चौकी क्षेत्रों सहित प्रवेश और निकास द्वार पर तथा बाहरी क्षेत्रों में जांच नाका लगवाकर सभी तरह के वाहनों की जांच-पड़ताल कराई जा रही है। इस पड़ताल के दौरान बड़े पैमाने पर सोने-चांदी के जेवरात, लाखों रुपए नगदी, साड़ियों के बंडल बरामद हुए हैं। इन सामाग्रियों का कोई भी बिल व्हाऊचर प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण धारा 102 में लावारिस मानकर जप्ती की गई है और इस तरह की जांच कार्रवाई लगातार जारी है। इधर दूसरी तरफ जिला पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस की सक्रियता दर्शाने एवं आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों तथा जिले में मौजूद गुण्डा, बदमाशों को चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी न करने और किसी तरह की हरकत करने पर कठोर कार्रवाई का दण्ड भुगतने का संदेश देने के लिए सड़कों पर धमक बढ़ाई गई। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी प्रदीप साहू, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी अभिषेक वर्मा, दर्री सीएसपी आईपीएस रॉबिंसन गुड़िया, कोरबा सीएसपी भूषण एक्का आदि अधिकारियों की अगुवाई में नगर के थाना व चौकी प्रभारियों ने जिला पुलिस, रिजर्व बल के जवानों के साथ शहर में पैदल मार्च किया। इस दौरान शहरी इलाके पुलिस वाहनों के सायरन से गूंजते रहे।

### निर्भय होकर निष्पक्ष मतदान करें : एसपी

जिला पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने इस दौरान कहा कि विधानसभा निर्वाचन शांतिपूर्वक एवं बिना किसी भय, डर व दबाव के मतदान कराने के लिए जिला पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। जिले भर में पुलिस अधिकारियों के द्वारा जांच-पड़ताल की कार्रवाई की जा रही है। चुनाव निर्बाध रूप से संपन्न कराने के लिए आज पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च किया और इसके जरिए यह संदेश दिया गया कि लोकतंत्र के पर्व में मतदाता निर्भय होकर निष्पक्ष मतदान करें। यदि किसी भी तरह की शिकायत, डर अथवा दबाव उत्पन्न किया जाता है तो तत्काल इसकी सूचना निकटवर्ती थाना, चौकी अथवा पुलिस कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर-9479193399 पर तत्काल दें।

# देवांगन समाज लक्ष्मीनारायण के बयान पर भड़का

## कहा-समाज को राजनीति का अखाड़ा न बनाएं

**कोरबा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। देवांगन समाज का स्वयं को अध्यक्ष बताने वाले लक्ष्मीनारायण देवांगन के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार लखनलाल देवांगन का जिक्र करते हुए उनके महापौर और विधायक कार्यकाल में समाज के लिए जमीन और भवन की मांग संबंधी दिए गए बयान पर देवांगन समाज के पदाधिकारियों ने निन्दा व्यक्त करते हुए इसे अनुचित बताया है। तथाकथित स्वयंभू अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण देवांगन के ऐसे बयान से देवांगन समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है और सवाल कर रहे हैं।

जिला देवांगन कल्याण समाज के संरक्षक झकेन्द्र देवांगन ने कहा है कि लक्ष्मीनारायण देवांगन खुद को स्वयंभू अध्यक्ष घोषित कर गलत-सलत बयान दे रहे हैं, उसकी निन्दा करता हूं। वर्ष-2008 में वे अध्यक्ष थे लेकिन इसके बाद अध्यक्ष नहीं हैं। वे खुद को अध्यक्ष घोषित कर चाहते हैं कि किसी विशिष्ट राजनीतिक पार्टी पर प्रभुत्व जमा सकें तो यह गलत बात है। वे गलत बयान दे रहे हैं कि भवन पूर्णता की ओर है तो उस स्थल को दिखाएं जहां समाज का भवन बन रहा है। भवन के नाम से पैसा कहां जा रहा है या नगदी लाकर बांट रहे हैं, यह उनको बताना चाहिए। झकेन्द्र देवांगन ने कहा कि किसी विशेष पार्टी से उनका जुड़ना व्यक्तिगत बात है लेकिन उसके लाभ के लिए किसी समाज के बारे में मिथ्या प्रचार करना उचित नहीं। देवांगन कल्याण समाज के कोषाध्यक्ष पंकज देवांगन का कहना है कि लक्ष्मी देवांगन 2008 में समाज के अध्यक्ष थे। 3 साल तक अध्क्षीय कार्यकाल रहता है, 2008 से 2023 तक वे कैसे अध्यक्ष हैं, वे इस बारे में भ्रामक बातें कर रहे हैं। सामाजिक भवन का भूमिपूजन, भवन का निर्माण, 20 लाख रुपए, 25 लाख रुपए मिलने की मिथ्या बातें वे कर रहे हैं। इस तरह की अनर्गल और गलत बयानबाजी से देवांगन समाज में नाराजगी है।

इनके अलावा समाज के महासचिव सनत देवांगन, 13 गांव मेहर संघ अध्यक्ष गिरधारी देवांगन, जिला उपाध्यक्ष भुनेश्वर देवांगन, दामोदर देवांगन, दीक्षित देवांगन, भरत देवांगन, शुभम देवांगन, आनंद देवांगन जिला सचिव ने भी कहा है कि लक्ष्मीनारायण देवांगन अपने ऊल-जुलूल बयानबाजी से समाज में राजनीति न लायें और समाज को समाज ही रहने दें। अपनी व्यक्तिगत राजनीतिक निष्ठा को जरूर निभाएं लेकिन समाज को तोड़ने और इस तरह से बदनाम करने की कोशिश न करें।

# राष्ट्रवाद की आतंकवाद पर विजय का पर्व है विजयादशमी : किरवई

## आरएसएस ने मनाया विजयादशमी उत्सव, किया पथ संचलन



**कोरबा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कोरबा नगर इकाई द्वारा सुभाष चौक दशहरा मैदान में विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंचीय कार्यक्रम से पहले नगर में पथ संचलन स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। शामिल स्वयंसेवकों का रास्ते में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाता रहा। पथ संचलन कार्यक्रम स्थल दशहरा मैदान पहुंचकर संपन्न हुआ।

विजयादशमी उत्सव के मुख्य वक्ता भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील किरवई ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में विजयदशमी का पर्व राष्ट्रवाद का आतंकवाद के ऊपर विजय का पर्व है, ऐसा कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होना चाहिए। इसके अलावा धर्म, नीति और सत्य की जीत के मायने भी इसके साथ जुड़े हुए हैं इसलिए शक्ति की उपासना को शांति का आधार बताया गया है। यह हमारे जीवन मूल्यों के लिए आवश्यक भी है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में प्रचलित मितान परंपरा को उद्धरित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति श्रीराम के समय से चली आ रही है, जो अब भी जारी है। उस समय भी एक-दूसरे से जुड़ने के लिए जाति नहीं पूछी गई थी, और इसे अभी भी कायम रखा गया है, यही तो सनातन है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इन्ही जीवन मूल्यों को आगे रखकर समाज के साथ मिलकर काम कर रहा है। मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज के कोरबा जिला अध्यक्ष सेवक राम मरावी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्र भक्ति और अनुशासन को सराहा। उन्होंने कहा कि मूल निवासियों को बहुत पहले इस संगठन को समझना था, जो आज देखने को मिला, वह अद्भुत रहा। इससे पूर्व विजयदशमी उत्सव पर कोरबा नगर के अंतर्गत भगत सिंह, गुरुघासीदास, स्वामी विवेकानंद, शिवाजी, केशव उपनगर के स्वयंसेवकों ने ब्लू बर्ड स्कूल के समीप से विशाल पथ संचलन निकाला। केसरिया ध्वज व घोष दल के साथ निकला संचलन दशहरा मैदान फेस-1 पहुंचा।

अनेक स्थानों पर मातृशक्ति और जन समुदाय ने पथ संचलन का पुष्प वर्षा का स्वागत किया। सामाजिक क्षेत्र में अलग-अलग भूमिका में सेवा देने वाले सैकड़ो लोगों ने स्वयंसेवकों के शारीरिक योग व्यायाम और दंड प्रदर्शन कार्यक्रम को देखा। विजयादशमी उत्सव में विभाग सह संघचालक नेपाल मरावी, जिला संघचालक किशोर बुटोलिया, नगर संघचालक डॉ. विशाल उपाध्याय, नगर कार्यवाह कैलाश नाहक, विद्याभारती के जुड़वान सिंह ठाकुर, भारतीय मजदूर संघ के राधेश्याम जायसवाल सभी उपनगर संघचालक व कार्यवाह, कोरबा शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लंबे समय से जमे अधिकारियों की लोजपा अध्यक्ष ने की शिकायत

**कोरबा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। शिक्षा विभाग में कई ऐसे अधिकारी हैं, जो लंबे समय से एक ही पद व स्थान पर जमे हुए हैं। इससे विधानसभा चुनाव के पारदर्शिता और निष्पक्ष ढंग से संपन्न होने पर सवालिया निशान लग रहे हैं। अब मामले की शिकायत लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिलाध्यक्ष राज कुमार दुबे ने राज्य निर्वाचन आयोग से की है। उन्होंने शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जिले में निर्वाचन प्रक्रिया कुछ विशेष राजनीतिक पार्टी के इशारे पर काम कर रही है। विगत कई सालों से शिक्षा विभाग में कुछ अधिकारी व कर्मचारी जमे हुए हैं, जिसकी शिकायत कई बार जिला निर्वाचन अधिकारी से किया जा चुका है, लेकिन जांच अधिकारी व जिला शिक्षा अधिकारी गोलमोल जवाब प्रस्तुत कर एक ही पद व स्थान पर जमे अधिकारी व कर्मचारियों को संरक्षण दे रहे हैं। इससे निष्पक्ष व पारदर्शीपूर्ण चुनाव संपन्न होने की संभावना नजर नहीं आ रही। कहीं न कहीं शिकायतों की जांच करने वाले अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर को गुमराह कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कई सालों से जमे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को जिला शिक्षा अधिकारी संरक्षण दे रहे हैं। तमाम शिकायत एवं आरोप के बाद भी अधिकारी व कर्मचारी का एक ही जगह जमे रहना निर्वाचन प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करता है। आरोप है कि इस शिकायत का निराकरण के नाम पर षड़यंत्रपूर्वक कुछ अधिकारी व कर्मचारी तथ्यविहीन कंडिका लिखकर आदर्श आचार संहिता को ताक पर रख अफसरों को बचाने का कार्य किए हैं।

# 8 लाख रुपए लेकर नहीं दिया डस्टर कार, एडवाईजर पर एफआईआर

कोरबा-पाली, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कार में मरम्मत के लिए सर्विसिंग कराने गए पटवारी को साढ़े चौदह लाख रुपए की डस्टर कार मात्र 8 लाख रुपए में ऑफर के तहत दिलाने का झांसा देकर ठग लिया गया। मामले में पाली पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है।

जानकारी के अनुसार पाली थाना अंतर्गत नवाखुर्द गोपालपुर का निवासी दीपक कुमार पिता शोभा राम ग्राम बतरा हल्का नंबर-8 में पटवारी पदस्थ है। उसकी रिनॉल्ड कार क्रमांक सीजी 12 एजेड 6585 का दरवाजा क्षतिग्रस्त होने पर बीमा क्लेम कर रिपेयरिंग कराने के लिए मार्च-2023 में सिरगिट्टी बिलासपुर के रिनॉल्ड शो-रूम गया था। वहां उसका परिचय अंशुल बाजपेयी से हुआ जिसने खुद को शो-रूम का एडवाईजर बताया।

उसने बीमा क्लेम दिलवाने के नाम पर 50 हजार रुपए मांगा, जिसका भुगतान किया गया। इसके दो दिन बाद अंशुल ग्राम नवाखुर्द में पटवारी के घर पहुंचा और कंपनी की स्कीम बताया जिसमें साढ़े चौदह लाख की डस्टर कार मात्र 8 लाख रुपए में दिलवाने की बात कही। इसके लिए 1 लाख 85 हजार रुपए नगद एवं 5 लाख 65 हजार रुपए 20 मार्च से 27 मई 2023 के मध्य अंशुल के फोन पे नंबर पर 14 किश्तों में दिया। 1 जून 2023 तक डस्टर कार मिल जाने का आश्वासन अंशुल ने दिया था, लेकिन आज तक न तो कार मिली और न ही रुपए वापस किए गए। ठगी का आभास होने पर पटवारी ने चैतमा पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया है। अंशुल वाजपेयी के विरुद्ध धारा 420 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## 5 दिनों से लापता युवक की लाश जंगल में मिली

कोरबा-हरदीबाजार, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। घर से 5 दिनों पूर्व लापता हुए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में जंगल में मिली है। जानकारी के अनुसार हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धतूरा निवासी दिनेश कौशिक 5 दिनों से लापता था। उसकी खोजबीन अपने स्तर पर परिजनों द्वारा की जा रही थी व गुमशुदगी की सूचना थाना में दी गई थी। इस बीच आज दिनेश कौशिक की लाश जंगल में मिली। दुर्गंध आने पर कुछ लोगों का ध्यान इस ओर गया तो वहां शव होने का पता चला। सूचना पर हरदीबाजार थाना प्रभारी निरीक्षक नितिन उपाध्याय मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने डॉग स्क्वाड को भी मौके पर बुलाया। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है कि युवक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर ही मौत की असली वजह का खुलासा हो पाएगा।

## क्रेडिट कार्ड बचाने के चक्कर में गंवाए 3.75 लाख

**कोरबा-उरगा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। ठेकेदारी का काम करने वाले एक व्यक्ति से अज्ञात व्यक्ति ने एसबीआई का क्रेडिट कार्ड बंद हो जाने से बचाने का झांसा देकर एप्लीकेशन डाऊनलोड कराया। इसके साथ ही 3 लाख 75 हजार रुपए की चपत लग गई। घटना उरगा थाना अंतर्गत ग्राम गिधौरी निवासी साधराम रजक के साथ घटित हुई। 25 अक्टूबर को दोपहर के वक्त उसके मोबाइल पर 8961519787 से फोन करने वाले ने एसबीआई का क्रेडिट कार्ड बंद हो जाने और चार्ज बढ़ते जाने से बचने के लिए एनीडेस्क एप्लीकेशन मोबाइल में लोड करवाया। यह भी बताया कि एप्लीकेशन लोड करने से उसे 5 हजार रुपए की बचत भी होगी। एप्लीकेशन डाऊनलोड करते ही साधराम के खाता से 3 लाख 75 हजार रुपए कट गए। साधराम ने तत्काल सायबर क्राईम हेल्पलाइन 1930 टोल फ्री नंबर पर कॉल कर जानकारी दिया तो बताया कि 48 घंटे में पैसा वापस आ जाएगा। राशि वापस न आने पर साधराम पिता लक्ष्मणराम रजक ने उरगा थाना में एफआईआर दर्ज करा दिया है। धारा 420 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है।




■ राजेन्द्र जायसवाल

### माया मिली न राम

चुनावी साल में इधर छोड़कर उधर दामन थामने वाले रेशमलाल के साथ माया मिली न राम वाली कहावत चरितार्थ हुई। भाजपा समर्थित मजदूर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी रेशम के पुत्र भाजपा संगठन से जुड़े हैं और इधर जब टिकट की दौड़ से मायूस हुए तो जोगी कांग्रेस का गमछा पहन कर टिकट मिलने का भी ऐलान करा लिया। जब टिकट मिली तो हाथ से तोते उड़ गये, दूर-दूर तक नाम नहीं दिखा।

### पैसा बोलता है

कांग्रेस प्रत्याशी का शहरी क्षेत्र में तामझाम और हाईटेक चुनाव प्रचार जमकर चल रहा है। चुनाव प्रचार के तौर तरीकों और अंदाज को देखकर लोग यह बोलने से नहीं चूक रहे हैं कि आखिर पैसा बोलता है। वहीं दूसरे दल प्रचार से कोसों दूर हैं।

### लखन की कछुआ चाल

भाजपा के उम्मीदवार लखनलाल देवांगन का चुनाव प्रचार कछुआ चाल की तर्ज पर चल रहा है। वे भले ही धीमी गति से चल रहे हों लेकिन भीतर ही भीतर उनकी गति को कोई भांप नहीं पा रहा। कोरबा विधानसभा में यह चाल खरगोश और कछुए की दौड़ की कहानी याद दिला रहा है।

### खामोश मतदाता

चुनावी सरगर्मी में कोरबा सहित जिले भर के मतदाता खामोश हैं। वे बड़ी खामोशी से चुनावी मौसम का चौतरफा आनंद उठा रहे हैं। अब यह राजनेताओं को भी समझ नहीं आ रहा कि मतदाता कुछ बोल क्यों नहीं रहे? खामोश मतदाता क्या गुल खिलाएंगे, यह समझ से परे है।

### माताजी का जलवा

तानाखार विधानसभा से कांग्रेस में एकाएक टिकट के लिए उभरीं और अंतत: हासिल भी कर लेने वाली दुलेश्वरी सिदार का जलवा है। गोंड़वाना समाज में वे माई और माताजी के तौर पर संबोधित की जाती हैं। कांग्रेस के परंपरागत वोटों के साथ-साथ वे गोंड़वाना और आदिवासी वोटों में भी गिनती हो रही हैं।

### फूलसिंह का घेराव

रामपुर विधानसभा में कांग्रेस उम्मीदवार फूलसिंह राठिया को दोनों तरफ से घेरा गया है। उधर बालमुकुंद राठिया जोगी कांग्रेस से तो इधर निर्दलीय सुनीता कंवर ने घेराबंदी किया है और इन दोनों के सारथी एक ही हैं। ऐसे में फूलसिंह को पराजित करने की इनकी मंशा कितनी कारगर होगी यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

### रज्जाक पर दांव

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ याने जोगी कांग्रेस को हार के बाद भी पिछले पांच वर्षों से पल्लवित करने का काम रामसिंह अग्रवाल ने किया। उन्होंने पार्टी का दामन नहीं छोड़ा और इसे सींचते रहे। इधर जब चुनाव में टिकट की बारी आई तो संगठन को कोई योग्य प्रत्याशी नहीं मिला और अब रज्जाक पर आकर अटक गए हैं।

### पाप-पुण्य का खेल

कोरबा विधानसभा के चुनावी समर में पाप-पुण्य की कमाई लेने-देने का जुबानी खेल भी खेला जा रहा है। भाजपा के लखनलाल यह कहने से नहीं चूक रहे हैं कि भ्रष्टाचार से कमाई गई रकम को लेने में कोई पाप नहीं लगने वाला।

### एक सवाल आपसे

खुलेआम कौन प्रत्याशी बोल रहा है कि दोनों हाथ से लेवें और वोट मुझे देवें.. क्या यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है कि नहीं?

### ...और अंत में

चुनाव की आदर्श आचार संहिता का नियम और सख्ती क्या सिर्फ ढोल, डीजे और गरबा-डांडिया वालों पर ही दिखाने के लिए थी? आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन अन्य मामलों में भी हो रहा है तो इसकी दुहाई देने वाले कहां हैं?

## सार-संक्षेप

### 550 किलोमीटर दौड़ते हुए जगन्नाथ पुरी दर्शन करने गया कोलता समाज का युवक , समाज ने किया सम्मानित



**रायगढ़** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले के धौराभाठा रामचंडी मंदिर से अपने इष्टदेवी का आशीर्वाद लेकर खुरुसलेंगा गांव का 30 वर्षीय युवक अनिल कुमार भोय दौड़ते हुए जगन्नाथ पुरी की 550 किलोमीटर की दूरी 9 दिन में तय कर भगवान जगन्नाथ जी का दर्शन कर वापस धौराभाठा रामचंडी मंदिर पहुंचे। यहां पर कोलता समाज के पदाधिकारियों सहित समाज के लोगो ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

कोलता समाज के संभागीय अध्यक्ष रत्थुलाल गुप्ता और महामंत्री टीकाराम प्रधान द्वारा अनिल कुमार भोय को समाज का गौरव निरूपित करते हुए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। अनिल कुमार भोय ने बताया कि उसका दौड़ का उद्देश्य समाज व देश में युवा नशामुक्त रहे तथा योग और व्यायाम के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखें। युवाओं के लिए नशामुक्ति का इस संदेश की सर्वत्र सराहना हो रही है। उनके इस मैराथन दौड़ के विभिन्न पड़ावों में लोगो के साथ समाज के व्यक्तियों का अपार जनसमर्थन एवम सहयोग मिला।

भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर वह काफी अभिभूत है और अब अयोध्या नगरी तक श्री राम मंदिर दर्शन की भी मन बना रहे है। आज उनके सम्मान समारोह में अनिल कुमार गुप्ता के माता-पिता, परिवार गण, गणमान्य नागरिकगण , आंचलिक अध्यक्ष विश्वेश्वर भोय, पूर्व आंचलिक अध्यक्ष राजेन्द्र खम्हारी, गोविन्द देहरी , पूर्व संभागीय महामंत्री मुरलीधर प्रधान, शाखा सभा अध्यक्ष शरद गुप्ता, सुरेश भोय, तुलाराम गुप्ता, जपेश्वर गुप्ता, आंचलिक कमेटी के सत्यनारायण गुप्ता, हरिहर प्रधान, सेतकुमार गुप्ता, श्रीमती गीता बारिक ,मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष भीष्मदेव गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रेम भोय , शाखा सभा सचिव भुवनेश्वर गुप्ता अलेख राम प्रधान एवं संभागीय अध्यक्ष रत्थू गुप्ता महामंत्री टीकाराम प्रधान संरक्षण समिति सदस्य प्रफुल्ल गुप्ता जोगेश्वर खमहरी शाखा पदाधिकारीगण, ग्राम प्रतिनिधिगण समाज के प्रबुद्धजन एवं मातृशक्ति उपस्थित थे।

### 03 मतदान केंद्रों का हुआ स्थल परिवर्तन

**मनेन्द्रगढ़** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने आज सभा कक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आहूत की। बैठक में राजनीतिक दलों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 02 मनेन्द्रगढ़ हेतु कुल 156 मतदान केन्द्रों की सूची प्राप्त हुई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी दुग्गा ने बताया कि 02 मनेन्द्रगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 156 मतदान केन्द्रों की सूची में से 03 मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग के सहमति उपरांत किया गया है। आयोग के अनुमोदन उपरांत कुल 03 मतदान केन्द्र परिवर्तित हुए हैं, जिनके नाम क्रमशः प्रा. शाला भुकभुकी प्रा. शाला (मतदान केंद्र क्रमांक 80), स्थल परिवर्तन का कारण पूर्व शाला भवन जर्जर होने के कारण प्रा.शाला भुकभुकी को 600 मीटर की दूरी पर भुकभुकी ग्राम के मांझापारा में स्थित नवीन भवन में संचालित किया जा रहा है। प्रा.शाला खड़गवां (मतदान केंद्र क्रमांक 104-खड़गवां 01) स्थल परिवर्तन का कारण गजमरवापारा में स्थित शाला भवन जर्जर होने के कारण लगभग 1 किमी. दूर स्थित शासकीय बालिका प्राथमिक शाला खड़गवां परिसर में स्थित पृथक भवन में शा. बालक प्रा. शाला खड़गवां ( नवीन मतदान केंद्र भवन) वर्तमान में संचालित किया जा रहा है। ( मतदान केंद्र क्रमांक 109- ठग्गगांव 3) स्थल परिवर्तन का कारण पूर्व मतदान केंद्र भवन माध्यमिक शाला ठग्गगांव तक सम्बंधित मतदाताओं को पहुँचने के लिए वन क्षेत्र से होकर लगभग 5 किमी से अधिक की दूरी तय करनी पड़ती है। अतः ग्राम बहालपुर की सम्बंधित बसाहट से नजदीक प्राथमिक शाला बहालपुर को नवीन मतदान केंद्र भवन के रूप में नियत किया गया है।

### पावरग्रिड घरघोड़ा व कुर्मापाली कोतरारोड में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**रायगढ़** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। माह अक्टूबर देश में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के मार्गदर्शन में साइबर सेल एवं थानों की टीम द्वारा समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को आनलाइन साइबर अपराधों की जानकारी देने व साइबर अपराधों के प्रति सजग करने का कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी के साथ साइबर सेल की टीम द्वारा ग्राम कुर्मापाली कोतरारोड़ पावरग्रिड एवं घरघोड़ा पावरग्रिड जाकर राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह कार्यक्रम में पावरग्रिड के अधिकारी व कर्मचारियों को सायबर अपराधों के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी एवं साइबर एक्सपर्ट प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह द्वारा पावरग्रिड के अधिकारी व कर्मचारियों को बताया गया कि फ्रॉड नये नये तरीकों से लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे है जिससे काफी पढे लिखे लोग भी ठगों के शिकार बन जाते हैं। डीएसपी अमन लखीसरानी ने बताये कि आज कल मोबाइल पर शेयर किए जा रहे फिशिंग टूल से बचे, ऑनलाइन खरीदी के समय विशेष सावधानी बरतें, किसी भी अंजान ईमेल, लिंक पर क्लिक ना करें और ना हीं अपने बैंकिंग व पर्सनल डिटेल फिलअप करें। यदि आवश्यक ना हो तो सार्वजनिक स्थानों पर अपने मोबाइल को यूएसबी चार्जर से चार्ज करने से बचें। हॉटस्पॉट, ब्लूटूथ शेयरिंग के समय भी सावधानी बरतें। अपने ईमेल और न्च्प् एप्स के सेफ्टी फीचर्स ऑन रखें, उनका पासवर्ड स्ट्रांग बनाए। अपने परिचितों को बतायें कि सोशल मीडिया पर जॉब या ईनामी प्रचार प्रस्तावों पर भरोसा न करें जो ष्बहुत अच्छेष् लगते हैं। अंजान लोगों से दोस्ती, विडियो कॉलिंग नुकसान दायक हो सकता है। कार्यक्रम में बैंकिग फ्रॉड, सेक्सटॉर्शन जैसे अपराधों पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराने और पुलिस सहायता लेने बताया गया। दोनों जागरूकता कार्यक्रम में प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी सायबर, प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह, आरक्षक विकास प्रधान और महिला आरक्षक मेनका चैहान मौजूद थी।

# 12 टन क्षमता वाली प्रधानमंत्री सड़क को चीर रही 40 टन लोडेड गाड़ियां

- शारदा एनर्जी से रेलवे साइडिंग ले जाया जा रहा कोयला
- भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी की मौन सहमति, क्षेत्रीय नेता और प्रशासन भी शांत







**रायगढ़** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। औद्योगिक नगरी रायगढ़ के तमनार ब्लाक में इन दिनों कायदे कानून को कूड़ेदान में फेंक कर गाड़ीयां चलाई जा रही है। पीएमजीएसवाई की सड़क पर भारी वाहनों के पहिए घसीटे जा रहे हैं। 40-50 टन की हैवी गाड़ियां सड़कों को चीरती हुई गुजर रही है। भारी वाहनों के पहियों के नीचे दबकर सड़क सिसकने लगी है, जगह-जगह पर गड्ढे होने लगे हैं,दरारें भी आने लगी है। कहा जाए तो तमनार क्षेत्र के हुँकराडिपा चैक से लेकर सराइडिपा तक के बीच पड़ने वाले गांव कुंजेमुरा,पाता, बांधापाली, डोलेसारा, कठरापाली,सराइडिपा रेलवे साइडिंग तक कि सड़क को अवैध रूप से गाड़ियां चलकर तोड़ने की ठान ली गई है। यह काम पिछले तीन-चार महीना से रात के अंधेरे में जोर-शोर से चल रहा है। कानून को ठेंगा दिखाते हुए दिन में भी कुछ गाड़ियां आपको सड़कों पर देखने को मिलेगी। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इन गाड़ियों पर आज तक कार्यवाही करने की हिमाकत किसी भी विभाग ने नहीं दिखाई।

शारदा एनर्जी से कोयला ले जाकर सराइडिपा रेलवे साइडिंग में कोयला अनलोड किया जा रहा है। लेकिन यह कोल परिवहन का कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क से किया जा रहा है। जो कि अवैध है। नियमतः प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत निर्मित सड़कों पर अधिक से अधिक 12 टन तक के वहन क्षमता वाले वाहन चलाये जा सकते हैं। लेकिन इन दिनों पीएमजीसवाई की इस सड़क पर 50 टन तक के हैवी वाहन दौड़ाए जा रहे हैं। जिससे क्षेत्र की यह सड़क उखड़ने लगी है।

अवैध रूप से किये जा रहे हैं इस कार्य में कुछ लोकल वाहन स्वामी भी शामिल हैं। लेकिन अधिकतर गाड़ियां जय अंबे रोड लाइंस की दिखलाई पड़ती है। कुछ सफेद पॉश नेताओं के करीबी लोग अपना लोकल गैंग बनाकर इस कार्य को अंजाम दे रहे है।

आचार सहिता के पूर्व सड़क को लेकर सड़क पर राजनीति करने वाली भाजपा प्रत्याशी सुनीति राठिया के नेतृत्व में पिछले दिनों क्षेत्र की सड़क को अति शीघ्र बनवाने के लिए चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया था। लेकिन उनके घर से कुछ दूरी पर यह कार्य अवैध रूप से चल रहा है। लेकिन उनके द्वारा आज तक किसी भी प्रकार का विरोध प्रदर्शन देखने व सुनने को नहीं मिला। बात करें अन्य क्षेत्रीय नेताओं की तो कुंजेमूरा, डोलेसारा,बांधापाली में भी कई भाजपा और कांग्रेस के कद्दावर नेता है। कुछ दिनों पहले ही कांग्रेस ने भी कुंजेमुरा निवासी विद्यावती सिदार को विधायक की टिकट दी है। लेकिन जन सरोकार के क्षेत्र में इस अवैध कार्य का विरोध उनके द्वारा भी आज तक नहीं किया गया। जिससे यह माना जा सकता है कि इस अवैध कार्य पर क्षेत्रीय नेताओं की भी मौन सहमति है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की उक्त सड़क गांव से होकर गुजरी है। सड़क से सटे हुए कई मकान भी निर्मित है। लेकिन देर रात ग्रामीणों के कान में आती खटपट की आवाज ने नींद खराब कर दी है। सड़क से शट कर बने ग्रामीणों के घर भी हैवी वाहनों के चलने से हिलने लगे हैं, खप्पर भी गिरने लगा है। सकरी सड़को से तेज रफ्तार वाहनों के चलने के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। कुछ दिनों तक ग्रामीणों ने इसका विरोध भी जाताया, लेकिन इसका खासा असर देखने को नहीं मिला। बेरोकटोक आज भी गाड़ियां चल रही है।

## वन मंडल के बेरियरों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे सारंगढ़ डीएफओ

### गोमर्डा अधीक्षक के साथ मध्यरात्रि किया गया निरीक्षण



#### अनुपस्थिति कर्मचारियों को शो काज नोटिस

सारंगढ़ वन मंडलाधिकारी के औचक निरीक्षण से लापरवाह कर्मचारियों के बीच भी हडकंप मच गया वहीं उन्होंने बेरियर पंजी का भी जांच किया। इस दौरान ड्यूटी में अनुपस्थित कर्मचारियों को स्पष्टीकरण एवं कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया। डीएफओ के इस औचक निरीक्षण की कार्रवाई आगे भी जारी रहने की बात कही जा रही है।

**सारंगढ़** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। नवीन जिला सारंगढ़ के कई क्षेत्र घने जंगलों से घिरे हुए हैं। साथ ही यहां गोमर्डा अभ्यारण होनें की वजह से काफी तादाद में वन्यप्राणियों की मौजदूगी भी देखी जाती है। ऐसे में बीती रात सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सारंगढ़ डीएफओ गणेश यूआर गोमर्डा अधीक्षक कृष्णचंद्राकर के साथ वन मंडल के सभी बेरियरों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गोमर्डा अभ्यारण सहित सारंगढ़ वन मंडल में सुरक्षा के लिहाज से कई वन बेरियर हैं ताकि वन अपराध पर लगाम लग सके। ऐसे में इन बेरियरों की मानिटरिंग भी काफी जरूरी है जिसे ध्यान में रखते हुए बीती रात सारंगढ़ वन मंडलाधिकारी गणेश यूआर गोमर्डा अधीक्षक कृष्ण चंद्राकर के साथ औचक निरीक्षण पर पहुंचे जहां उन्होने बिलाईगढ़ महासमुंद जिला में स्थित घरजरा बेरियर से लेकर गोमर्डा अभ्यारण के बीच जंगल में स्थित राजा मचान बेरियर एवं ओडिसा राज्य सीमा तक अनेक वन बेरियरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को सुरक्षा के लिये कई तरह के निर्देश दिये। इसके अलावा वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिये वन अमला द्वारा किये जा रहे सतत प्रयास को जारी रखने तथा चुनाव तथा आदर्श आचार संहिता को देखते हुए सतर्क रहने एवं समस्त अवैध गतिविधियों की रोकथाम करने के लिये गश्त करने के लिये दिशा निर्देश दिये।

## अवैध शराब व सट्टा पट्टी लिखने वालों पर गिराई गाज

### आईटीआई कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी और बोइदादर में सट्टा पट्टी लिखते 6 आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों से 6,660 नगद और सट्टा पट्टी की जप्ती

### चक्रधरनगर पुलिस व साइबर सेल की टीम ने चलाया संयुक्त अभियान

**रायगढ़** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। चक्रधर नगर पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध शराब के अलावा सट्टी पट्टी लिखने वालों पर कल कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों के पास से सट्टा पट्टी एवं नगदी रकम के साथ पट्टी जब्त किया है।



चक्रधरनगर क्षेत्र में चक्रधरनगर पुलिस और साइबर सेल की टीम द्वारा अवैध शराब पर संयुक्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं कल दोपहर एडिशनल एसपी संजय महादेवा व साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर चक्रधरनगर पुलिस और साइबर सेल की टीम द्वारा टीआई प्रशांत राव के नेतृत्व क्षेत्र में सट्टा-पट्टी लिखने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई किया गया।

जिसमें पुलिस टीम द्वारा आईटीआई कॉलोनी में- दिलेश्वर भारती और चंदन साहू को, बीएसएनल ऑफिस बेलादुला रोड सिंधी कॉलोनी पर विराट महंत और संकीर्तन पटेल को तथा बोईरदादर पर की गई कार्रवाई में आरोपी शाहरुख खान और शिवकुमार कुर्रे को सट्टा में लगी रकम और सट्टा पर्ची के साथ पकड़ा गया है। आरोपियों पर थाना चक्रधरनगर में धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत 3 अलग-अलग अपराध दर्ज किये गये है। तीनों कार्यवाहियों में आरोपियों से कुल नगद रकम 6,660 रुपये, कैलकुलेटर, पेन और लाखों की सट्टा पट्टी की जप्ती की गई है।

## दस कदम- गरीबी खत्म के शपथ के साथ वोट मांगेगे- मधुबाई

### कहा- प्रदेश में जे.सी.सी. जे. के बगैर सरकार नहीं बनेगी





**रायगढ़** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। महापौर का मेरा पहला बेदाग कार्यकाल लोगों ने देखा है। उस समय रायगढ़ के विकास के कार्यों को भी लोगों ने देखा है। लेकिन राष्ट्रीय पार्टियों ने जिले के विकास के कार्य में हमेशा रुकावटें पैदा की उनकी सोच मुझे नुकासान पहुचाने की रही लेकिन वास्तव में नुकसान रायगढ़ जिले का हुआ। तब मैने महसूस किया कि विकास के लिए मुख्य धारा की राजनीति करनी होगी इसलिए प्रदेश की एकमात्र मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से मैने अपनी उम्मीदवारी पेश की है। छत्तीसगढ़ का विकास तब तक नहीं हो सकता जब तक यहां के निवासियों की अपनी सरकार नहीं बनेगी। छतीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) छत्तीसगढ़ वासियों की अपनी पार्टी है अब वे सब इस पार्टी के साथ मिलकर निर्धारित करेंगे कि छत्तीसगढ़ में विकास का क्या मॉडल होगा दिल्ली से चलने वाली पार्टी नहीं चाहिए।

उक्त बातें पूर्व महापौर मधुबाई ने अपने प्रेस कांफ्रेस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहीं ज्ञात हो कि मधुबाई वर्ष 2014 में हुए नगर निगम चुनाव में निर्दलीय रुप से चुनी गयी पहली किन्नर महापौर रहीं जिसकी गूंज पूरे देशभर में सुनाई दिया था। आगे प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय अमित जोगी ने दस कदम-गरीबी खतम का नारा दिया है और इसके लिए बाकायदा अपना शपथ-पत्र दिया है, और शपथ पत्र के माध्यम से वह रोड़ मैप दिया है जिससे छत्तीसगढ़ के विकास की आधाशिला रखी जाएगी। प्रश्न के जवाब में मधुबाई ने कहा की उनकी लड़ाई न तो कांग्रेस से है और न ही भाजपा से उनकी लड़ाई तो गरीबी , भ्रष्टाचार व्यवस्था से है लोग इससे परेशान है और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के दस कदम जैसे अनुसूचित जाति एवं जनजाति अति.पिछडा वर्ग तथा अर्थिक रुप से कमजोर परिवारों स्वयं के व्यापार के लिए 5 लाख तक लोन, गरीबी रेखा से नीचे तथा पंजीकृत बेरोजगारों को 4500 रुपए प्रतिमाह पेंषन, जोगी किसान मितान योजना जिसके तहत 4000 धानसमर्थन मूल्य, जोगी आवास के तहत पांच लाख रुपए का 2 बेडरुम देगी, कच्चे मकान को पक्का करने, 15 साल से जो जिस जमीन पर काबिज है उसको पट्टा देने, शराब बंदी, 10 लाख से कम वार्षिक टर्न ओवर वाले सभी लोगो को सभी टैक्स से छूट, जोगी स्वास्थ्य कल्याण योजना जिसके तहत् सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे, षिक्षा हेतु 100 प्रतिषत अनुदान, अमूल सहकारिता के तर्ज पर शराब की दुकाने बंद कर दुग्ध क्रांति लायी जाएगी दूध से 36 हजार करोड़ रुपए की आय करेगी जोगी सरकार, 5000 करोड़ रुपए की लागत से विष्वस्तरी कारीडोर निर्माण रोजगार में छत्तीसगढ़ियों का 95 प्रतिषत आरक्षण इन सबको लेकर - दस कदम- गरीबी खतम के वादे के साथ जनता के बीच जाएगी और निश्चित रुप से क्षेत्रीय दल की सरकार बनाएगी। यह केवल घोषणा पत्र नहीं है यह पार्टी का शपथ पत्र है यदि पार्टी इसे पूरा करने में असफल रही तो प्रदेश कोई भी आदमी हमें न्यायालय के कटघरे में खडा कर सजा दिला सकता है।

जिला अध्यक्ष आशीष उपाध्याय ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि मधुबाई जनता के दिल की आवाज है जिसकी गूंज अब छत्तीसगढ़ के विधानसभा में गूंजेगी। जनता का आशीर्वाद पूर्व की तरह ही मधुबाई को मिल रहा है और परिणाम छत्तीगढ़ ही नहीं पूरे देश में एक अलग आयाम स्थापित करेगा।

जे.सी.सी के पार्टी उपाघ्यक्ष प्रिंकल दास ने कहा कि इस जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बगैर सरकार नहीं बनेगी। पूरे प्रदेष में पार्टी को भारी जनसमर्थन और आषीर्वाद प्राप्त हो रहा है। इस दौरान पार्टी के उपाध्यक्ष प्रिंकलदास, सचिव तुलाराम देवांगन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रत्याशी को जारी किया गया नोटिस

**अम्बिकापुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के संबंध में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी टीएस सिंहदेव को नोटिस जारी किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर ने बताया कि आवेदक आलोक दुबे द्वारा शिकायत को संज्ञान में लिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रत्याशी द्वारा आधिकारिक सोशल मीडिया फेसबुक अकाउंट में बिना अनुमति स्वास्थ्य विभाग एवं अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज, चिकित्सकों एवं चिकित्सकीय सुविधाओं का प्रचार-प्रसार किया गया है। साथ ही शासकीय योजना के प्रचार में चुनाव चिन्ह प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने नोटिस में कहा है कि विधानसभा क्षेत्र 10 अम्बिकापुर में आदर्श आचार संहिता दिनांक 09 अक्टूबर 2023 से लागू है, परंतु पार्टी का चुनाव चिन्ह का प्रयोग करते हुए व्यक्तिगत उपलब्धियों को दर्शाने के लिए शासकीय संस्था का प्रयोग किया गया है।

# यहां का सामान यही रहे इससे बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा-रमेश

### हल्दीबाड़ी के होटल अलविना में कांग्रेस के मनेन्द्रगढ़ प्रत्याशी की पत्रकार वार्ता

**चिरमिरी,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। चिरमिरी की कोयला खदानों में कोयले की मात्रा होते हुए यहां की खदानों को बंद किया गया है । चिरमिरी से लोगो का पलायन रोकने एवं यहां के स्थायित्व के लिए यहां रोजगार के संसाधनों को बढ़ाने एवं विकसित करने की जरूरत है । उपरोक्त बाते मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के प्रत्याशी रमेश सिंह ने हल्दीबाड़ी के होटल अलविना में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही ।

श्री सिंह ने आगे कहा कि निजी मालिको की अपनी शर्ते होती है, जिससे उसमें काम करने वाले वर्करों को कोई ज्यादा लाभ नही मिलता । इसलिए हमारा प्रयास होगा कि चिरमिरी की बन्द पड़ी कोयला खदानों को फिर से एसईसीएल के माध्यम से चालू कराया जाए । इसके साथ ही हमारा प्रयास होगा कि यहां कोयला आधारित कोई फैक्ट्री भी खोली जाए ।

श्री सिंह ने आगे कहा कि सरगुजा संभाग में एल्युमिनियम ओर बैकसाइड प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, जिसे उत्तर प्रदेश की एल्युमिनियम फैक्ट्री में भेजा जाता है । हमारा प्रयास होगा कि एक एल्युमिनियम फैक्ट्री चिरमिरी में भी खुले, जिससे यहां के लोगो को रोजगार मिल सके और यहा कोयला भी प्रचुर मात्रा में होता है,ट्रांसपोटिंग भी कम लगेगा, ।



पत्रकारों के एक सवाल का जबाब देते हुए कांग्रेस प्रत्याशी रमेश सिंह ने कहा कि नवीन जिले एमसीबी की घोषणा के समय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला अस्पताल चिरमिरी में बनाने की घोषणा की थी । इस शासकीय आदेश को बदला नही जा सकता । जो लोग यह कह रहे है कि रमेश सिंह चुनाव जीतने के बाद जिला अस्पताल मनेन्द्रगढ़ ले जाएगा, वह पूरी तरह से भ्रामक एवं गलत है । मुख्यमंत्री द्वारा घोषित किये गए हार्टिकल्चर कालेज एवं पॉलिटेक्निक कालेज भी यथावत रहेगा । स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल को कालेज तक विकसित करने की बात खुद मुख्यमंत्री ने कही है । हमारा प्रयास होगा कि यहां एक विधि महाविद्यालय भी खोला जाए जिससे यह क्षेत्र एक शिक्षा हब के रूप में विकसित हो सके ।

पत्रकारों के एक सवाल के जबाब में श्री सिंह ने कहा कि मनेन्द्रगढ़ विधानसभा मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी और खड़गवां से मिलकर बना है । जो भी यहां का विधायक बनेगा, उसे पूरे क्षेत्र के विकास की योजना बनानी होगी । पूर्व महापौर के. डोमरु रेड्डी द्वारा चिरमिरी के लोगो को पट्टा दिलाने के प्रयास के सवाल पर रमेश सिंह ने कहा कि जब तक एसईसीएल लीज की जमीन राज्य सरकार को वापस नही करती, तब तक यह सम्भव नही है । एसईसीएल द्वारा 80 हेक्टेयर लीज की जमीन वापस करने की प्रक्रिया जारी है । सोशल मीडिया में चल रहे विरोध के प्रश्न पर कहा कि बे बुनियाद सवाल पर रमेश सिंह ने कहा कि ऐसा करने वाले लोग कांग्रेस के अधिकृत व्यक्ति नही है । विधायक डॉ. विनय जायसवाल की पूर्व में की गई घोषणाओं पर आगे कार्यवाही के सवाल पर श्री सिंह ने कहा कि विधायक डॉ. विनय द्वारा की गई घोषणा पर कुछ कार्यालय आ गए हैं, और कुछ कार्यालय विधायक यानी कांग्रेस की घोषणा है जिसे पूरा करने का पूरा प्रयास किया जाएगा । कांग्रेस प्रत्याशी रमेश सिंह की इस पत्रकार वार्ता में उनके साथ ब्लाक कांग्रेस कमेटी चिरमिरी के अध्यक्ष सुभाष कश्यप, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री बबीता सिंह, गुरुवेज सिंह, प्रकाश मित्तल, ओम प्रकाश गुप्ता, बलदेव दास, ओम प्रकाश प्रीतम, अनिमेष सिंह, शिवांश जैन, प्रेमशंकर सोनी, रेहाना नियाजी एवं शेख रऊफ सहित अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे ।

## सार-संक्षेप

### शरद पूर्णिमा का रजत जयंती समारोह मनाया गया



डभरा, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। डभरा क्षेत्र के ग्राम साल्हे में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा का रजत जयंती समारोह मनाया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामकुमार यादव उपस्थित रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भुवनेश्वर पटेल अध्यक्ष केन्द्रीय अखिल भारतीय अघरिया समाज तथा विशेष अतिथि के रूप में निराकार चौधरी, लक्ष्मीकांत पटेल, धनंजय पटेल, बासु शर्मा, ओम प्रकाश पटेल सरपंच कबारीपाली, रामायण दास महंत वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, भागीरथी पटेल तथा समारोह की अध्यक्षता ओमप्रकाश पटेल सरपंच ग्राम पंचायत बिनौधा द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने अमृतेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति के लिए कामना किया शरद पूर्णिमा उत्सव का इतिहास इंद्र कुमार पटेल शिक्षक ने विस्तार से जानकारी दिया तथा इसके महत्व के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर शरद पूर्णिमा समारोह को संबोधित करते हुए विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि यह शरद उत्सव हम सबके जीवन में खुशी एवं उल्लास लेकर आएगा। शरद उत्सव समारोह में संयोगिता सिंह जूदेव ने भी आकर समारोह मे अपनी सहभागिता प्रकट किया तथा अपने विचार व्यक्त किये उनके साथ उनके सभी समर्थक भी उपस्थित थे। समारोह का मुख्य आकर्षण रामायण में गायन वादन का विशेष कार्यक्रम रखा गया, जिसमें निशा चौहान कोरबा, रागिनी कर्ष जैजैपुर एवं विजय देवरी वाले ने अपनी सुमधुर संगीत से उपस्थित भक्तों श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया। शरद पूर्णिमा के रात्रि भर श्रद्धालु लोग जागरण कर सुबह 4 बजे खीर प्रसाद का वितरण किया गया। समारोह को सफल बनाने में शरद पूर्णिमा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, त्रिलोचन पटेल, नूरेंद्र पटेल, संतोष पटेल, दीपक पटेल, चंदन पटेल, तुलाराम पटेल, टिंकू पटेल, मुकेश पटेल, बिरजू , सुरजीत पटेल, विनोद पटेल, इंद्र कुमार पटेल, संतोष महंत सहित सभी ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा। समारोह का सफल संचालन देवेंद्र कुमार पटेल, इंद्र कुमार पटेल ने किया तथा आभार व्यक्त ओमप्रकाश पटेल सरपंच द्वारा किया गया।

### अवैध शराब और मोटर व्हीकल एक्ट पर खरसिया पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी



**खरसिया,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा सभी पुलिस थाना चौकी को आगामी विधानसभा चुनाव 2023 निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न करवाया जा सके इसके लिए सभी मुख्य मार्गों पर सघन चेकिंग के साथ ही अवैध शराब सहित सभी प्रकार के अनैतिक कार्यों पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए है। चुनाव 2023 निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से करवाना प्रशासन व पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। खरसिया थाना क्षेत्र में एसडीओपी प्रभात पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खरसिया राकेश मिश्रा और चौकी प्रभारी निरीक्षक सौरभ द्विवेदी के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा असामाजिक तत्वों तथा अनैतिक कार्यों में लगे हुए लोगों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिससे भद्रजन सुकून महसूस कर रहे है, वहीं पुलिस की कार्रवाई से असमाजिक तत्व खौफ में जी रहे हैं। खरसिया पुलिस द्वारा प्रतिदिन वाहनों की सघन जांच की जा रही है और इस जांच में पुलिस के हत्थे अवैध रूप से शराब बेचने वाले और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले आ रहे हैं। आज पुलिस चौकी खरसिया प्रभारी निरीक्षक सौरव द्विवेदी के नेतृत्व में खरसिया पुलिस की टीम द्वारा अभियान चलाकर अवैध शराब विक्रय करने वालों पर कार्यवाही किया गया जिसमें खरसिया पुलिस ने दो प्रकरणों में दो आरोपियों से 35 पाव देसी प्लेन मदिरा की जप्ती किया गया है। चौकी खरसिया में दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 14 व्यक्तियों पर खरसिया पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इसी क्रम में शांति व्यवस्था बनाए रखने झगड़ा विवाद के आवेदन पर एक व्यक्ति पर खरसिया पुलिस द्वारा 151 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

### विधानसभा चुनाव कौन कितने पानी में मतदाताओं को रिझाने की कोशिश कितनी सफल



**सारंगढ ,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। सभी पार्टियों के अधिकृत प्रत्शाशियों की घोषणा होने के बाद अब जोर पकडने लगा है और जहाँ भाजपा प्रत्याशी शिवकुमारी चौहान केन्द्र सरकार की उपलब्धियों व योजनाओं के साथ ज़ोर शोर से प्रचार प्रसार कर रही है इसी तारतम्य में आज सारधन ने सारंगढ शहर के विभिन्न वार्डों में प्रचार प्रसार किया जहां उनके साथ भाजपा मण्डल पुरूष व महिला मोर्चा की पूरी टीम थी। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी उत्तरी जांगडे चूंकि सीटिंग एमएलए हैं व उनकी टिकट पहले से ही लगभग तय थी इसी कारण उनका जनसंपर्क काफी पहले से ही चल रहा है तथा अब टिकट फायनल होने के बाद जनसंपर्क और जोर पकडने लगा है तथा कांग्रेस सरकार द्वारा सारंगढ को जिला बनाने की मांग पूरी किए जाने के आधार पर कांग्रेस को जिताने की अपील उत्तरी व अन्य कांग्रेसी जनता से कर रहे हैं।वहीं बसपा व आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी नारायण रत्नाकर व देव प्रसाद कोसले भी अपने अपने मुद्दों पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं पर अब गेंद जनता के पाले में है कि वह किसके मुद्दों पर रिझती है किसे विजयश्री का प्रसाद देती है।

# 200 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। 200 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ, बिक्री करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह अवैध कच्ची महुआ शराब पकड़ने बनी विशेष टीम की कार्यवाही बताई जा रही है। आरोपियो के विरूद्ध धारा 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया जाकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। वहीं ग्राम देवरी नाला में 100 बोरी महुआ लहान मिलने तथा ग्राम पोड़ी दल्हा में 105 बोरी महुआ लहान मिलने से विशेष टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट किया गया है।

विधान सभा निर्वाचन व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए, अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। 28 अक्टूबर को सूचना मिला की थाना शिवरीनारायण एवं अकलतरा क्षेत्र में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री की जाती है कि सूचना पर ग्राम रिंगनी, पोड़ीदल्हा में रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी प्रियांशु कश्यप उम्र 19 साल निवासी रिंगनी के कब्जे से 100 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा आरोपी रामलखन यादव उम्र 54 साल निवासी पोड़ीदल्हा के कब्जे से 100 लीटर कच्ची महुआ शराब, कुल जुमला 200 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 24,000 रु बरामद किया गया है। आरोपी प्रियांशु कस्यप के विरुद्ध थाना शिवरीनारायण में धारा 34 (2), 59 क आबकारी एक्ट के तहत तथा आरोपी रामलखन यादव के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया जाकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में एसडीओपी यदुमणि सिदार, निरी. तुलसिंह पट्टवी, निरी. अशोक दुवेदी, निरी. कमलेश शेंडे, उपनिरी. भवानी सिंह चौहान, आरक्षक अर्जुन यादव, प्रदीप दुबे, महिला आर रचना शांते एवम विशेष टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# जिले में अवैध शराब निर्माण और भंडारण के विरुद्ध की गई कार्रवाई




**जांजगीर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम कमरीद के सबरिया डेरा बांधा तालाब एवं नाला के किनारे से आसवित 130 बल्क लीटर महुआ शराब एवं 1200 किग्रा महुआ लाहन बरामद होने से आब. अधि. की धारा 34 (2) के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया है। साथ ही भारी मात्रा में शराब निर्माण की सामग्री आदि नष्ट किए गए।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब निर्माण एवं भंडारण पर कार्यवाही की गई । सहायक आयुक्त आबकारी प्रवीण वर्मा ने बताया कि वृत्त पामगढ के अवैध शराब निर्माण एवं भंडारण के चिन्हांकित स्थान सबरिया डेरा में कार्यवाही की गई। ग्राम कमरीद के सबरिया डेरा बांधा तालाब एवं नाला के किनारे से आसवित 130 बल्क लीटर महुआ शराब एवं 1200 किग्रा महुआ लाहन बरामद होने से आब. अधि. की धारा 34 (2) के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया। साथ ही भारी मात्रा में शराब निर्माण की सामग्री आदि नष्ट किए गए। ग्राम खरखोद में भक्तिन बाई के मकान से आसवित 10 बल्क लीटर महुआ शराब बरामद किये जाने पर आब अधि की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया गया। ग्राम कोसला में विजय कुर्मी के मकान से आसवित 02 बल्क लीटर महुआ शराब बरामद किये जाने पर आब अधि की धारा 34(1 ) क के तहत प्रकरण कायम किया गया। कार्यवाही में 142 बल्क लीटर महुआ शराब एवं 1200 किग्रा महुआ लाहन (नष्ट) किया गया। उक्त संयुक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक मनोज राठौर के नेतृत्व में आबकारी उप निरीक्षक रमेश सिदार, यीवरेश कुमार, घनश्याम प्रधान, सुनील रात्रे शामिल थे।

# तलाशी में 170 कार्टून में भरे मिले 17 लाख का पटाखा जब्त

## किराना व्यापारी के गोदाम में मिले भारी मात्रा में पटाखे



**जांजगीर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के अकलतरा में किराना व्यवसायी के गोदाम में रखे 17 लाख रुपए के पटाखे को पुलिस ने जब्त कर लिया है। ये पटाखे 170 कार्टन में भरकर रखे हुए थे। दुकान संचालक किशोर कुमार गुप्ता पर विस्फोटक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

अकलतरा थाना प्रभारी ने बताया कि 28 अक्टूबर को सायबर सेल/थाना अकलतरा को सूचना मिला की थाना अकलतरा क्षेत्र में किशोर कुमार गुप्ता द्वारा अपने किराना दुकान गोदाम में अवैध रूप से भारी मात्रा में फटाखे भंडारण कर रखा है।

सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया जिसके कब्जे से 170 कार्टून विभिन्न प्रकार के फटाखा कीमती 17 लाख रुपया गवाहों के समक्ष बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध अकलतरा में धारा 9 (ख) विस्फोटक अधिनियम के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, सायबर टीम उप निरीक्षक पारस पटेल,मुकेश पाण्डेय,प्रधान आरक्षक राजकुमार चंद्रा, बलबीर सिंह,आरक्षक गिरीश कश्यप, रोहित क़हरा एवं थाना प्रभारी अकलतरा से उप निरी. बाबूलाल कोसरिया, महिला प्रधान आर अनिता पाटले का सराहनीय योगदान रहा।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने मास्टर ट्रेनरों की बैठक लिया

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने दोपहर 12 बजे जिले के मास्टर ट्रेनरों का बैठक लिया। बैठक में पीठासीन अधिकारियों को मतदान केन्द्र पहुंचने पर, वहां की व्यवस्था, मतदान के प्रारंभ में, मतदान के दौरान सावधानियां, असामान्य एवं जटिल मामले, मतदान का समापन, दर्ज वोटों का लेखा, मतदान समाप्ति के बाद वोटिंग मशीनों और दस्तावेजों की सीलिंग आदि के बारे में बताया गया। इस अवसर पर निर्वाचन पुस्तिका 'किया जावे' और 'न किया जावे' के बारे में सूक्ष्म जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम द्वय मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी सहित मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी, एस.आर. अजय, चन्द्रा आदि उपस्थित थे।

# दो व्यापारियों के पास 80 हजार के पटाखे जब्त

**सक्ती,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुकान व घर में रिहायशी इलाके में अवैध रूप से बिना लाइसेंस के पटाखा रखने और बिक्री करने वाले दो व्यापारियों के पास से पुलिस ने 80 हजार रूपये का पटाखा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

आगामी दीपावाली त्यौहार को देखते हुए अवैध रूप से पटाखा भंडारण एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 28 अक्टूबर को टाउन पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि गौरव पथ रोड में संदीप अग्रवाल अपने दुकान के सामने अवैध रूप से बिक्री करने के लिए रखा है। सूचना पर दबिश दी गई। संदीप अग्रवाल के कब्जे सेबड़ी मात्रा में विभिन्न प्रकार के पटाखे मिले । पुलिस ने पटाखों के वैध दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया मगर व्यापारी संदीप कोई वैध दस्तावेज , लाइसेंस नहीं होने की जानकारी लिखित में दी। पुलिस ने संदीप अग्रवाल पिता मुरलीधर अग्रवाल के पास 85 हजार 772 रूपये के पटाखे जब्त किए । इसी प्रकार राजापारा सक्ती निवासी चिराग अग्रवाल पिता प्रकाश अग्रवाल के द्वारा भी अपने घर दुकान के सामने पटाखा बिक्री के लिए रखने की सूचना पर दबिश दी गई। पुलिस ने चिराग के पास से 20 हजार 500 रुपये के विभिन्न प्रकार के पटाखे जब्त किए। पुलिस ने दोनों ही मामलों में धारा 98 बी विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की ।

## महंत रामसुंदर दास के पिता का निधन, 86 साल की उम्र में ली अंतिम सांस



जांजगीर, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के दक्षिण विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी महंत राममुंदर दास के पिता का निधन हो गया है। 88 साल की उम्र में रायपुर के रामकृष्ण अस्पताल में अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि लंबे समय से बीमार चल रहे थे, जिनका रामकृष्ण हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान ही उनकी मौत हुई है।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली

**सारंगढ़ बिलाईगढ़,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने शाम 4 बजे जिले के सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभी सेक्टर अधिकारियों को वोटिंग मशीन-बीयू, सीयू, व्हीव्हीपैट के तार को कैसे जोड़ा जाता है, को प्रत्यक्ष जोड़कर बताया और वीडियो के माध्यम से समझाया गया।

बैठक में सेक्टर अधिकारियों को सभी कार्य निर्वाचन नियमानुसार करने, मतदाता के 18 वर्ष आयु होने के शंका की स्थिति में जन्म प्रमाण पत्र या घोषणा पत्र के साथ मतदान करने की अनुमति दी जाने की प्रक्रिया, शाम 5 बजे के 5 मिनट पूर्व घोषणा और मतदान केन्द्र में लाइन लगे मतदाताओं के अंतिम व्यक्ति को प्रथम टोकन देते हुए लाइन के प्रथम व्यक्ति को अंतिम टोकन देने, मतदान केन्द्र में सभी उम्मीदवारों के साथ समान व्यवहार करने के लिए कहा गया। इसके साथ-साथ निर्वाचन पुस्तिका 'किया जावे' और 'न किया जावे' के बारे में सूक्ष्म जानकारी दी गई।

# हर शिक्षक के अंदर साहित्यकार छुपा हुआ है- डॉ.देवांगन

## शिकसा कवि सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन



**डभरा,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में शरद पूर्णिमा के अवसर पर शिकसा कवि सम्मेलन का आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान के उपस्थिति तथा टीकाराम सारथी प्राचार्य चुरतेली व सलाहकार शिकसा के अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना विरेंद्र कुमार साहू व राजगीत मनोहर लाल यादव ने प्रस्तुत कर किया सर्वप्रथम संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस ने कहा कि हर शिक्षक के अंदर के कवि व साहित्यकार छुपा हुआ है उसे ही कवि सम्मेलन के माध्यम से सामने लाने का प्रयास है।

कार्यक्रम में प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, कोषाध्यक्ष बोधीराम साहू, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान, संगठन मंत्री महेत्तर लाल देवांगन, सलाहकार प्रमोद आदित्य, जिला महासचिव राधेश्याम कंवर आदि ने भी संबोधित किया कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे टीकाराम सारथी ने शिकसा कवि सम्मेलन के आयोजन पर संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस को बधाई दिया वही कहा कि शिकसा से जुड़कर शिक्षक साथी अपने छुपे प्रतिभा को निखार कर सम्मानित हो रहे है इस कार्यक्रम में कई कवियों ने अपना हिस्सा लिया और अपना रचना का पाठ किया।

वही कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार मैथिल प्रधान पाठक बिजली नगर भिलाई व संयुक्त सचिव शिकसा व आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस संयोजक ने किया।

# 1 नवंबर से धान की खरीदी, नए किसानों का पंजीयन कल तक

## अब तक एक लाख 19 हजार 342 किसानों का पंजीयन

जांजगीर, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। एक नवंबर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरु हो रही है। इस बार जिले में 101 समितियां के द्वारा 123 खरीदी केंद्रों के माध्यम से धान की खरीदी की जाएगी। इस बीच समर्थन मूल्य पर धान बेचने किसानों का पंजीयन व सत्यापन जारी है। पंजीयन कराने के लिए नए किसानों के पास अब केवल दो दिन का समय शेष है। नए किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक ही होगा क्योंकि एक नवंबर से धान खरीदी शुरु होगी। अभी तक केंद्रों की साफ सफाई और अन्य व्यवस्थाएं पूरी नहीं की जा सकी है।

कई केंद्रों में घास उगे हैं उनकी भी सफाई नहीं कराई जा सकी है। प्रशासन भले ही धान खरीदी की तैयारी में जुट गई है। मगर मैदानी स्तर पर कहीं भी तैयारी नजर नहीं आ रही है।

एक नवंबर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरु होगी। जिले में 101 समितियां के द्वारा 125 खरीदी केंद्रों के माध्यम से धान की खरीदी की जाएगी । मगर केंद्रों में धान खरीदी की तैयारी नजर नहीं आ रही है। अभी तक केंद्रों की साफ सफाई और अन्य व्यवस्थाएं पूरी नहीं की जा सकी है। धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधाओं के लिए छांव, पानी, बैठने की व्यवस्था, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सहित चेक लिस्ट के अनुसार उपार्जन केंद्रों में कम्प्यूटर, प्रिंटर, युपीएस, जनरेटर, इंटरनेट कनेक्शन, आद्रता मापी यंत्र, तौल के लिए कांटा बांट की उपलब्धता, बारदाना सहित अन्य निर्धारित सुविधाओं की कमी है। वहीं उधर समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू होने से पहले नया किसानों का पंजीयन जारी है।

वहीं रकबा, आधार कार्ड, अकाउंट नंबर समेत अन्य संशोधन कराने के लिए सत्यापन भी किया जा रहा है। पंजीयन व सत्यापन के लिए 31 अक्टूबर अंतिम समय है। डेढ़ माह से किसानों के पंजीयन का काम चल रहा है। बंटवारा नामा के चलते लगातार जिले में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों की संख्या भी बढ़ती जा रही है।

जिले में अब तक एक लाख 19 हजार 342 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। इस साल यह आंकड़ा बढ़ने की संभावना है। धान का समर्थन मूल्य बढ़ने के कारण भी हर साल जिले में किसानों की संख्या बढ़ती जा रही है।

## जांजगीर में 125 सक्ती में 118 खरीदी केंद्र

जांजगीर - चांपा जिले में अब उपार्जन केंद्रों की संख्या 125 तो सक्ती जिले में उपार्जन केंद्रों की संख्या 118 हो गई है। वहीं जांजगीर-चांपा जिला में सहकारी समिति 101 तो सक्ती जिला में 95 सहकारी समिति है। हालांकि इस बार भी नए उपार्जन केंद्र खोलने का प्रस्ताव भेजा गया था जिसमें दोनों जिले में दो दो नए केंद्र खुलने की स्वीकृति शासन से मिली है। पिछले वर्ष जांजगीर चांपा जिले में 123 और सक्ती जिले में 116 खरीदी केंद्र थे।

## एप में इस तरह ले सकेंगे टोकन

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों को मोबाइल में टोकन तुहर हाथ एप डाउनलोड करना होगा, रजिस्ट्रेशन के समय एप में समिति से जारी किसान पंजीयन क्रमांक, मोबाइल नंबर व किसान को अपनी जमीन संबंधित जानकारी को एप में डालना होगा। मोबाइल नंबर डालने पर ओटीपी के जरिए पंजीयन करना होगा। पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) हो जाने के बाद घर बैठे या किसी भी स्थान से टोकन कटवाने के लिए आनलाइन फ्रार्म भर सकेंगे।

## 32 हजार 200 गठान बारदाने की जरूरत

धान खरीदी के लिए इस बार 1 करोड़ 20 लाख बारदाना की आवश्यकता होगी । इसमें 60 लाख नए और 60 लाख पुराने मिलर्स और पीडीएस के बारदाने होंगे। मार्कफेड के मुताबिक 32 हजार 200 गठान बारदाने की जरूरत होगी । इसके बदले 17 हजार नए बारदाने का गठान आ चुका है। शेष बारदानों का इंतजार है। इसके अलावा मिलर्स और पीडीएस से मिलने वाले बारदाना के सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। मिलर्स से 14 हजार 500 सौ बारदाना मिलना है जिसमें से अभी तक केवल 61 सौ बारदाने मिल चुके हैं।

## प्रशिक्षण दिया जा चुका है

जिले में एक नवंबर से धान की खरीदी शुरू की जाएगी । इसके लिए सभी अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। केंद्रों में तैयारी की जा रही है। केंद्रों में धान की आवक 15 नवंबर के बाद ही शुरू होगी तब तक सभी केंद्रों में सुविधाएं व्यवस्थित कर ली जाएगी।

**अश्वनी पांडेय**
**नोडल अधिकारी,जिला सहकारी बैंक**

## अफगानिस्तान में भूकंप के झटके, 13 लोग घायल

**हेरात।** अफगानिस्तान के पश्चिमी हेरात प्रांत में शनिवार देर रात आए ताजा भूकंप में 13 लोग घायल हो गए। प्रांत के क्षेत्रीय अस्पताल के प्रमुख नूर गुल वलीजादा ने रविवार को बताया कि भूकंप के झटके कल देर रात महसूस किये गये। उन्होंने कहा कि घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.0 मापी गयी। भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से 10 किमी की गहराई में स्थित था।

# देश विदेश

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने गाजा में हो रही तबाही पर चेताया

**न्यूयॉर्क,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में हो रही तबाही के प्रति चेतावनी देते हुए कहा है सबकी आंखों के सामन एक मानवीय आपदा हो रही है। शनिवार रात हुई भारी बमबारी ने गाजा को तबाह कर दिया और इसे बाहरी दुनिया से लगभग अलग-थलग कर दिया। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गाजा में तत्काल, दीर्घकालिक और सतत मानवीय संघर्षविराम का आह्वान करते हुए 14 के मुकाबले 120 मतों से एक प्रस्ताव पारित किया लेकिन लड़ाई रोकने के लिए इस भारी समर्थन के बावजूद भी गाजा की स्थिति पर कोई खास फर्क नहीं पड़ा और इजरायली सैन्य कार्रवाई एक निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है। यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल ने एक ट्वीट में चेतावनी देते हुए कहा, गाजा पूरी तरह से ब्लैकआउट और अलगाव की स्थिति में है। इस बीच भारी गोलाबारी जारी है। गाजा में स्थिति बहुत




■ सबके सामन एक मानवीय आपदा हो रही

■ भारी बमबारी ने गाजा को तबाह कर दिया

हताश करने वाली है, जहां लोग बिजली, भोजन, पानी के बिना रह रहे हैं। बच्चों सहित बहुत सारे नागरिक मारे गए हैं जो कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के खिलाफ है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव में शुक्रवार को गाजा में मानवीय संघर्षविराम का आह्वान करने के अलावा यह आशा भी व्यक्त की गयी कि इससे शत्रुता समाप्त हो जाएगी लेकिन एकमात्र शक्ति जो ऐसा कर सकती है, उसने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की दूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि अमेरिका ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया है क्योंकि इसमें हमास की निंदा नहीं की गई और बंधकों की रिहाई का आह्वान नहीं किया गया। यूरोपीय संघ के आठ सदस्य देशों ने प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों में से तीन - चीन, फ्रांस और रूस ने भी प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया। अमेरिका ने इसके खिलाफ मतदान किया जबकि ब्रिटेन अनुपस्थित रहा। अरब और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) देश, जिन्होंने 40 अन्य देशों के समर्थन से प्रस्ताव पेश किया, उन्हें विश्वास था कि चीन और रूस पक्ष में मतदान करेंगे, लेकिन फ्रांस की ओर से समर्थन करना उनके लिए एक सुखद आश्चर्य था।

## गाजा संघर्ष को लेकर तुर्की राष्ट्रपति ने पश्चिम, इजराइल पर साधा निशाना



**इस्तांबुल।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने शनिवार को पश्चिम पर इजरायल के हमले को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया और गाजा पर इजरायल के हमलों की निंदा की। फिलिस्तीन समर्थक रैली को संबोधित करते हुए एर्दोगन ने कहा कि गाजा में हत्या के लिए पश्चिम ही सबसे अधिक जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, इजरायल-हमास संघर्ष अपने 22वें दिन में प्रवेश कर गया है, लेकिन %पश्चिमी नेता इस पर प्रतिक्रिया देना तो दूर, इजरायल से युद्धविराम के लिए भी नहीं कह सकते।% एर्दोगन की सत्तारूढ़ जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी द्वारा शनिवार को बुलाई गई ग्रेट फ़िलिस्तीन रैली में सैकड़ों-हज़ारों समर्थक शामिल हुए। तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा कि रैली दिखाएगी कि तुर्किये इजरायली उत्पीड़न के खिलाफ फिलिस्तीनी लोगों के साथ खड़े हैं। एर्दोगन के भाषण के बाद, इजरायली विदेश मंत्री एली कोहेन ने घोषणा की कि उन्होंने प्रतिक्रिया में तुर्की से देश के राजनयिक प्रतिनिधियों को वापस बुला लिया है और तुर्की के साथ संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करेंगे। एर्दोगन ने इस सप्ताह की शुरुआत में इजरायल की अपनी नियोजित यात्रा रद्द कर दी थी।

## गुटेरेस ने दुनिया से यथास्थिति से बाहर निकलने का आग्रह किया

श्री गुटेरेस ने दुनिया से यथास्थिति से बाहर निकलने का आग्रह किया। उन्होंने अपने भाषण में कहा, हम पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता के लिए एकमात्र यथार्थवादी मूल सिद्धांत, दो-राष्ट्र समाधान का दृष्टिकोण नहीं खो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गाजा में तत्काल, दीर्घकालिक और सतत मानवीय संघर्षविराम का आह्वान करते हुए 14 के मुकाबले 120 मतों से एक प्रस्ताव पारित किया। अमेरिका और इजरायल के अलावा 12 अन्य देशों ने इस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। इनमें प्रशांत क्षेत्र के पांच द्वीप राष्ट्र और चार यूरोपीय देश ऑस्ट्रिया, क्रोएशिया, चेक गणराज्य और हंगरी शामिल हैं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 30 अक्टूबर , 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 1**

### राशिफल

मेष -दिन का आरंभ कुछ इस तरह से होगा कि आप उत्साह से भरपूर रहेंगे। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ मेल-मिलाप होगा।

वृषभ -आज आप किसी बात की दुविधा में रह सकते हैं। काम पूरा नहीं होने से असंतुष्ट रहेंगे। सर्दी-खांसी, कफ या बुखार की समस्या हो सकती है। धार्मिक कामों के पीछे भी धन खर्च हो सकता है। स्वजनों से वियोग होगा।

मिथुन -आज आपको मित्रों से लाभ होगा। नए मित्र बन सकते हैं, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धनलाभ होगा। प्रवास या पर्यटन का आयोजन हो सकता है।

कर्क -आप आज शारीरिक तथा मानसिक रूप से व्याकुलता और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। क्रोध की मात्रा अधिक रहने से किसी के साथ विवाद भी हो सकता है, परंतु दोपहर के बाद आप की शारीरिक स्थिति में सुधार होगा।

सिंह -परिवार तथा व्यावसायिक क्षेत्र में आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। दोनों जगहों पर जरूरी चर्चाओं में समय निकलेगा। काम का बोझ बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ शिथिलता रहेगी। तथा दोपहर के बाद स्वास्थ्य में सुधार होगा।

कन्या -आज आप किसी बात का गहरा विचार करेंगे। ज्योतिष या आध्यात्म के विषय के प्रति आपका ध्यान आकर्षित होगा। आज सोच-समझकर बोलिएगा, जिससे किसी के साथ विवाद न हो। स्वास्थ्य नरम रहेगा।

तुला -आज आप सामाजिक कार्यक्रमों में प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। प्रियपात्र मिलने से आपका मन खुश रहेगा। दांपत्यजीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। दोपहर और शाम के समय आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखें।

वृश्चिक -आज का आपका दिन बहुत खुशी और आनंद में गुजरेगा। आप व्यापार के काम में ज्यादा व्यस्त रहेंगे तथा उससे आर्थिक लाभ भी होगा। अधिक लोगों का साथ आज मिलने से किसी राजनीतिक या सामाजिक चर्चा के प्रसंग बनेंगे।

धनु -आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से थोड़ी शिथिलता का अनुभव करेंगे। काम के लिए कुछ अधिक भागदौड़ मची रहेगी। परिश्रम की तुलना में परिणाम कम मिलेंगे।

मकर -आज किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हो। पानी वाली जगहों से दूर रहें। जमीन-ज़ायदाद के दस्तावेज ध्यान से पढ़ें। मानसिक चिंता रहेगी। आज जिद्दी व्यवहार टालिएगा। संतान की चिंता रहेगी।

कुंभ -आज आपको नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी, लेकिन कोई अति महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचें। साहित्य से जुड़े काम के लिए दिन अच्छा है। दोपहर के बाद परिस्थिति में बदलाव आएगा। किसी बात को लेकर कन्फ्यूजन बना रहेगा।

मीन -आज आप ज्यादा स्वार्थी ना बनें और दूसरों को भी महत्व दें। घर, कुटुंब तथा व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छा व्यवहार दूसरों से आपके संबंध बनाए रखेगा। आप नए काम करने के लिए उत्साहित होंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## पाकिस्तान के पंजाब में दस आतंकवादियों को किया गिरफ्तार

**इस्लामाबाद,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत की पुलिस ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के एक कमांडर सहित 10 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने यह जानकारी दी। सीटीडी ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि गिरफ्तारियां तब की गई जब सीटीडी ने आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए पूरे प्रांत में अलग-अलग अभियान चलाया। बयान में कहा गया है कि टीटीपी कमांडर, जिसे एक छापे में उसके चार साथियों के साथ हिरासत में लिया गया जब वह प्रांत में कुछ संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर हमला करने की योजना बना रहा था। लेकिन सीटीडी द्वारा समय पर की गई कार्रवाई से आतंकी प्रयास को नाकाम कर दिया गया। कानून प्रवर्तन एजेंसी ने गिरफ्तार आतंकवादियों के कब्जे से विस्फोटक सामग्री, हथगोले, हथियार, मोबाइल फोन और नकदी भी जब्त की। बयान में अन्य पांच आतंकवादियों की पहचान उजागर नहीं की गई। गिरफ्तार आतंकवादियों को आगे की जांच के लिए अज्ञात स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया।

## ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने को कहा

**कैनबरा,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने लेबनान में अपने नागरिकों से अस्थिर सुरक्षा स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द मध्य पूर्व देश छोड़ने का आग्रह किया है।



विदेश मंत्री पेनी वोंग ने सोशल मीडिया पर जारी किया बयान

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्री पेनी वोंग ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक बयान में लेबनान में आस्ट्रेलियाई लोगों को चेतावनी दी कि क्षेत्र में चल रहे संघर्ष के कारण बेरूत हवाईअड्डा बंद हो सकता है।

वोंग ने कहा, लेबनान से आस्ट्रेलियाई लोगों को अब चले जाना चाहिए, वाणिज्यिक उड़ानें उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा, अगर सशस्त्र संघर्ष बढ़ता है, तो यह लेबनान के व्यापक क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है और बेरूत हवाईअड्डा बंद हो सकता है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार आपको निकलने में मदद नहीं कर पाएगी। विदेश मामलों और व्यापार विभाग (डीएफएटी) ने शनिवार को लेबनान के लिए अपनी यात्रा सलाह को अपडेट किया, ऑस्ट्रेलियाई लोगों को देश का दौरा करने के खिलाफ चेतावनी दी और पहले से ही वहां मौजूद नागरिकों को अपने संकट पंजीकरण पोर्टल के साथ पंजीकरण करने के लिए कहा।

सरकार ने इजरायल और फ?लिस्तीनी क्षेत्रों में ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे से प्रत्यावर्तन उड़ानों को चार्टर्ड किया है, लेकिन लेबनान से किसी भी तरह की व्यवस्था नहीं की है।

रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने बुधवार को पुष्टि की है कि ऑस्ट्रेलियाई लोगों को निकालने के लिए आकस्मिक स्थिति के रूप में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना (आरएएएफ) के दो विमान और सहायक सैनिकों को मध्य पूर्व में तैनात किया गया है।

### दक्षिण मेक्सिको में आया तूफान ओटिस

## तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 39 हुई

**मेक्सिको सिटी,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेक्सिको के दक्षिणी राज्य गुएरेरो में तूफान ओटिस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है, जबकि 10 लोगों के लापता होने की सूचना है। मैक्सिको की सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी।

जानकारी दी गयी होटलों का लगभग 80 प्रतिशत बुनियादी ढांचा क्षतिग्रस्त होने के अनुमान है और आवश्यक सेवाएँ बंद हो गई हैं। इधर संघीय विद्युत आयोग ने कहा कि लगभग 55 प्रतिशत उपभोक्ताओं को बिजली बहाल कर दी गई है। सैफिर-सिम्पसन पैमाने पर श्रेणी पांच के तूफान के रूप में ओटिस ने बुधवार को ग्युरेरो के तट पर हमला किया, जिससे मुख्य रूप से लोकप्रिय पर्यटक रिसॉर्ट अकापुल्को में



विनाशकारी क्षति हुई। मैक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने कहा, हम अकापुल्को के सभी लोगों की मदद करने जा रहे हैं, हर कोई प्रभावित हुआ है, और हम अकापुल्को को उसके पैरों पर वापस खड़ा करने जा रहे हैं। यह मेरी प्रतिज्ञा है।

## मारपीट के मामले में भारतीय मूल का व्यक्ति दोषी करार

**सिंगापुर,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिंगापुर की एक अदालत ने 33 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को जुलाई, 2020 में एक टैक्सी में यात्रा करते समय हुए झगड़े के बाद एक अन्य व्यक्ति को पीट-पीट कर मार डालने के मामले में दोषी ठहराया है।

द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी शक्तिवेल शिवसूरियन को शुक्रवार को पीड़ित मंजुनाथ लुईस रवि को जानबूझकर चोट पहुंचाने के मामले में दोषी ठहराया गया। मारपीट के अगले पांच दिन बाद गर्दन और सिर की चोटों के चलते पीड़ित मंजुनाथ की अस्पताल में मौत हो गई थी। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, मंजूनाथ, एक महिला, शक्तिवेल और उसकी पत्नी रात करीब 11 बजे गैंगसा रोड पर एक टैक्सी से कहीं जा रहे थे। इस दौरान शक्तिवेल और मंजूनाथ के बीच विवाद हो गया। झगड़ा आगे बढ़ा और मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान मंजूनाथ जमीन पर गिर गया। उसके सिर पर चोट आई। वह अपने आप उठने में असमर्थ था। उसे एक अस्पताल ले जाया गया जहां स्कैन से पता चला कि उसके मस्तिष्क की सतह पर रक्तस्राव हो रहा है, साथ ही मस्तिष्क में सूजन है। द टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, शव परीक्षण से पता चला कि मंजूनाथ की बायीं आंख के ऊपर की हड्डी में एक छोटी सी दरार थी और उनकी रीढ़ की हड्डी में डिस्प्लेसमेंट था।

## आज का इतिहास

1611- गुस्टॉफ द्वितीय एडोल्फ 17 साल की उम्र में स्वीडन का राजा बना।

1883- महान चिंतक तथा समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती का निधन हुआ ।

1887- बंगाल के लोकप्रिय उपन्यासकार सुकुमार रे का जन्म हुआ ।

1905- रूसी शासक जार निकोलस द्वितीय ने पहले रूसी संविधान को मंजूरी दी ।

1909- भारत के भौतिक शास्त्री और प्रसिद्ध वैज्ञानिक होमी जहाँगीर भाभा का जन्म हुआ था।

1922- बेनिटो मुसोलिनी ने इटली में सरकार बनाई ।

1925- पहली बार लंदन में टेलिविजन पर प्रसारण हुआ।

1928- लाला लाजपत राय ने लाहौर में साइमन कमीशन के विरुद्ध आयोजित एक विशाल प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जिसके दौरान हुए लाठी-चार्ज में वे बुरी तरह से घायल हो गये।

1930- तुर्की तथा यूनान ने मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किये ।

1945- भारत संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ था।

1956- भारत का पहला पांच सितारा होटल 'अशोक' खुला।

1960- ब्रिटेन में पहली बार सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट की गई।

1974- प्रसिद्ध गजल और ठुमरी गायिका बेगम अख्तर का निधन हुआ।

1975- स्पेन में किंग जुआन कारलोस ने सत्ता संभाली।

1990- भारत के मशहूर और लोकप्रिय अभिनेता विनोद मेहरा का निधन हुआ।

### राजनीति | हड़ताल के समर्थन में विभिन्न स्थानों पर मार्च व धरने की खबरें आईं

## बांग्लादेश में बीएनपी की हड़ताल जारी

**ढाका,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश में बीएनपी की हड़ताल के कारण रविवार को हिंसा जारी रही। उपद्रवियों ने ढाका में दो बसों में आग लगा दी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान हेल्पर (ड्राइवर का सहायक) के रूप में हुई जो बस के अंदर सो रहा था। इससे पहले दिन में एक अन्य घटना में, बैतुल मुकर्रम मस्जिद के साउथ गेट पर शिकार परिबाहन बस को आग लगा दी गई थी। अग्निशमन सेवा कर्मियों को सूचित किया गया जिन्होंने आग बुझा दी।

इसके अलावा ऐसी भी खबरें हैं कि उत्तरा में तीन बीआरटीसी बसों पर ईंटें फेंकी गईं। बसों के शीशे टूट गए।

जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, हड़ताल के समर्थन में विभिन्न स्थानों पर मार्च और धरने की खबरें आईं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (डीबी) हारुन और रशीद ने कहा, पुलिस की कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया। राजारबाग पुलिस अस्पताल की सभी एंबुलेंस को आग के हवाले कर दिया गया। दोषियों को सजा मिलेगी। सूचना मिली है कि ढाका शहर के अलग-अलग हिस्सों में डीबी की ड्रेस पहने लोग लूटपाट कर रहे हैं। हमने उन लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है।%%

राशिद ने कहा, इसी तरह, आज हम उन लोगों की तलाश कर रहे हैं जिन्होंने कानून प्रवर्तन वर्दी या डीबी वर्दी पहनकर बसों में आग लगा दी। हम उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लेंगे। उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर द्वारा अपने वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को बंद का आह्वान किया गया। जिसके चलते कानून प्रवर्तन एजेंसी के सदस्य शहर भर में कई प्वाइंट्स पर हाई अलर्ट पर रहे। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश से कुल 11 प्लाटून भी तैनात किए गए थे। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी ने शनिवार शाम को उसी समय हड़ताल की घोषणा की थी।

हालांकि, ढाका बस ओनर्स एसोसिएशन ने उनके हड़ताल के आह्वान को अस्वीकार किया।



■ 2 बसों को लगाई आग एक की मौत

## सुडोकू 6361


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 7 | | 2 | |
| 1 | | | | | 9 | 7 | | |
| 2 | 5 | | 8 | | 6 | | | |
| | | 5 | | | | 9 | | 8 |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| 6 | | 8 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 9 | 3 |
| | | 4 | 9 | | | | | 1 |
| | 3 | | 4 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6361



**बायें से दायें:-**

१. ... के कारण, के सौजन्य से (उर्दू)
३. जिसे सुना न गया हो
५. निश्चय
६. नमन
७. कर आदि से बचने के लिए शासन से छिपा कर रखा गया रुपया
९. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१०. जो घबराया या डरा हुआ न हो
१२. कथोपकथन
१३. प्रण
१४. पूरी तरह, नितांत
१६. झुका या गिरा हुआ
१८. देह, तन
२०. दृश्य, काव्य अभिनय
२२. दुर्बल, कमजोर
२३. दुर्बल, कमजोर
२३. रिसाव होने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिदायक
२. वश में या नियंत्रण में रखना (मुहावरा)
३. अभिनेता (उर्दू)
४. सुगंध
५. उपयोग
८. जो चारों ओर से केंद्र की ओर झुका हो
१०. नामुकम्मल, अपूर्ण
११. शहजादा, पुत्र
१२. जानकारी होना
१३. पहरेदार
१४. पयार्यवाची
१५. समान कोटि का
१७. मग्न, लीन
१८. पनाह
१९. एक प्रकार का ज्योतिष
२२. होंठ

### वर्ग पहेली-6360

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ त | फ | २ सी | ल | ■ | ■ | 3 फ | जी | ४ ह | त |
| क | ■ | र | ■ | ५ अ | प्स | रा | ■ | त्या | ■ |
| ६ रा | ह | त | क | ना | ■ | ७ ग | ज | रा | ८ ज |
| र | ■ | ■ | ■ | ९ वृ | तां | त | ■ | ■ | न |
| ■ | १० स | म्मि | ११ लि | त | ■ | ■ | १२ आ | तं | क |
| ■ | फ | ■ | ख | ■ | १३ हू | ब | हू | ■ | ल्या |
| १४ सु | ल | १५ झ | ना | ■ | क | ■ | १६ त | १७ रू | ण |
| हा | ■ | ल | ■ | १८ ज | ना | १९ ब | ■ | स | ■ |
| २० ग | तां | क | ■ | न | ■ | २१ ना | ग | वा | २२ र |
| न | ■ | २३ ना | म | क | मा | ना | ■ | ■ | जा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6361 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 4 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 2 |

## दुनिया को जानें

## मंगोलिया ने मुफ्त फ्लू टीकाकरण अभियान किया शुरू

**उलानबटोर,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। मंगोलिया पूरे देश में उच्च जोखिम वाले समूहों के बीच निःशुल्क फ्लू टीकाकरण अभियान चल रहा है। यहां के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा, वार्षिक टीकाकरण अभियान मौसमी फ्लू सहित श्वसन संक्रमण को रोकने के प्रयासों का हिस्सा है।

मंत्रालय ने कहा कि उच्च जोखिम वाले समूहों में 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोग, गर्भवती महिलाएं, पांच साल तक के बच्चे, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और अन्य शामिल हैं। मंगोलिया की जलवायु अत्यधिक महाद्वीपीय है जिसमें लंबी, ठंडी सर्दियाँ और छोटी, गर्म ग्रीष्मकाल होती है। मंगोलिया में सर्दियों के दौरान शून्य से 25 डिग्री सेल्सियस नीचे का तापमान सामान्य है, जहां फ्लू का चरम मौसम दिसंबर से फरवरी तक रहता है। इसके अतिरिक्त, देश की राजधानी उलानबटोर, जहां देश की 34 लाख की लगभग आधी आबादी रहती है, सर्दियों में गंभीर वायु प्रदूषण का सामना करती है।

# खेल जगत

## कोहली के पास अराजकता में अपने दिमाग को नियंत्रित करने की क्षमता है : साइमन डूल

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर साइमन डूल ने तनावपूर्ण परिस्थितियों में अपने दिमाग और अपनी बल्लेबाजी को नियंत्रित करने की क्षमता के लिए पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली की प्रशंसा की है। कोहली भारत के लिए अग्रणी रन-स्कोरर हैं और मौजूदा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में समग्र सूची में दूसरे स्थान पर हैं, उन्होंने 118 के प्रभावशाली औसत और 90.53 के ठोस स्ट्राइक रेट को बनाए रखते हुए पांच मैचों में 354 रन बनाए हैं। उनके असाधारण प्रदर्शन में एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं. 31 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप मैचों में, 34 वर्षीय ने 55.36 की औसत से 1,384 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और नौ अर्द्धशतक शामिल हैं, जिसमें 107 का उच्चतम स्कोर है। डूल ने आईसीसी पर अपलोड किए गए एक वीडियो में कहा, अपने आसपास हो रही अराजकता के दौरान अपने दिमाग और अपनी बल्लेबाजी को नियंत्रित करने की क्षमता विराट के लिए सबसे बड़ी प्रशंसाओं में से एक है।



# रोहित की 87 रन की पारी के बावजूद इंग्लैंड ने भारत को 9 विकेट पर 229 पर रोका

- इंग्लैंड के विली ने चटकाए तीन विकेट, वॉक्स व राशिद को दो-दो विकेट

सत्येन्द्र पाल सिंह

लखनऊ 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कप्तान रोहित शर्मा की अपने चिर परिचित अंदाज में 87 रन की बेहतरीन पारी और केएल राहुल के साथ उनकी चौथे विकेट के लिए 91 रन की बेशकीमती भागीदारी तथा सूर्य कुमार की बेशकीमती 49 रन की उपयोगी पारी के बावजूद इंग्लैंड ने गेंदबाजी इकाई के रूप में बढ़िया प्रदर्शन कर भारत को रविवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के मैच में निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 229 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज डेविड विली (3/45) और क्रिस वॉक्स (2/33) पारी के शुरू भारत की पारी के शुरू तथा अनुभवी लेग स्पिनर आदिल राशिद (2/35) ने पारी के अधबीच पहले रोहित और फिर रवींद्र जडेजा के विकेट निकाल भारत को रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में उसे बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोक कर अपने कप्तान के टॉस जीत कर भारत को पहले बल्लेबाजी करने की दावत के फैसले को सही साबित किया।




इंग्लैंड के सबसे कामयाब गेंदबाज डेविड विली ने विराट कोहली(0), केएल राहुल (39 रन, 58 रन, तीन चौके) और सूर्य कुमार यादव (49 रन, 47 गेंद, एक छक्का, चार चौके )के बेशकीमती विकेट निकाले। क्रिस वॉक्स ने शुभमन गिल (9) को बोल्ड करने के बाद श्रेयस अय्यर(4) को मार्क वुड के हाथों लपकावाया। रोहित शर्मा पारी के 37 वें ओवर में लेग स्पिनर आदिल रशीद की गुगली को उड़ाने के फेर में डीप मिडविकेट पर लियाम लिविंगस्टन को कैच थमा बैठे और भारत ने पांचवां विकेट पर 164 रन पर खोया। रोहित ने 101 गेंद खेली और अपनी 87 रन पारी में तीन छक्के और 10 चौके जड़े। रोहित ने आउट होने से पहले सूर्य कुमार यादव के साथ पांचवें विकेट के लिए 33 रन जोड़े। रोहित को आउट करने के बादं राशिद ने जडेजा (9) को एलबीडब्ल्यू आउट किया। मार्क वुड ने पारी के 42 वें मोहम्मद शमी (1) को विकेटकीपर कप्तान जोस बटलर के हाथों कैच कराया। सूर्य कुमार यादव पारी के 47 वें ओवर विली की गेंद पर बड़ा स्ट्रोक खेलने के फेर में डीप पॉइंट पर क्रिस वॉक्स को कैच थमा आउट आठवें बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। छह मैचों में भारतीय टीम पहली बार बल्लेबाजी के उतरी। दोपहर को आसमान में छाई बदली और धूप छाह की आंचमिचौनी का इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वॉक्स और डेविड विली ने भरपूर लाभ उठाया। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने डेविड विली के तीसरे ओवर में दो छक्कों और एक चौकों सहित 18 रन जोड़े लेकिन इस ओवर में छोड़ भारत का शीर्ष क्रम बुरी तरह संघर्ष करता नजर आया। कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित ने अकेले आक्रामक तेवर दिखाए और उन्हें छोड़ बाकी जूझते नजर आए। भारत ने अपने शुरू के 50 रन 14.2 ओवर में पूरे किए और इसमें 33 अकेले रोहित शर्मा के थे।भारत ने 12 वें ओवर के शुरू में ही मात्र 40 रन पर शुभमन गिल(9), विराट कोहली (0) और श्रेयस अय्यर (4) के रूप में तीन विकेट खो दिए। रोहित ने पारी के 24 वें और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड की गेंद को वाइड मिड ऑन के उपर से उड़ाकर 66 गेंद कर दो छक्कों और छह चौकों की मदद से अपना अर्द्धशतक पूरा किया ही उनकी अगली गेंद पर फाइन लेग के उपर से छक्का उड़ाया। केएल ने लियाम लिविंगस्टन के अगले ओवर में लगातार दो चौकों सहित कुल 11 रन लेकर 25 ओवर में भारत के स्कोर को 100 रन पर पहुंचाया। डेविड विली के दूसरे स्पैल की दूसरी गेंद को बेवजह उड़ाने फेर में आगे निकेल केएल राहुल(39 रन, 58 गेंद, 3 चौके) ने मिड ऑन पर जॉनी बैरिस्टो को कैच थमाया। केएल राहुल के रूप में भारत ने 131 पर चौथा विकेट पारी के 31 वें ओवर 131 पर गंवाया और इसी के साथ उनकी और रोहित की 91 रन की बेशकीमती भागीदारी टूट गई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में मात्र दो रन के भीतर रोहित, इशान और श्रेयस के रूप में तीन विकेट गंवाने के बाद भारतीय शीर्ष क्रम दूसरी बार रन के लिए जूझना नजर आया।

रोहित शर्मा (33 रन) ने पारी के 16 वें और तेज गेंदबाज मार्क वुड के पहली ओवर की क्रीज के कोने से भीतर आती गेंद को आगे आकर खेलने की कोशिश और चूके अंपायर के आउट देने पर उन्होंने रिव्यू लिया। इस पर गेंद लेग स्टंप से बाहरी जाती लगी और अंपायर ने यह फैसला पलट दिया तब भारत का स्कोर तीन विकेट पर 51 रन था। रोहित ने अगली ही गेंद पर डीप बैकवर्ड पॉइंट के बीच से चौका लगा दबाव कम किया। पहले ड्रिंक्स ब्रेक पर 16 ओवर में भारत ने तीन विकेट पर 55 रन बनाए थे। कप्तान रोहित शर्मा ने नॉर्थ एंड से गेंदबाजी का आगाज करने वाले डेविड विली का पहला ओवर मेडन खेला लेकिन उनके अगले ओवर में दो छक्कों और एक चौके के साथ कुल 18 रन लेकर इसकी भरपाई कर दी। वहीं शुभमन गिल (9 रन, एक चौका, 13 गेंद) तेज गेंदबाज क्रिस वॉक्स की गेंद को ड्राइव करने से चूके और पिच पर गिरने के बाद तेजी से भीतर आती गेंद उनका ऑफ और मिडलस्टंप उड़ा ले गई। भारत ने पॉवरप्ले के चौथे और वॉक्स के दूसरे ओवर की अंतिम गेंद पर पहला विकेट 28 रन पर खो दिया। गिल ने आउट होने से पहले वॉक्स की गेंद को पॉइंट के बीच से ड्राइव कर चौका जड़ा।व ॉक्स के तीसरे ओवर में रोहित (18) ने उनकी गेंद को सामने खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद स्लिप में खड़े जो रूट के सामने गिरी और तब भारत का स्कोर 27 रन था। विराट कोहली (0) ने मिजाज के उलट आक्रामक तेवर दिखाए और डेविड विली के चौथे ओवर पांचवी की तेजी से अंदर आती गेंद को उड़ाने के फेर में मिड ऑफ पर बेन स्टोक्स को आसान सा कैच थमा दिया और भारत दो विकेट मात्र 27 रन पर खोकर संकट में फंस गया। विली के पांचवें और पारी के नौवें ओवर की चौथी गेंद को श्रेयस अय्यर ने कवर में खेल तेज रन दौडने् की कोशिश की लेकिन वुड ने चीते की फुर्ती से नान स्ट्राइकर एंड स्टंप बिखेर दिए और रोहित बमुश्किल क्रीज मे पहुंच पाए। श्रेयस अय्यर(4) की शॉर्ट पिच गेंद को खेलने की कमजोरी एक बार फिर उजागर हुई और वह तेज गेंद को उड़ाने के फेर में अक्रॉस द लाइन खेले और मिड पर मार्क वुड को कैच थमा दिया भारत ने 12वें ओवर में तीसरा विकेट 40 रन पर गंवा कर संकट में फंस गया। वॉक्स का अपने शुरू के छह ओवर में 12 रन देकर दूसरा विकेट था।

## विराट फिर सचिन के बराबर पहुंचने से चूके

विराट कोहली जब शुभमन गिल (4) के पारी के चौथे और क्रिस वॉक्स की दूसरी गेंद पर बोल्ड होने पर क्रीज पर उतरे तो यहां मौजूद करीब 4 हजार दर्शकों ने जोरदार करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। विराट के अपने मिजाज के उलट इंग्लैंड के तेज गेंदबाज विराट कोहली की गेंद को उड़ाने के फेर में खाता खोले बिना ही मिड ऑफ पर बेन स्टोक्स को कैच थमाने से पूरे इकाना भारत रत्न अटल बिहारी स्टेडियम में सन्ना छा गया। इसके साथ ही विराट का अंतर्राष्ट्रीय वन डे क्रिकेट में सर्वाधिक 49 शतक जडने् का इंतजार और लंबा हो गया। विराट कोहली फिलहाल वन डे अंतर्राष्ट्रीय मेचों में 48 शतक जड़ कर सचिन के बाद दूसरे स्थान पर है। विराट (कुल 354) ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच सहित अब तक मौजूदा विश्व कप में एक शतक और तीन अर्द्धशतक सहित दूसरे स्थान पर हैं जबकि रोहित शर्मा (कुल 398 रन)रविवार को अर्द्धशतक जमाने के साथ भारत की ओर से कुल रन बनाने में शीर्ष पर पहुंच गए। विराट न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच मे मात्र पांच रन से इस वन डे विश्व कप में अपना लगातार दूसरा शतक पूरा करने से चूक गए थे। विराट अब तक इस विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ 16 रन पर आउट होने के बाद छह मैच में मात्र दूसरी बार 5 रन से पहले आउट हुए।

# विश्वकप में पाकिस्तान का बुलबुला फूट गया




**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने नीदरलैंड और श्रीलंका पर शानदार जीत के साथ अपने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 अभियान की शुरुआत करके सभी को प्रभावित किया। ग्रीन आर्मी ने नीदरलैंड्स को 81 रनों से हराया और 345 रनों का पीछा करते हुए श्रीलंका को रोमांचक मुकाबले में हराकर जीत हासिल की। हालाँकि, पाकिस्तान की गति बुरी तरह से पटरी से उतर गई जब टीम 14 अक्टूबर को अपने तीसरे मैच में भारत से भिड़ी। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में मेन इन ब्लू ने पाकिस्तान पर अपना दबदबा बनाए रखा और 19.3 ओवर शेष रहते कट्टर प्रतिद्वंद्वियों पर एक उल्लेखनीय जीत हासिल की।

यह आठवीं बार था जब दोनों टीमें आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में आमने-सामने थीं और भारतीय बल्लेबाजों ने पाकिस्तान के गेंदबाजों को कोई राहत नहीं दी, जो प्रशंसकों के लिए मुंह में पानी ला देने वाली भिड़ंत बन गई। आईसीसी वर्ल्ड कप के लिए भारत पहुंचने पर पाकिस्तान का हैदराबाद में जोरदार स्वागत किया गया. उनके खेलने की अप्रत्याशित शैली के कारण, उन्हें शुरू में शीर्ष चार सेमीफाइनल दावेदारों में से एक माना जाता था। हालाँकि, यह आशावाद एक बुलबुला साबित हुआ जो फूट गया क्योंकि उन्हें टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में भारत के खिलाफ एक गंभीर झटका लगा।

नेटिज़न्स अब टीम के मीम्स बना रहे हैं और सोशल मीडिया उससे भरा हुआ है। एक ने लिखा, एक निम्न स्तर की टीम, बुलबुला फूट गया। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा को लगता है कि बाबर आज़म की अगुवाई वाली टीम भारत के खिलाफ प्रतिस्पर्धा ही नहीं कर पाई। रमीज़ ने आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट पर कहा, अगर आप जीत नहीं सकते, तो कम से कम प्रतिस्पर्धा करें। पाकिस्तान ऐसा करने में सक्षम नहीं था। भारत के खिलाफ हार के बाद, पाकिस्तान के पास अभी भी समय था, लेकिन टीम पूरी तरह से लय खो बैठी और अब उसे लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है।

पाकिस्तान के लिए सबसे दुखद हार तब हुई जब टीम पहली बार पुरुष वनडे में अफगानिस्तान से हार गई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार के बाद, पाकिस्तान पटरी पर लौटने के लिए जीत की तलाश में था, लेकिन अफगानिस्तान ने 282 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया, जिससे बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को बड़ा झटका लगा। चेन्नई में दक्षिण अफ्रीका से हार से पाकिस्तान की सेमीफ़ाइनल की आकांक्षाओं को गहरा झटका लगा। हालांकि पाकिस्तान ने अपनी क्षमता की झलक दिखाई, लेकिन उन्हें विश्व कप में लगातार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

उनकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों इकाइयां प्रचारित अपनी छाप छोड़ने में विफल रहीं! इस मेगा विश्व कप से पहले पूरे सोशल मीडिया पर पाकिस्तान टीम को लेकर हलचल मच गई। लेकिन जब मेन-इन-ग्रीन ने मैदान संभाला, तो सब कुछ धुँआ हो गया। शाहीन आफरीदी की अगुवाई वाले गेंदबाजी विभाग को बल्लेबाजों ने बेरहमी से पीटा। परिणामस्वरूप, उनका अभियान अब ख़राब स्थिति में है, और सेमीफ़ाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए उन्हें अपने शेष सभी मैचों में जीत हासिल करनी होगी। पाकिस्तान की अगली चुनौती मंगलवार को कोलकाता में बांग्लादेश के खिलाफ एक महत्वपूर्ण मुकाबला है, क्योंकि वे इस मैच में जीत के साथ अपनी विश्व कप की उम्मीदों को पुनर्जीवित करना चाहेंगे।

# यह बांग्लादेश का सबसे खराब अभियान : शाकिब अल हसन




हमारे पास बल्लेबाजी और गेंदबाजी में सीमित क्षमताओं की एक टीम है। हम अलग-अलग समय और स्थिति में गेंदबाजी करने या बल्लेबाजी करने में सहज नहीं हैं। हम निश्चित समय में गेंदबाजों का सामना करने में सहज नहीं हैं, इसलिए हमें हर समय समायोजित करना होगा : **शाकिब अल हसन**

**कोलकाता,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां) कप्तान शाकिब-अल-हसन ने कहा है कि मौजूदा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप बांग्लादेश का अब तक का सबसे खराब विश्व कप अभियान हो सकता है, क्योंकि उनकी टीम को लगातार पांचवीं हार का सामना करना पड़ा और नीदरलैंड ने ईडन गार्डन में उन्हें 87 रन से हरा दिया। बांग्लादेश ने अपने अभियान की शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ शुरुआती गेम जीतकर की थी लेकिन फिर उन्हें लगातार पांच हार का सामना करना पड़ा जिससे ग्रुप चरण से आगे जाने की उनकी उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं हैं। शाकिब ने शनिवार को नीदरलैंड से निराशाजनक हार के बाद संवाददाताओं से कहा, आप बिना किसी संदेह के कह सकते हैं कि (यह बांग्लादेश का विश्व कप में सबसे खराब प्रदर्शन है)। मेरे पास इसका जवाब नहीं है कि हमने इस तरह क्यों खेला। उन्होंने कहा, मैं किसी को दोष नहीं देना चाहता। हम अपने प्रदर्शन से बेहतर टीम हैं। इस टूर्नामेंट में हमारा प्रदर्शन निराशाजनक रहा, इस बात से पूरा ड्रेसिंग रूम सहमत होगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके हालिया शतक के बाद भी, बांग्लादेश के मोहम्मद महमुदुल्लाह को नीदरलैंड के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम में सातवें स्थान पर उतारने के फैसले ने महत्वपूर्ण चिंताएं पैदा कीं और काफी ध्यान आकर्षित किया। हमारे पास बल्लेबाजी और गेंदबाजी में सीमित क्षमताओं की एक टीम है। हम अलग-अलग समय और स्थिति में गेंदबाजी करने या बल्लेबाजी करने में सहज नहीं हैं। हम निश्चित समय में गेंदबाजों का सामना करने में सहज नहीं हैं, इसलिए हमें हर समय समायोजित करना होगा। अगर हमारे बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है शीर्ष पर, रियाद और मुश्फिक अपनी भूमिका निभा सकते थे। उन्होंने कहा, मैं आपसे सहमत हूं कि शायद अगर रियाद भाई ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करते तो हम अच्छा प्रदर्शन कर सकते थे। इसके अलावा, हम सभी निराशाजनक रहे हैं। शाकिब ने यह भी बताया कि पूर्व वनडे कप्तान तमीम इकबाल के 50 ओवर के प्रारूप से हटने से विश्व कप में उनकी यात्रा प्रभावित हो सकती है, खासकर विश्व कप से ठीक पहले उनके बीच विवाद को देखते हुए, जो सार्वजनिक हो गया था। शाकिब ने कहा, इससे टीम प्रभावित हो सकती है। यह असामान्य नहीं है। आप नहीं जानते कि किसी व्यक्ति के मन में क्या है, लेकिन मैं इस तथ्य से असहमत नहीं हूं कि (विवाद) इसका हम पर असर पड़ा होगा। नीदरलैंड के खिलाफ शनिवार की हार के बाद, बांग्लादेश को अपने आगामी तीन मैचों में पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है।

## सार संक्षेप

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर जुर्माना लगाया गया

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 223 के एक लीग मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए पाकिस्तान पर मैच फीस का 2 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने समय भत्ते पर विचार करने के बाद बाबर आजम की टीम को लक्ष्य से चार ओवर कम होने के कारण सजा दी। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों को उनकी टीम द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। बाबर ने अपराध स्वीकार किया और प्रस्तावित सज़ा स्वीकार कर ली, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर एलेक्स व्हार्फ और पॉल रीफेल, तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और चौथे अंपायर रिचर्ड केटलबोरो ने यह आरोप लगाया था।

### इंग्लैंड टीम के भीतर कुछ निश्चित रूप से अस्थिर है : इयोन मोर्गन

लखनऊ। इंग्लैंड के पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन ने मेजबान भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले आईसीसी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप मैच से पहले जॉस बटलर की अगुवाई वाली टीम के मनोबल और आत्मविश्वास पर चिंता जताई है और कहा है, टीम के भीतर कुछ ऐसा है जो निश्चित रूप से अस्थिर है। गत चैंपियन को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ नौ विकेट से हार का सामना करना पड़ा, दूसरे मैच में बांग्लादेश को हराया, लेकिन इसके बाद उसे अफगानिस्तान से झटका लगा और दक्षिण अफ्रीका ने रिकॉर्ड अंतर से हराया, जिसके बाद आईसीसी पुरुष वर्ग में श्रीलंका से निराशाजनक हार हुई। क्रिकेट विश्व कप में टीम की खिताब की रक्षा लगभग समाप्त हो गई, क्योंकि वे पांच मैचों में सिर्फ एक जीत के साथ स्टैंडिंग में सबसे नीचे संघर्ष कर रहे हैं। मोर्गन ने भारत के साथ मुकाबले से पहले स्काई स्पोर्ट्स पर कहा, मैंने कभी ऐसी स्पोर्ट्स टीम नहीं देखी है, जिसका प्रदर्शन इंग्लैंड की टीम जैसा खराब रहा हो, उम्मीदों के स्तर को देखते हुए जो उनके कंधों पर है। टीम के भीतर कुछ ऐसा है जो निश्चित रूप से अस्थिर है। उन्होंने आगे कहा, वे जिस पद्धति का उपयोग करने की कोशिश कर रहे हैं और जिस प्रकृति के कारण उन्होंने मैच गंवाया है, उसे देखते हुए यह निश्चित रूप से प्रश्नचिह्न है, चेंजिंग रूम के भीतर का मनोबल और आत्मविश्वास।

# वनडे विश्व कप की शीर्ष सात टीमें चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए क्वालीफाई करेंगी

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत में चल रहे वनडे विश्व कप में लीग चरण के अंत के बाद शीर्ष सात टीमें पाकिस्तान में होने वाली आठ टीमों की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफ़ी में जगह बना पाएंगी। पाकिस्तान मेज़बान के तौर पर पहले ही इसमें क्वालीफ़ाई कर चुका है। आईसीसी के प्रवक्ता ने ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो से पुष्टि की है कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफ़ी का क्वालीफ़िकेशन सिस्टम आईसीसी बोर्ड ने 2021 में अप्रूव किया था, जब 2024-31 के चक्र में टूर्नामेंट को आठ टीमों का दोबारा करने का निर्णय लिया गया था। इस बदलाव से कई बोर्ड चौंक गए हैं, जिसमें विश्व कप में खेल रही और नहीं खेलने वाली दोनों टीमें शामिल हैं। जिन्होंने ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो को बताया कि वे इस बात से अनजान थे कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफ़ी का क्वालीफ़िकेशन इस टूर्नामेंट में दांव पर है। इसका मतलब है कि वेस्टइंडीज़, ज़िम्बाब्वे और आयरलैंड जैसी टीमों को अब इस टूर्नामेंट में क्वालीफ़ाई करने का मौक़ा नहीं मिलेगा, क्योंकि ये



सभी देश 2023 वनडे विश्व कप में जगह नहीं बना पाए थे। यह मामला तब सामने आया जब बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में चैंपियंस ट्रॉफ़ी के संदर्भ में टिप्पणी की, जिससे संकेत मिलता है कि उन्हें कम से कम पता था कि क्वालीफ़िकेशन दांव पर थे।

नवंबर 2021 में आईसीसी ने 2024-31 के चक्र में पुरुष और महिला के कई ग्लोबल इवेंट लांच किए थे, जिसमें 2025 और 2029 की चैंपियंस ट्रॉफ़ी शामिल थी। मीडिया बयान में आईसीसी ने कहा था कि चैंपियंस ट्रॉफ़ी आठ टीमों की होगी और जिसमें चार-चार टीम के दो ग्रुप होंगे, इसके बाद सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल होगा।

# बिशन सिंह बेदी के सम्मान में भारतीय टीम ने बांह पर काली पट्टी बांधी

**लखनऊ,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। बीआरएसएबीवी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप मैच में, भारतीय टीम महान बाएं हाथ के स्पिनर बिशन सिंह बेदी के सम्मान में काली पट्टी पहने नजर आई।

बीसीसीआई ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा था, सटीमइंडिया आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में इंग्लैंड के खिलाफ खेल शुरू होने से पहले महान बिशन सिंह बेदी की याद में काली पट्टी पहनेगी।

इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड दोनों के खिलाड़ियों ने पिछले बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में अपने विश्व कप मैच से पहले उनकी याद में एक मिनट का मौन रखा था, जिस स्थान पर बेदी के नाम पर एक स्टैंड है।

बीएस चन्द्रशेखर, इरापल्ली प्रसन्ना और एस वेंकटराघवन के साथ प्रसिद्ध स्पिन चौकड़ी के सदस्य बेदी का पिछले सोमवार को 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बेदी ने 1967 और




1979 के बीच भारत के लिए 67 टेस्ट खेले, जिसमें 28.71 की औसत से 266 विकेट लिए।

उन्होंने 22 टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी करने के अलावा, 10 एकदिवसीय मैचों में सात विकेट भी लिए - 1977-78 के ऑस्ट्रेलिया दौरे में मेलबर्न और सिडनी टेस्ट में उनकी सबसे यादगार जीत थी। पंजाब के अमृतसर में जन्मे बेदी ने 1968-69 सीज़न में दिल्ली जाने से पहले उत्तरी पंजाब से अपना प्रथम श्रेणी करियर शुरू किया।

बेदी ने दो उपविजेता रहने के अलावा, 1978-79 और 1979-80 में दिल्ली को प्रतिष्ठित रणजी ट्रॉफी खिताब भी दिलाया। इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट में नॉर्थम्पटनशायर के लिए भी उनका कार्यकाल सफल रहा। 1972 और 1977 के बीच क्लब के लिए 102 मैचों में, बेदी ने 20.89 के औसत के साथ 434 विकेट हासिल किए, जो इंग्लिश काउंटी क्रिकेट सर्किट में किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक है।

उनकी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी फ्लाइट, लूप और स्पिन में उनकी महारत के लिए जानी जाती थी, साथ ही क्रीज पर बल्लेबाजों को मात देने के लिए सूक्ष्म विविधताओं का उपयोग करने के साथ-साथ उनकी बेहतर आर्म स्पीड रिलीज पॉइंट्स में छोटे समायोजन भी किए जाते थे।

अपने खेल करियर के बाद, बेदी ने युवा क्रिकेटरों को कोचिंग देना शुरू कर दिया, जिसमें मनिंदर सिंह और मुरली कार्तिक उनके छात्र थे जिन्होंने भारत के लिए खेला था। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर टीमों को भी कोचिंग दी, जिसमें पंजाब ने 1992-93 में रणजी ट्रॉफी जीती। वह 1990 में कुछ समय के लिए भारतीय टीम के मैनेजर थे। वह खेल से संबंधित सभी मामलों पर एक मुखर, और निडर आवाज थे, जो हर बात को सही मायने में चुनौती देते थे। उन्हें 1969 में अर्जुन पुरस्कार, 1970 में पद्मश्री सम्मान और 2004 में सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां) इजराइल-हमास युद्ध को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 3.07 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 3.01 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.53 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.27 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 2.12 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.06 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 3.54 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.14 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 0.07 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.03 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |


### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## भारत का मलेशिया, इंडोनेशिया और सऊदी अरब को इंजीनियरिंग निर्यात हुआ दोगुना

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत का मलेशिया, इंडोनेशिया और सऊदी अरब को इंजीनियरिंग निर्यात इस वर्ष सितंबर में दोगुना हो गया वहीं कुल शिपमेंट में सात प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) की रविवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2023 में मलेशिया को इंजीनियरिंग निर्यात 17.83 करोड़ डॉलर रहा जबकि सितंबर 2022 में 8.9 करोड़ डॉलर रहा था। इसी अवधि में 14.36 करोड़ डॉलर की तुलना में इंडोनेशिया को शिपमेंट 28.57 करोड़ डॉलर रहा। सऊदी अरब को इंजीनियरिंग निर्यात सितंबर 2023 में 45.59 करोड़ डॉलर रहा, जो इसके पिछले वर्ष के 22.72 करोड़ डॉलर से 100.6 प्रतिशत अधिक है।

इस अवधि के दौरान रूस को निर्यात दोगुना से अधिक हो गया। इस साल सितंबर में, रूस को इंजीनियरिंग निर्यात का मूल्य साल-दर-साल 119 प्रतिशत बढ़कर 11.11 करोड़ डॉलर हो गया। इस वर्ष सितंबर में साल-दर-साल सकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाले अन्य प्रमुख बाजारों में चीन, जर्मनी, ब्रिटेन, सिंगापुर, तुर्की, जापान और बेल्जियम शामिल हैं। वहीं, भारतीय इंजीनियरिंग सामानों के लिए सबसे बड़ा बाजार, अमेरिका को इंजीनियरिंग निर्यात हालांकि सितंबर 2023 के दौरान नकारात्मक रहा। इस साल सितंबर में अमेरिका



को इंजीनियरिंग निर्यात का मूल्य 1.43 अरब डॉलर रहा, जो इसके पिछले वर्ष के सितंबर के 1.51 अरब डॉलर के मुकाबले 5.3 प्रतिशत कम है।

रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर 2023 में 'इलेक्ट्रिक मशीनरी', 'जहाज और नाव' तथा 'तांबा और तांबा उत्पादों' के उच्च निर्यात के कारण समग्र इंजीनियरिंग निर्यात में वृद्धि हुई, जबकि विमान, लौह एवं इस्पात तथा एल्यूमीनियम और एल्यूमीनियम उत्पादों के निर्यात में गिरावट आई। लौह और इस्पात के निर्यात को छोड़कर इंजीनियरिंग निर्यात ने सितंबर 2023 में साल-दर-साल 8.77 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर्ज की।

ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष श्री अरुण कुमार गरोडिया ने कहा, 'अन्य देशों की तुलना में इस्पात की कीमतें काफी ऊंची हैं।' हालांकि संचयी संदर्भ में निर्यात अभी भी नकारात्मक बना हुआ है। हमने देखा है कि लोहा और इस्पात को छोड़कर संचयी निर्यात प्रवृत्ति सकारात्मक बनी हुई है इसलिए हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि लोहा और इस्पात मुख्य उत्पाद है, जो भारत के इंजीनियरिंग निर्यात को नीचे की ओर ले जा रहा है।

श्री गरोडिया ने आगे कहा कि प्रमुख निर्यात साझेदारों जैसे यूरोपीय संघ टैरिफ रेट कोटा (टीआरक्यू) के सुरक्षात्मक रुख और इस्पात वस्तुओं पर संरक्षण और अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ भी इस्पात निर्यात को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में हम सरकार से यूरोपीय संघ के साथ सुरक्षा और टीआरक्यू मुद्दों पर चर्चा करने का अनुरोध करते हैं। क्षेत्रवार पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका (डब्ल्यूएएनए), उत्तर-पूर्व एशिया, उप-सहारा अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और आसियान जैसे प्रमुख गंतव्यों में सितंबर 2023 के दौरान निर्यात में वृद्धि दर्ज की, जबकि उत्तरी अमेरिका, यूरोपीय संघ के देशों, दक्षिण एशिया और ओशिनिया में निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई। साल-दर-साल गिरावट आई। केंद्रीय वाणिज्य विभाग के त्वरित अनुमान के अनुसार, सितंबर 2023 में भारत के कुल व्यापारिक निर्यात में इंजीनियरिंग निर्यात की हिस्सेदारी 23.58 प्रतिशत रही।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच बाजार में निवेशकों का विश्वास कमजोर

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। आने वाले समय में बाजार के सेंटीमेंट्स सतर्क बने हुए हैं। निवेशक पश्चिम एशिया के संकट, आगामी कॉर्पोरेट अर्निंग और घोषित होने वाले घरेलू पीएमआई आंकड़ों सहित प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। यह कहना है जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में जारी अशांति और इकोनोमिक ग्रोथ पर ऊंची ब्याज दरों के संभावित प्रभावों पर चिंताओं के कारण निवेशकों का विश्वास कमजोर हुआ है। एफआईआई की बिकवाली का असर घरेलू बाजार पर पड़ रहा है, जिससे डीआईआई की ओर से भारी खरीदारी हो रही है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानि शुक्रवार को घरेलू सूचकांकों में कुछ सुधार हुआ, जिसका कारण अमेरिका की तीसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि अनुकूल होना और अमेरिकी मुद्रास्फीति में नरमी है, जिससे बॉन्ड यील्ड में कमी आई है। भारत में दूसरी तिमाही के नतीजे भी बाजार का समर्थन कर सकते हैं। हालांकि, वैश्विक बाजार की अस्थिरता से घरेलू बाजार में सुधार में देरी होने की उम्मीद है। वैश्विक बाजार ऊंची ब्याज दर और भू-राजनीतिक तनाव के कारण अर्थव्यवस्था में और मंदी के




जोखिम पर केंद्रित है। एफएमसीजी, कंजप्शन, उर्वरक जैसे सेक्टर में संभावित विकास के अवसर की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि योगदान देने वाले कारकों में कच्चे माल की लागत से जुड़े जोखिमों का कम होना और बाहरी क्षेत्रों से स्थिर दीर्घकालिक मांग दृष्टिकोण शामिल है, जो विशेष रूप से मध्यम अवधि में रसायन और फार्मा जैसे क्षेत्रों का समर्थन कर सकता है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के रिटेल रिसर्च प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि बुधवार को यूएस फेड का दर निर्णय एक महत्वपूर्ण घटना होगी, लेकिन निवेशकों को हाई बांड यील्ड के बीच सोमवार को बैंक ऑफ जापान की बैठक के नतीजे का भी इंतजार रहेगा।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर 583.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में कमी आने से 20 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर 583.5 अरब डॉलर रह गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 1.2 अरब डॉलर बढ़कर 585.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 20 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.15 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 515.2 अरब डॉलर रह गयी। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 45.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में सात करोड़ डॉलर की कमी आई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 80 लाख डॉलर की बढ़त के साथ 4.9 अरब डॉलर हो गई।



## जियो का एआई सॉल्युशन देगा रियल टाइम ट्रांसलेशन व ट्रांसक्रिप्शन

**नई दिल्ली**, 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने एआई टेक्नोलॉजी आधारिक स्किल डेवलपमेंट सॉल्युशन के माध्यम से भाषाओं की दीवार को तोड़ते हुये रियल टाइम ट्रांसलेशन एवं ट्रांसक्रिप्शन सहित कई सुविधाओं का प्रदर्शन किया है। राजधानी में आज संपन्न तीन दिवसीय इंडिया मोबाइल कांग्रेस में यह प्रदर्शन किया गया। मुकेश अंबानी ने करीब दो माह पहले रिलायंस की वार्षिक बैठक में 'एमआई फॉर एवरीवन' की वकालत की थी और दो महीनों में जियो स्वदेशी एआई टेक्नोलॉजी की झलक दिखाई दी है।

जियो का यह सॉल्युशन, भाषाओं की दीवारें गिरा देता है। इसकी सबसे बड़ी खूबी है कि यह रियल टाइम में एक भाषा का कई भाषाओं में अनुवाद कर सकता है।




अगर दिल्ली में बैठा कोई शिक्षक अंग्रेजी में ऑनलाइन पढ़ा रहा होगा तो चेन्नई, कोलकता, अहमदाबाद और मुंबई में बैठे छात्र इसे क्षेत्रीय भाषाओं यानी तमिल, बंगाली ,गुजराती और मराठी में सुन सकेंगे। अभी यह सॉल्युशन तमिल, कन्नड़, मराठी, गुजराती, बंगाली, तेलगु, मलयालम, अंग्रेजी और हिंदी जैसी नौ भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करता है। यह सॉल्युशन जियो ने रेडिसिस के साथ साझेदारी में बनाया है। इस भाषाई सॉल्युशन का इस्तेमाल करना बेहद आसान है। जियो-मीट के जरिए जियो-रेडिसिस प्लेटफॉर्म लॉगइन कर, अपनी पसंदीदा भाषा का चुनाव करें। एक बार लॉगइन होने पर छात्र या प्रशिक्षु को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में हुई बातचीत का लाइव अनुवाद यानी ऑडियो और ट्रांसक्रिप्शन मिलने लगेगा। भविष्य की जरूरतों के लिए इस अनुवाद और ट्रांसक्रिप्शन को प्रिंट या डिजिटल तौर पर रखा जा सकता है।

जियो के सॉल्युशन में कंटेंट शेयरिंग की भी सुविधा भी उपलब्ध है। अनुवाद के साथ यह टू-वे इंटरैक्टिव कम्युनिकेशन को भी सपोर्ट करता है। इसका मतलब छात्र या प्रशिक्षु केवल सुन ही नही रहे होंगे वे चाहें तो अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में सवाल भी पूछ सकेंगे।

## इजराइल-हमास संघर्ष और आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में जबरदस्त तेजी के दबाव में बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत लुढ़क चुके घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह इजराइल-हमास संघर्ष और स्थानीय स्तर पर पीएमआई एवं कंपनियों के तिमाही परिणाम जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1614.82 अंक अर्थात 2.5 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 63782.80 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 495.4 अंक यानी 2.53 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19047.25 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों पर भी भारी बिकवाली का दबाव रहा। मिडकैप 768.35 अंक अर्थात 2.4 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 31112.51 अंक और स्मॉलकैप 1310.69 यानी 3.43 प्रतिशत टूटकर 36888.03 अंक रह गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रही अशांति और भविष्य की आर्थिक वृद्धि पर उच्च ब्याज दरों के संभावित प्रभावों पर चिंताओं के कारण निवेशकों के विश्वास में गिरावट आई है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली का असर घरेलू बाजार पर पड़ रहा है। हालांकि, अमेरिका की तीसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि का अनुकूल होना और अमेरिकी मुद्रास्फीति में नरमी आने के कारण बॉन्ड यील्ड में कमी आने से सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन में घरेलू सूचकांकों में कुछ सुधार हुआ है। वहीं, वैश्विक बाजार की अस्थिरता से घरेलू बाजार में सुधार में देरी होने की उम्मीद है क्योंकि



वैश्विक बाजार ऊंची ब्याज दर और भू-राजनीतिक तनाव के कारण दुनिया की अर्थव्यवस्था में और मंदी के जोखिम का खतरा है। एफएमसीजी, उपभोग, उर्वरक जैसे क्षेत्रों और बुनियादी ढांचे, आवास जैसे मुख्य क्षेत्रों में संभावित विकास के अवसर पेश करने की उम्मीद है। अल्पावधि में, बाजार की धारणा सतर्क बनी हुई है निवेशक पश्चिम एशिया के विकास, कंपनियों के तिमाही परिणाम और घरेलू पीएमआई सहित प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

घरेलू स्तर पर अगले सप्ताह टीवीएस मोटर, भारती एयरटेल, एलटी, आईओसीएल, गेल इंडिया, अडानी टोटल गैस, टाटा स्टील, सन फार्मा, हीरो मोटोकॉर्प, इंद्रप्रस्थ गैस, अडानी इंटरप्राइजेज, टाटा मोटर्स, अडानी पावर, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं। बीते सप्ताह मंगलवार को दशहरा पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। इनमें से तीन बाजार में हाहाकार रहा जबकि एक दिन तेजी आई। इजरायल-हमास युद्ध के बीच अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में जबरदस्त तेजी से विश्व बाजार में भारी गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 825.74 अंक का गोता लगाकर 64,571.88 अंक और निफ्टी 260.90 अंक की गिरावट लेकर 19,281.75 अंक पर आ गया। इजराइल-हमास संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई मुनाफावसूली के दबाव में बुधवार को सेंसेक्स 522.82 अंक का गोता लगाकर 64049.06 अंक और निफ्टी 159.60 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 19122.15 अंक पर आ गया।

इसी तरह अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड के ग्यारह आधार अंक बढ़कर पांच प्रतिशत के करीब पहुंचने से फेड रिजर्व के ब्याज की दर को आगे भी उच्च स्तर पर बनाये रखने की आशंका में विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 900.91 अंक लुढ़ककर 63148.15 अंक और निफ्टी 264.90 अंक की गिरावट के साथ 18857.25 अंक रहा गया।

वहीं, अमेरिकी अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने के आंकड़े से विश्व बाजार में आई तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर कंपनियों के मजबूत तिमाही परिणाम से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को सेंसेक्स 634.65 अंक की उड़ान भरकर 63782.80 अंक और निफ्टी 190 अंक की तेजी के साथ 19047.25 अंक पर पहुंच गया।

## सरकार ने प्याज पर 800 डॉलर प्रति मीट्रिक टन का एमईपी अधिसूचित किया

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकार ने शनिवार को 29 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2023 तक प्याज निर्यात पर 800 डॉलर प्रति मीट्रिक टन का मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस (एमईपी) अधिसूचित किया है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सस्ती कीमतों पर प्याज की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए यह उपाय किया गया है क्योंकि प्याज के निर्यात की मात्रा पर अंकुश लगाने से रबी 2023 प्याज की स्टोरेज मात्रा में कमी आ रही है। 800 डॉलर प्रति मीट्रिक टन का एमईपी लगभग 67 रुपए प्रति किलोग्राम होता है। प्याज निर्यात पर एमईपी लगाने के फैसले के साथ, सरकार ने बफर के लिए अतिरिक्त 2 लाख टन प्याज की खरीद की भी घोषणा की है, जो पहले से खरीदे गए 5 लाख टन से अधिक है।



बफर से प्याज का अगस्त के दूसरे सप्ताह से देश भर के प्रमुख उपभोग केंद्रों में लगातार निपटान किया गया है, और एनसीसीएफ तथा नेफेड (एनएएफईडी) द्वारा संचालित मोबाइल वैन के माध्यम से खुदरा उपभोक्ताओं को 25 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से आपूर्ति भी की गई है। अब तक बफर से लगभग 1.70 लाख मीट्रिक टन प्याज का निपटान किया जा चुका है। प्याज किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करते हुए उपभोक्ताओं के लिए कीमतों को नियंत्रित करने के लिए बफर से प्याज की निरंतर खरीद और निपटान किया जाता है।

### सार संक्षेप

#### धोनी बने स्टेट बैंक ने ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि एसबीआई के ब्रांड एंबेसडर के रूप में धोनी विभिन्न विपणन और प्रचार अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। तनावपूर्ण स्थितियों में संयम बनाए रखने की उनकी उल्लेखनीय क्षमता और दबाव में स्पष्ट सोच और त्वरित निर्णय लेने की उनकी क्षमता उन्हें देश भर में अपने ग्राहकों और हितधारकों के साथ जुड़ने के लिए एसबीआई के साथ मेल खाने वाला आदर्श विकल्प बनाती है। यह सहयोग विश्वसनीयता और नेतृत्व के मूल्यों को दर्शाते हुए, अपने ग्राहकों के साथ गहरे संबंध बनाने की बैंक की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश खरे ने कहा, 'हमें एमएस धोनी को एसबीआई के ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करते हुए खुशी हो रही है।

#### पुणे में ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर में लगी आग

नई दिल्ली। पुणे में एक ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर में आग लग गई। एक्स पर एक यूजर ने शनिवार को घटना का वीडियो साझा किया। वीडियो को साझा करते हुए यूजर ने बताया कि स्कूटर मॉडल ओला एस1 था, जिसमें आग लग गई। यह घटना पिंपरी चिंचवड़ में डी.वाई पाटिल कॉलेज के पार्किंग स्थल के पास हुई। यूजर ने लिखा, 'चौंकाने वाला... डीवाई पाटिल इंस्टीट्यूट पिंपरी पुणे के पास पार्किंग में ओला एस1 में आग लग गई।' यह खबर सबसे पहले पुणे मिरर ने प्रकाशित की। वीडियो में एक स्कूटर से धुआं निकलते हुए देखा जा सकता है। फायर ब्रिगेड टीम इस आग को बुझाने की कोशिश कर रही है। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन स्कूटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

#### एडीबी बांग्लादेश को जल प्रबंधन, कृषि उत्पादकता के लिए 1.6 करोड़ डॉलर का कर्ज देगा

**ढाका।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और बांग्लादेश सरकार ने रविवार को दक्षिण एशियाई देश में जल संसाधन प्रबंधन और कृषि उत्पादकता में सुधार के लिए 1.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नीदरलैंड्स सरकार की ओर से 17.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुदान के समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। एडीबी ने कहा कि वह अनुदान का प्रबंधन करेगा जो इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित करने वाले इनोवेटिव पायलट कार्यों और परामर्श सेवाओं को वित्तपोषित करेगा। बांग्लादेश के लिए एडीबी के देश निदेशक एडिमॉन गिंटिंग ने कहा, 'जलवायु और आपदा प्रतिरोधी लघु-स्तरीय जल संसाधन प्रबंधन परियोजना बाढ़ के तटबंधों को ऊपर उठाने-मजबूत करने, जल धारण बढ़ाने के लिए चैनलों को गहरा करने, कुशल विद्युत पंप-पाइप सिंचाई प्रदान करने, प्रशिक्षण प्रदान करने, क्षमता विकसित करने और जलवायु प्रभावों तथा खाद्य सुरक्षा को संबोधित करने, जलवायु-स्मार्ट कृषि, कृषि व्यवसाय और मत्स्य विकास का समर्थन करने के लिए त्वरित सहायता प्रदान करेगी।'

एडिमॉन गिंटिंग ने कहा, परियोजना

## खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के प्रभाव से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सप्ताहांत पर 285 रिंगिट की तेजी के साथ 3680 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.22 सेंट की गिरावट लेकर 52.34 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 74 रुपए और मूंगफली तेल 146 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि वनस्पति तेल 133 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19926 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12308 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11062 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8333 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10200 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

## झारखंडः मॉनसून ने की बेवफाई, फूलों की खेती से होगी भरपाई

**रांची,** 29 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के 24 में से 18 जिलों के लाखों किसान इस साल फिर मॉनसून की बेवफाई से मायूस हुए हैं, लेकिन इन्हीं जिलों में कम से कम चार हजार किसान ऐसे हैं जिनके खेतों में 'उम्मीदों के फूल' लहलहा रहे हैं। ये वो किसान हैं, जिन्होंने खरीफ की परंपरागत फसल का भरोसा टूटने के पहले फूलों की खेती की तैयारी कर ली थी।

दशहरे के बाद दीपावली, भाईदूज, गोवर्धन पूजा, छठ, क्रिसमस और न्यू ईयर तक त्योहारों-उत्सवों की पूरी श्रृंखला है और इस दौरान फूलों की बंपर डिमांड रहेगी। इसे देखते हुए पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, खूंटी, हजारीबाग, बोकारो, पूर्वी और पश्चिम सिंहभूम के दर्जनों गांवों में बड़ी संख्या में किसानों ने फूलों की खेती की है।

हजारीबाग जिले के सदर प्रखंड के खंभाटांड़ की महिला किसान अंजनी तिर्की ने हर साल परती रह जाने वाली जमीन



पर गेंदा फूल की खेती शुरू की है। उन्होंने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) के महिला समूह से 10 हजार रुपए का कर्ज लेकर अफ्रीकन वैरायटी के गेंदे के फूल लगाए हैं। उनके खेतों में लगभग 8,000 पौधे लगे हैं। अभी तक तीन बार फूलों की तुड़ाई हुई है और उनकी खेती की लागत वसूल हो चुकी है। पूरे सीजन में कम से कम दस बार फूलों की तुड़ाई होगी। अनुमान है कि तीस से चालीस हजार रुपए की कमाई होगी। हजारीबाग जिले के दारू प्रखंड स्थित पेटो निवासी अजय कुमार कोरोना काल में बेरोजगार हो गए थे। वह एक निजी स्कूल में संगीत के शिक्षक थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने लीज पर जमीन लेकर फूलों की खेती शुरू की। उन्होंने इसके लिए नई तकनीक का सहारा लिया और रात में एलईडी बल्ब लगाकर फूलों के पौधों के रोशनी दी। इस तकनीक से पौधे जल्द तैयार हो गए और पूरा खेत फूलों से खिल उठा। अजय चाहते हैं कि भविष्य में बड़े पैमाने पर फूलों की खेती करें। इसके लिए उन्होंने सरकार को पॉली हाउस के लिए आवेदन भी दिया है। अजय ने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री कुंभ योजना का लाभ लिया है। इससे खेत में महज पांच हजार रुपए में सोलर पैनल लग गया और अब वह लगातार खेती कर सकते हैं।

बोकारो के कसमार प्रखंड के चौरा गांव की लीलू देवी उन महिला किसानों में से एक है, जिसने महज कुछ माह में गेंदा फूल की खेती कर अपने परिवार की जिंदगी बदल दी है। उन्होंने महज कुछ हजार रुपये से गेंदा के फूल की खेती शुरू की थी। चार माह बाद ही उन्होंने एक लाख रुपये से अधिक का मुनाफा अर्जित किया। उन्होंने राज्य सरकार की मदद से उसने गेंदा फूल की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया। बंगाल से लाकर हाईब्रिड नस्ल के पांच हजार गेंदा के फूल लगाए। झारखंड की राजधानी से 35-40 किलोमीटर दूर खूंटी जिले की पहचान हाल तक नक्सल प्रभावित इलाके के रूप में थी। यहां जंगलों से सटे दर्जनों गांवों में बंदूकें रह-रहकर गरज उठती थीं और पूरी फिजा में फैली बारूदी गंध लोगों को दहशत में डाल देती थी। पर ये गुजरे दौर की बात है। पिछले आठ-दस वर्षों से ये इलाके फूलों की खुशबू से महक रहे हैं। इस साल पूरे जिले में तीन सौ एकड़ से भी अधिक क्षेत्र में गेंदा फूल की खेती हुई है।

# प्रियंका गांधी की सभा आज, सभी 6 प्रत्याशी जमा करेंगे नामांकन



## कांग्रेस की निकलेगी नामांकन रैली

## पुलिस मैदान एसपीजी के हवाले

## पहली बार शहर आ रही प्रियंका

**बिलासपुर,** 29 अक्टूबर(देशबन्धु)। कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी कल शहर रही हैं पुलिस मैदान में कल दोपहर 1 बजे वे आमसभा को संबोधित करेंगी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा तथा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी उनके साथ बिलासपुर आ रहे हैं। कांग्रेस की नामांकन रैली में शामिल होने के लिए प्रियंका के आगमन की तथा चुनावी सभा की तैयारी पूरी कर ली गई है। उसके पहले बिलासपुर जिले के 6 विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार शैलेश पांडे,रश्मि सिंह, श्रीवास्तव सियाराम कौशिक, दिलीप तथा विजय केसरवानी रैली के रूप कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल प्रियंका गांधी की सभा के लिए सभी 6 विधानसभा के नामांकन रैली में शामिल होने वाले कार्यकर्ता पुलिस मैदान में प्रियंका की की सभा में शामिल होंगे । लगभग 30000 से अधिक की भीड़ प्रियंका की सभा में होगी प्रियंका गांधी पहली बार शहर आ रही है और विधानसभा चुनाव के लिए भी प्रत्याशियों के समर्थन में यहां चुनावी सभा को संबोधित करेंगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की अगवाई में कल नामांकन के अंतिम दिन कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन भी होगा। शहर कांग्रेस सभापति शेख नजीरुद्दी न राकेश शर्मा समीर अहमद 1, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन अटल, अरविंद शुक्ला, अभय नारायण राय, विनोद लहरिया साहू, के अलावा संगठन पदाधिकारी ने आज में पुलिस मैदान का जायजा लिया। एसपीजी के अधिकारी आज कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

## 2024 में मोदी पीएम नहीं बन पाएंगे- संजय

कांग्रेस के पूर्व सांसद तथा वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय निरुपम ने कहा है कि छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश राजस्थान समेत चार राज्यों में कांग्रेस की सरकार बन रही है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है वह भी 70 विधायक के साथ कहीं पर सत्ता विरोधी लहर रहती है लेकिन उन्होंने दावा किया है कि मई माह में होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे।





भाजपा को 150 सीट भी नहीं मिल पाएगी। पांच राज्यों के चुनाव के बाद लोकसभा के चुनाव होंगे और इन राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है केंद्र में भी कांग्रेस की सरकार बनेगी । उन्होंने कहा है कि जीएसटी नोटबंदी और बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त है। भाजपा के पापो का घड़ा भर गया है। हर वर्ग परेशान हैं। अब भाजपा को वोट नहीं मिलेंगे। कांग्रेस भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए संजय निरुपम ने असम के मुख्यमंत्री सरमा के बयान को लेकर कहा कि उनके पास सबसे ज्यादा दौलत है असम मुख्यमंत्री ने कहा था कि भाजपा के नेता बहुत गरीब हैं कांग्रेस नेताओं के पास सर्वाधिक धन हैं संजय निरुपम ने कहा कि सबसे ज्यादा धन और सबसे ज्यादा भ्रष्ट है। तेल का पैसा असम के मुख्यमंत्री के पास है । पहले वे कांग्रेस में थे आज भाजपा के साथ है । असम के मुख्यमंत्री अपने संपत्ति की जानकारी जनता को बताएं। उन्होंने अभी कहा कि भाजपा शासन काल में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ है।

चाहे वह रफेल में भ्रष्टाचार का मामला हो, चाहे अडानी अंबानी तथा रेलवे स्टेशन तथा एयरपोर्ट को बेचने का मामला हो सभी में केंद्र की सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। आज कांग्रेस भवन में पत्र वार्ता के दौरान प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, अरविंद शुक्ला विनोद साहू, सैयद जफर अली, सुभाष ठाकुर आदि मौजूद थे।

# बदलने वाला है मौसम का मिजाज न्यूनतम तापमान में होगी बढ़ोतरी

**बिलासपुर,** 29 अक्टूबर। प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल रहा है. हवा की दिशा बदल रही है. जिसके चलते मौसम शुष्क रहेगा और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी. मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण न्यूनतम तापमान में सार्थक वृद्धि की संभावना है.



अभी तक उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के चलते सुबह-सुबह व रात के वक्त ठंड बनी हुई है। शनिवार को बिलासपुर में न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस दर्जकिया गया,जो सामान्य से तीन डिग्री कम है। इसी प्रकार रायपुर का न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज कियागया,जो सामान्य से एक डिग्री कम है।

राजनांदगांव में न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री नीचे रहा। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अब हवा की दिशा बदलने के कारण मौसम का मिजाज बदलेगा और न्यूनतम तापमान बढ़ने से ठंड थोड़ी कम होगी।

इसके बाद नवंबर दूसरे सप्ताह से ठंड में फिर से थोड़ी बढ़ोतरी होगी। ठंड की दस्तक को देखते हुए इन दिनों शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गर्म कपड़ों के स्टाल लगाना शुरू हो गया है।

### मस्तूरी में कांग्रेस को बड़ा झटका

# कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष व्यास नारायण भाजपा में शामिल

## डॉ. बांधी ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

**बिलासपुर** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के ठीक पहले सत्ताधारी कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष व्यास नारायण मनहर ने अपने दर्जन भर साथियों के साथ भाजपा प्रवेश कर लिया है। मस्तूरी भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है जिसे कांग्रेसियों ने भी भांप लिया है। वही कारण है कि कांग्रेसी नीतियों से खफा होकर लगातार उनके पार्टी के पदाधिकारी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष व्यास नारायण मनहर ने सुनील मनहर, दुलार कुमार मेहर , मनोज कुमार मेहर, सीटू राम, अजय, लखमीचंद , मनराखन, वीरू कुमार , लोकेश , विश्वनाथ मेहर आदि के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की । व्यास नारायण मनहर ने इस दौरान कहा कि कांग्रेस की नीतियां देश और समाज विरोधी एवं विघटनकारी है। कांग्रेस ने किसानों, महिलाओं और युवाओं के साथ छल किया है ।वादा खिलाफी के कारण चुनाव प्रचार के दौरान लोगों का सामना करना कार्यकर्ताओ के लिए मुश्किल हो रहा है , तो वही कांग्रेस की देश विरोधी नीतियों के चलते ही नाराज होकर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता 5 वर्ष में ही कांग्रेस सरकार से उब चुकी है और इस बार छत्तीसगढ़ में पुन: भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है । भारतीय जनता पार्टी की नीतियो से ही प्रभावित होकर उन्होंने और उनके साथियों ने भाजपा की सदस्यता ली है ।

उन्होंने कहा की उनके और उनके साथियों के भाजपा प्रवेश से मस्तूरी विधानसभा के मल्हार मंडल, खासकर बिनौरी डीह के आसपास कांग्रेस को गहरा झटका लगेगा । आमतौर पर माना जाता है कि मल्हार मंडल में भारतीय जनता पार्टी अपेक्षाकृत कुछ कमजोर है लेकिन यहां अब व्यास नारायण मनहर और उनके समाज के कांग्रेस नेताओं के भाजपा प्रवेश से यहां भी भाजपा की स्थिति मजबूत हो रही है । खासकर अनुसूचित जाति वर्ग के वोट का जो ध्रुवीकरण यहां बन रहा था उसमें बड़ा फर्क पड़ेगा और दावा किया जा रहा है कि भाजपा यहां से भी इस बार लीड बनाएगी ।इधर व्यास नारायण मनहर और उनके साथियों के भाजपा प्रवेश पर भाजपा प्रत्याशी कृष्णमूर्ति बांधी ने हर्ष जताते हुए उनका स्वागत किया।

शनिवार को व्यास नारायण मनहर और उनके करीब दर्शन पर साथियों को भाजपा पटकू पहना कर उन्हें भाजपा की सदस्यता प्रदान की गई। इधर एक साथ पार्टी के दर्जन भट्ट कार्यकर्ताओ के भाजपा प्रदेश से कांग्रेस में हलचल मच गई है।

# कलेक्टर के निर्देश पर सभी एसडीएम ने किया एक साथ सामुदायिक अस्पतालों का निरीक्षण





## ड्यूटी से नदारद डॉक्टरों एवं स्टॉफ को नोटिस

## नजदीक से देखी अस्पताल की व्यवस्था, सुधार के निर्देश

**बिलासपुर** 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर सभी एसडीएम आज अपने इलाके की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था देखी और मरीजों एवं ग्रामीणों के हित में इनमें और सुधार किये जाने के निर्देश दिए। मरीजों के साथ संवेदनशील एवं मानवीयता पूर्ण बर्ताव करने के निर्देश भी अस्पताल प्रबंधन को दिए।

एसडीएम बिल्हा हरिओम द्विवेदी ने बिल्हा सामुदायिक केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य रूप से अस्पताल में लगे मेडिकल उपकरणों के उपयोग, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। श्री द्विवेदी ने अस्पतालों में डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की ड्यूटी चार्ट का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने भोजन मेनू का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा है। उन्होंने चेकलिस्ट के अनुरूप अस्पताल की जांच कर रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपी है। कोटा एसडीएम अमित सिन्हा ने रतनपुर एवं कोटा के सामुदायिक अस्पताल के निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। ओपीडी पर्ची के ऑनलाईन काटने को कहा है। उन्होंने कुछ मरीजों से चर्चा कर उपलब्ध कराई जा रही इलाज के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पैथोलॉजी लैब एवं एक्स रे रजिस्टर संधारण का भी अवलोकन किया। तखतपुर एसडीएम श्री सूरज साहू ने तखतपुर सामुदायिक अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी से नदारद पाये गये कुछ डॉक्टर एवं कर्मचारियों को शो कॉज नोटिस जारी करने को कहा है। मरीजों से चर्चा करने पर इलाज संतोषप्रद होना बताया। मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की व्यवस्था मापदण्डों के अनुरूप पाई गई। मस्तुरी एसडीएम बजरंग वर्मा ने मस्तुरी सामुदायिक अस्पताल के सभी वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने भी मरीजों के हित में जरूरी सुधार करने के निर्देश दिए।

# शराब बेचते दो युवक पकड़ाए

## तोरवा पुलिस की कार्यवाही कार्यवाही

**बिलासपुर,**29 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भा.पु. से.) के द्वारा जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने एवं जिला को नशामुक्त करने हेतु निजात अभियान के तहत् कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल एवं सी.एस.पी. (कोतवाली) श्रीमति पूजा कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब बिक्री करने वालों की धरपकड़ अभियान चलाया गया । इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि दो व्यक्ति तोरवा पुल के नीचे अवैध शराब लेकर बिक्री करने के लिए स्कूटी एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 बी एल 5194 में प्लास्टिक की बोरी भरकर टाउन की ओर ले जा रहे है कि सूचना पर सूचनास्थल पहुंचकर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम भूपेंद्र चौहान पिता अजय चौहान उम्र 20 साल साकिन परियापारा पर लाल खदान थाना तोरवा बिलासपुर 2.नवीन वस्त्रकार पिता संतोष वस्त्रकार उम्र 20 साल साकिन लाल खदान थाना तोरवा बिलासपुर बताया जिसके कब्जे से अवैध देशी




शराब कुल 16.280 लीटर तथा घटना में प्रयुक्त वाहन स्कूटी एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 बी एल 5194 जप्त किया गया है आरोपियो के विरूद्ध आबकारी एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही कर गिरफतार किया गया है ।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक विदेशी राम साहू ,प्रधान आरक्षक किशन लाल नवरंग प्रधान आरक्षक साहेब अली, आर. अशोक चंद्राकर लक्ष्मी कश्यप , मुपेंद्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# निर्दलीय व क्षेत्रीय पार्टियां बिगाड़ सकती है भाजपा-कांग्रेस का गणित

**बिलासपुर,** 29 अक्टूबर (देशबन्धु) । जिले में दूसरे चरण के तहत 17 नवम्बर को मतदान होगा। जिसके तहत प्रक्रियाएं जारी है। 21 अकटूबर से नामांकन ब्रिकी व जमा प्रारंभ हो गया है। 30 अक्टूबर तक नामांकन जमा होगा। फिर 2 नवम्बर को नाम वापसी होगी। इसके बाद स्थिति स्पष्ट हो पायेगी। कि चुनाव मैदान में किन-किन और कितने प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। इस बार अब तक कि स्थिति से ऐसा प्रतीत होने लगा है कि मुख्य राष्ट्रीय पार्टियां भाजपा-कांग्रेस का कुछ क्षेत्रिय पार्टियां व निर्दलीय खेल बिगाड़ सकते है। वोट विभाजन का असर चुनाव परिणाम पर नजर आ सकता है।



अब तक कई लोगों ने नामांकन फार्म लिया है। और इनमें से कई लोगों ने नामांकन पत्र जमा किया है। 30 अक्टूबर तक नामांकन पत्र जमा किया जा सकता है। अत: कल अंतिम दिन है। जिस प्रकार रोजाना नामांकन पत्र खरीदने और जमा करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

उससे स्पष्ट है कि इस बार भी चुनाव मैदान में कई प्रत्याशी अपना भाग्य आजमायेंगे राजनीतिक हल्कों में इन दिनों चर्चा है कि भाजपा-कांग्रेस अपनी अपनी जीत के सपने संजोय हुए है लेकिन कई क्षेत्रीय पार्टियां मैदान में उतर कर इनके आकंलन को बिगाड़ सकती है।

मिल रही जानकारी के अनुसार आम आदमी पार्टी,समाजवादी पार्टी, जनता कांग्रेस जोगी, गोडवाना गणतंत्र पार्टी सहित कुछ अन्य पार्टियां भी मैदान में उतर सकती है। इनके अतिरिक्त भाजपा कांग्रेस के टिकिट वितरण से असंतुष्ट कुछ नेताओं द्वारा बगावती तेवर अपनाया जा सकता है।

सोशल मीडिया व चौक चौराहो पर समर्थक नाराजगी जाहिर करते रहते है। साथ कुछ असंतुष्ट नेताओं द्वारा नामांकन फार्म खरीद भी लिया गया है। नामांकन जमा भी किया जा रहा है। और यदि नाम वापसी नहीं लेते तो भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशियों को अपनो से भी सीधी चुनौती मिलेगी। ऐसे में इस चुनाव में जीत दर्ज करने वोटो के विभाजन को समझने विशेष रणनीति बनाने की आवश्यकता हो सकती है।

गौरतलब हो कि जिले में क्षेत्रीय निर्दलीय पार्टी के उम्मीदवार भाजपा व कांग्रेस के गणित को बिगाड़ सकते हैं ।जिले में भाजपा कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर हो रही है वही छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी और आम आदमी पार्टी बहुजन समाज पार्टी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी सहित निर्दलीय प्रत्याशी कांग्रेस भाजपा के वोटो का समीकरण बिगाड़ेंगे जिससे सभी विधानसभा में कांटे की टक्कर हो रही है अभी यह कह पाना मुश्किल होगा कि बिलासपुर संभाग के सभी विधानसभा में भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला होगा क्योंकि कुछ विधानसभा में भाजपा कांग्रेस के अलावा छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जोगी और आम आदमी पार्टी बहुजन समाज पार्टी सहित अन्य छोटी पटियां कांग्रेस और भाजपा का वोट काटेगी जिससे बीजेपी और कांग्रेस के वोटो का नुकसान होगा। और संभाग के मस्तूरी बिल्हा बेल्थरा तखतपुर लोरमी मुंगेली पेंड्रा कोटा में त्रिकोणी मुकाबला होते नजर आ रहा है।




## 24 प्रेसर हॉर्न व 11 मोडिफाइड साइलेंसर पर की गई कार्रवाई

**बिलासपुर,** 29 अक्टूबर(देशबन्धु)। ध्वनि प्रदूषण एवं यातायात नियम की उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई के आदेश बिलासपुर पुलिस अधीक्षक द्वारा उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री साहू को प्राप्त हुई, जिसके अंतर्गत निरंतर शहर के मुख्य चौराहा में अभियान चला कर बड़े एवं छोटे वाहनों में प्रेशर हॉर्न एवं मोटरसाइकिल में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर चलने वाले वाहन चालकों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है जिसके अंतर्गत आज प्रेसर हॉर्न पर 24 एवं मोडिफाइड साइलेंसर पर 11 कार्यवाही की गई।

**NECC**

| 30.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 530 | 90 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 105 | 195 |
| डिलीवरी | 545 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188